11 फरवरी, 2025
माघ, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 114

पीएम के नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में विश्व में मजबूत हुआ भारत : संजय सेठ



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रयास लाया रंग

# झारखंड को ₹28 हजार करोड़ से अधिक के निवेश का प्रस्ताव

- उद्योगों को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई पावर कमेटी की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य में निवेश को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रयास रंग पकड़ने लगा है। पिछले सप्ताह कोलकाता में संपन्न इंवेस्टर मीट में मुख्यमंत्री और उद्योगपतियों के साथ बैठक के बाद झारखंड को 28 हजार 306 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। निवेशक झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्पादन इकाई लगाने के लिए इच्छुक हैं। इनमें से कुछ के प्रस्ताव स्वीकृत भी किये जा चुके हैं। इन प्रस्तावों से राज्य में परोक्ष और अपरोक्ष रूप से 17 हजार 823 लोगों को रोजगार मिलेगा। निवेश के प्रस्ताव को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सोमवार को उद्योग निदेशालय के साथ हाइ पावर कमेटी की बैठक की। उन्होंने उद्योग निदेशालय को राज्य में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को बेहतर माहौल देने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव ने कहा है कि सिंगल विंडो सिस्टम को ज्यादा कारगर और पारदर्शी बना कर हम झारखंड में जहां नये उद्योगों को आकर्षित कर सकते हैं, वहीं पहले से चल रहे उद्योगों को नयी उर्जा दे सकते हैं। उद्योग निदेशालय को अपनी क्षमता में वृद्धि करने और कमियों को दूर करने पर बल देते हुए उन्होंने राज्य के संसाधन आधारित उद्योगों पर फोकस करने का निर्देश दिया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि देश का 60 प्रतिशत तसर का उत्पादन करने वाला झारखंड आज भी ज्यादातर ककून बेच रहा है, जबकि राज्य में ही ककून का वैल्यू एडिशन कर तैयार माल का वितरण और विपणन किया जा सकता है।



### इन कंपनियों ने झारखंड में निवेश करने का दिया प्रस्ताव

झारखंड में सबसे अधिक 8485 करोड़ रुपये का स्टील और पावर प्लांट सरायकेला के नीमडीह में लगाने का प्रस्ताव एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड की ओर से मिला है। वहीं वोलटॉक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड ने चाकुलिया में रेलगाड़ी का चक्का और वंदे भारत के डिब्बे बनाने के लिए 3967.84 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव झारखंड सरकार को समर्पित किया है। उसी तरह लक्ष्मी मेटालिक्स लिमिटेड ने स्टील और पावर प्लांट के लिए 3800 करोड़, सुप्रीम मेटल्स एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने स्टील उत्पादन के लिए 2976 करोड़, द इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने 1270 करोड़, जय सस्पेंशन लिमिटेड ने 250 करोड़, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ने 500 करोड़, गजानन फेरो प्राइवेट लिमिटेड ने 1050 करोड़, रामकृष्णा फोर्जिंग लिमिटेड ने 173.44 और 139.58 करोड़, एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड ने चतरा में 1600 करोड़ और हजारीबाग में 2800 करोड़, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 1070 करोड़ और स्कीकॉर्प मार्केटिंग वेंचर प्राइवेट लिमिटेड ने जूते बनाने वाले कपड़े के उत्पादन के लिए 225 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया है।

# 'परीक्षा पे चर्चा 2025' में खूंटी के सूरज हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी/नयी दिल्ली।** झारखंड के खूंटी जिले के सूरज मुंडा को 'परीक्षा पे चर्चा 2025' में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसमें छात्रों से परीक्षा संबंधी तनाव प्रबंधन पर चर्चा की जाती है। सूरज तमाड़ के सालगाडीह स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के छात्र हैं, जो कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित होता है। वह अड़की प्रखंड के खेसारीबेरा गांव का रहने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को फ्रांस रवाना होने से पहले कार्यक्रम में शामिल हुए।



### राज्य के लिए गर्व की बात: चमरा लिंडा

राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने इसे झारखंड सरकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नीति और अनुसूचित वर्गों के उत्थान के लिए किये जा रहे प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि सूरज मुंडा की यह उपलब्धि पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है।

### विद्यार्थियों को पीएम मोदी ने दिये टिप्स

नयी दिल्ली। फ्रांस और अमेरिका यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा पे चर्चा के आठवें एडिशन कार्यक्रम में शामिल हुए। मोदी ने 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों से बोर्ड परीक्षा को लेकर बातचीत की। मोदी ने कहा कि सबसे पास दिन में 24 घंटे ही होते हैं। कोई इतने ही समय में सब कुछ कर लेता है, तो कोई यही कहता रहता है कि समय नहीं है। ऐसे में टाइम मैनेजमेंट सीखना जरूरी है। उन्होंने बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को 10 सीख दिये।

## मोदी फ्रांस और अमेरिका दौरे पर रवाना कहा, ट्रंप से मिलने के लिए उत्साहित हूं



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर रवाना हो गये। प्रधानमंत्री का यह दौरा 14 फरवरी तक है। वे दो दिन फ्रांस के दौरे पर रहेंगे। इसके बाद 12 और 13 फरवरी को अमेरिका दौरे पर रहेंगे। इस यात्रा को लेकर प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर मैं 10 से 12 फरवरी तक फ्रांस की यात्रा पर रहूंगा। मैं पेरिस में एआइ समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हूं। फ्रांस से मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाऊंगा। मैं राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक हूं।

### स्टील और एल्यूमीनियम के आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगायेंगे ट्रंप

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि देश में स्टील और एल्यूमीनियम के सभी आयातों पर नये टैरिफ लगाये जायेंगे। टंप ने 25 फीसदी टैरिफ लगाने की बात कही है। ट्रंप के नये टैरिफ सभी देशों पर लागू होंगे। इसके अलावा वे मंगलवार या बुधवार को रेसिप्रोकल टैक्स की घोषणा भी करेंगे। यानी अन्य देश अमेरिकी उत्पाद पर जितना टैरिफ लगाते हैं, अमेरिका भी उनके उत्पादों पर उतना ही टैरिफ लगायेगा।

## न्यूज रील्स

### शिबू सोरेन की तबीयत बिगड़ी, मुख्यमंत्री एयर एंबुलेंस से दिल्ली ले गये

रांची (आजाद सिपाही)। दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तबियत एक बार फिर बिगड़ गयी है। उन्हें सोमवार को एयर एंबुलेंस से दिल्ली ले जाया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनके साथ गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिबू सोरेन को सोमवार को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद रांची के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली भेजा गया। डॉक्टर लगातार दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य पर नजर रखे हुए हैं। बतातें चलें कि शिबू सोरेन का स्वास्थ्य पहले भी एक बार चिंता का विषय बन चुका है। दो साल पहले 2023 में अचानक उनकी तबियत बिगड़ गयी थी। जिसके बाद उन्हें दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जानकारी के मुताबिक नयी दिल्ली में उनका चेकअप शुरू हो गया है। खबर लिखे जाने तक अधिकारिक रूप से उनके स्वास्थ्य के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गयी थी।

### पटियाला में कूड़े के ढेर से रॉकेट मिले

पटियाला (आजाद सिपाही)। पंजाब के पटियाला में एक स्कूल के पास से आठ रॉकेट बरामद हुए हैं। सबसे पहले इन पर ट्रैफिक पुलिस की नजर पड़ी। पुलिस ने बम स्क्वॉड बुलाकर इन्हें कब्जे में ले लिया। मौके पर पहुंचे एसएसपी नानक सिंह ने बताया कि इन रॉकेट के सेल्स में विस्फोटक नहीं है। यह कहां से आये, इसकी जांच की जा रही है। एसएसपी ने कहा कि सेना को भी इसकी जानकारी दी गयी है। सेना की टीम भी जांच के लिए आ रही है, जो यह पता करेगी यह रॉकेट के शेल कितने पुराने हैं।

# अपराध से निपटने को अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल जरूरी : गवर्नर

- 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि वर्तमान समय में साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी, मानव तस्करी और संगठित अपराध जैसी चुनौतियां बढ़ रही हैं। इनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पुलिस बल को अत्याधुनिक तकनीकों और विशिष्ट कौशल से सुसज्जित होना आवश्यक है। राज्यपाल सोमवार को रांची के खेलगांव स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 के उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे। यह 15 फरवरी तक चलेगा। इसमें देश के कई राज्यों की पुलिस और पैरामिलिट्री की 29 टीम (कुल 1228 पुलिस प्रतिभागी) हिस्सा ले रही हैं। पुलिस की डॉग स्क्वायड की भी 21 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन पांच दिनों में विभिन्न तरह की प्रतिस्पर्धाएं होंगी। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आयोजन न केबल पुलिस बल की कार्यकुशलता को प्रदर्शित करता है, बल्कि आपसी सहयोग, नवीन तकनीकों के आदान-प्रदान और पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि कि कुछ समय पूर्व में लागू किये गये नये आपराधिक कानून हमारी न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इन कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक सरल, सुलभ और पीड़ित केंद्रित बनाना है, जिससे अपराधियों को त्वरित सजा मिल सके और पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिले।

**पुलिस बल मजबूत आधार स्तंभ :** राज्यपाल ने कहा कि पुलिस बल किसी भी राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था का मजबूत आधार स्तंभ हैं। वे प्रतिकूल परिस्थितियों में भी जनहित एवं राज्यहित में समर्पित भाव से कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। समाज और राज्य की सुरक्षा हेतु अनेक पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। उनका यह बलिदान, त्याग एवं सेवा की भावना सबको प्रेरित करता रहेगा।



### 'स्मार्ट पुलिसिंग' की परिकल्पना की गयी है

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 'स्मार्ट पुलिसिंग' की परिकल्पना की गयी है, जिसमें पुलिस बल को अधिक संवेदनशील, आधुनिक, सतर्क, जवाबदेह और तकनीक-प्रेरित बनाने का आह्वान किया गया है। पुलिस सेवा केवल कानून व्यवस्था के संधारण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में शांति, महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण, ट्रैफिक प्रबंधन और आपदा प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी इसका योगदान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाकुंभ में डुबकी लगायी

- लेटे हनुमान मंदिर में दर्शन किये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**प्रयागराज।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने संगम में तीन डुबकी लगायी। भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। स्नान से पहले मां गंगा को पुष्प अर्पित किये। मंत्रोच्चार के बीच गंगा पूजन और आरती की। इसके बाद राष्ट्रपति लेटे हनुमान मंदिर पहुंचीं और आरती की, फिर अक्षयवट धाम पहुंचीं और दर्शन-पूजन किया। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हेलिकॉप्टर सोमवार सुबह 9.30 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर उतरा। यहां राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने उनका स्वागत किया। वहां से वह अरैल घाट पहुंचीं, फिर नाव से संगम पहुंचीं और स्नान किया। बता दें कि द्रौपदी मुर्मू देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने महाकुंभ में स्नान किया। इससे पहले, 1954 में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने भी कुंभ में स्नान किया था।



**अब तक 43 करोड़ लोगों ने किया स्नान :** महाकुंभ का सोमवार को 29वां दिन था। 13 जनवरी से अब तक 43.57 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। सोमवार को एक करोड़ लोगों ने स्नान किया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी परिवार के साथ संगम में डुबकी लगायी। भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। प्रयागराज शहर में जबरदस्त भीड़ रही। इसे देखते हुए अरैल घाट से संगम तक नाव बंद की गयी थी। इसके अलावा, संगम स्टेशन को 14 फरवरी तक बंद कर दिया गया है।

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

परिवार कल्याण दिवस
प्रत्येक माह की 11 तारीख को
आयुष्मान आरोग्य मंदिर/शहरी स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन की सेवाएं
अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस पर

परिवार कल्याण के लक्षित समूह–
- नव विवाहित दम्पत्ति
- एक बच्चे वाले योग्य दम्पत्ति
- जटिल गर्भावस्था वाली महिलाएं
- दो या दो से अधिक बच्चों वाले योग्य दम्पत्ति
- युवक–युवती

गतिविधियाँ
- परिवार नियोजन पर परामर्श
- अस्थाई विधियों का वितरण एवं अन्य परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता
- धात्री माता एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य संबंधी सलाह
- पोस्टर पेटिंग एवं स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता
- आदर्श दम्पत्ति का सम्मान

जोड़ी जिम्मेदार जो प्लान करे परिवार

"विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पति की शान !"

परिवार नियोजन की विधियाँ
स्थायी विधियाँ: पुरुष नसबंदी, महिला बंध्याकरण
अस्थायी विधियाँ: इंजेक्शन एम.पी.ए, आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली, गर्भ निरोधक गोलियाँ, कॉपर 375 380 A, कंडोम

फिक्स डे एप्रोच के तहत प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार या शुक्रवार को परिवार नियोजन की स्थायी विधियां उपलब्ध हैं।

अधिक जानकारी के लिए जिला अस्पताल अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/ए.एन.एम./सी.एच.ओ./सहिया से सम्पर्क करें।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
104
108

P.R. 345997(Health Med Edu and Family Welfare)24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel · आजाद सिपाही · Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 80,200 रु./10 ग्राम
चांदी 100,000 रु./प्रति किलो



# एक और चुनावी हार के बाद क्या करेगी कांग्रेस

## ▪ दिल्ली में एक बार फिर शून्य पर बोल्ड हो गये राहुल गांधी

## ▪ पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव की बढ़त को वापस छीना

## ▪ देश की सबसे पुरानी पार्टी के लिए यह आत्ममंथन का समय

**आजाद सिपाही विशेष**

**राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। इससे पहले झारखंड को छोड़ दें, तो हरियाणा, महाराष्ट्र और जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। पिछले साल हुए लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने जरूर अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन किया था और 52 से बढ़ कर 99 सीटों पर पहुंची थी। तब ऐसा लगा था कि कांग्रेस के पुराने दिन लौट रहे हैं, लेकिन आम चुनावों के बाद हुए विधानसभा चुनावों में पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने जोरदार वापसी की है। लोकसभा चुनाव के बाद पिछले आठ महीने में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए। यहां कुल सीटों की संख्या 624 है। इनमें कांग्रेस ने 328 सीटों पर चुनाव लड़ा और सिर्फ 75 सीटें जीतीं, यानी उसका स्ट्राइक रेट महज 23 प्रतिशत रहा। दिल्ली में तो कांग्रेस पूरी तरह से खत्म ही हो चुकी है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी और कांग्रेस को मिली सफलता नरेंद्र मोदी ने वापस कैसे छीन ली और क्या आने वाले बिहार और बंगाल चुनाव में कांग्रेस इन पराजयों से कुछ सीख सकती है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने समझ लिया था कि वह भाजपा को अपने दम पर नहीं हरा सकती। इसलिए इंडी ब्लॉक बनाया गया। तमाम उठापटक के बावजूद जनता के बीच एकजुटता का संदेश दिया। इससे सारे भाजपा विरोधी वोट एकजुट हो गये। लेकिन पहले हरियाणा और फिर दिल्ली में इंडी ब्लॉक का टूटना ही कांग्रेस की हार का सबसे बड़ा कारण बन गया। दिल्ली में लगातार तीसरी बार हार के बाद अब कांग्रेस के लिए क्या रास्ता हो सकता है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

दिल्ली विधानसभा चुनाव में 27 साल बाद भाजपा की शानदार जीत और आम आदमी पार्टी (आप) की हार का असर पूरे देश की राजनीति पर पड़ने वाला है। हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों, जिसने लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिले तगड़े झटके के बाद उसे एक नयी गति प्रदान की थी, की तुलना में यह चुनाव ज्यादा महत्वपूर्ण है। दिल्ली का चुनाव देश की राजनीति के लिए और भाजपा और आप के लिए तो अहम है ही, यह कांग्रेस के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है।

### कांग्रेस के भविष्य पर सवाल

आज लोग भाजपा की शानदार जीत और आम आदमी पार्टी की हार की ही बातें नहीं कर रहे हैं, बल्कि दिल्ली के सियासी गलियारों में ज्यादा चर्चा कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर हो रही है। लोग पूछ रहे हैं कि कांग्रेस ने इतना खराब प्रदर्शन क्यों किया। लोकसभा चुनाव के विपरीत विधानसभा चुनाव में आप से अलग होकर लड़ने का कांग्रेस का फैसला कितना सही था? इस निर्णय के पीछे मकसद यह था कि यदि आप खत्म हो जाये, तो फिर दिल्ली में उसे पनपने के लिए खुली जगह मिल जायेगी। लेकिन क्या राजनीति ऐसे काम करती है? आज अगर कांग्रेस कम से कम चार-पांच सीटें जीत जाती और अपने वोट शेयर में 10-15 प्रतिशत का इजाफा करती, तो इस तरह का दावा वह कर सकती थी। लेकिन कांग्रेस का वोट शेयर दो प्रतिशत भी नहीं बढ़ा है और वह लगातार तीसरी बार एक भी सीट नहीं जीत पायी है।

कांग्रेस में कई लोग ऐसे हैं, जो मानते हैं कि आप के साथ चुनाव नहीं लड़ने का फैसला सही था। हम देखते हैं कि 13 सीटें ऐसी हैं, जहां कांग्रेस प्रत्याशी को जितना वोट मिला, उससे कम मतों के अंतर से आम आदमी के प्रत्याशियों की हार हुई है। अरविंद केजरीवाल समेत आप के बड़े-बड़े नेता विधानसभा चुनाव हार गये हैं और इसके पीछे कांग्रेस का अलग होकर चुनाव लड़ना प्रमुख वजह है। अगर दोनों मिल कर इकट्ठे लड़ते, तो खासकर उन सीटों पर इसका खासा असर पड़ता, जहां मुसलमान या दलित बहुल आबादी है। इन दोनों समुदायों का आप और कांग्रेस की तरफ झुकाव था, जो दोनों के अलग-अलग लड़ने के कारण बंट गया। ठीक है कि लोकसभा चुनाव में मिलकर लड़ने के बावजूद आप और कांग्रेस कुछ हासिल नहीं कर पायी, लेकिन विधानसभा चुनाव का गणित लोकसभा से अलग रहता है। जब 2015 में नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता चरम पर थी, तब भी आम आदमी पार्टी ने 70 में 67 सीटों पर जीत दर्ज की थी। फिर 2020 में 62 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि लोकसभा चुनावों में लगातार भाजपा दिल्ली की सातों सीटों पर जीत रही थी।



### कांग्रेस को आत्म विश्लेषण की जरूरत

अब कांग्रेस को आत्म विश्लेषण करना होगा कि क्या इस समय अकेले चुनाव लड़ना उसके भविष्य के लिए फायदेमंद है? कांग्रेस के भीतर इसको लेकर भारी कश्मकश की स्थिति है। क्या दिल्ली में उसका दुश्मन नंबर एक भाजपा थी या आप? इन चीजों को लेकर स्पष्टता नहीं है। भ्रम की स्थिति है। इस वजह से सब गड़बड़ हो रहा है।

### इंडी गठबंधन की रणनीति समझ से परे

अब दूसरी बात इंडी गठबंधन को लेकर है, क्योंकि दिल्ली के नतीजे का असर उस पर भी पड़ेगा, क्योंकि किसी भी विपक्षी पार्टी के कमजोर होने का मतलब है भाजपा का और मजबूत होना। यह सभी विपक्षी दलों को प्रभावित करेगा। इंडी गठबंधन में इससे दरार आयी है। उमर अब्दुला ने तो खुलेआम तंज कसते हुए कहा कि 'और लड़ो आपस में, देखो क्या होता है।' तो क्या इंडी गठबंधन की यह रणनीति है कि लोकसभा में हम मिल कर भाजपा से लड़ेंगे और विधानसभा चुनाव में आपस में लड़ेंगे? तो जब राज्यों में अलग-अलग ही लड़ना है, तो फिर इंडी गठबंधन की जरूरत क्या है? जहां तक संसद में मुद्दे उठाने की बात है, तो वह तो विपक्षी दल पहले भी मिलकर उठा ही रहे थे। इंडी गठबंधन की भूमिका क्या है, प्रासंगिकता क्या है, इस पर कोई स्पष्टता नहीं है अगर कांग्रेस को लगता है कि उसे इंडी गठबंधन की जरूरत नहीं है और उसे अकेले चुनाव लड़ना चाहिए, तो उस तरह की तैयारी करनी चाहिए, चाहे इसमें पांच साल लगे या दस साल। उसे जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करना चाहिए और 2029 के बारे में नहीं सोचना चाहिए। अगर उसे 2029 के बारे में सोचना है, तो गठबंधन को प्रमुखता देनी होगी। विश्वनाथ प्रताप सिंह जब 1989 में राष्ट्रीय मोर्चा के संयोजक बने, तो उन्होंने सभी गैर-कांग्रेस पार्टियों को इकट्ठा किया था। जब प्रचार के दौरान भाजपा और विश्वनाथ प्रताप सिंह के बीच मतभेद उभरे थे, तो उन्होंने भाजपा के बड़े नेता गोविंदाचार्य को कहा था कि हमें इस बात को लेकर स्पष्ट होना पड़ेगा कि पहले इकट्ठा होकर कांग्रेस को मात देनी है। जब कांग्रेस से निपट लेंगे, तब आपसी मतभेद से हम निपटेंगे। उसमें जो बेहतर होगा, वह जीतेगा। वही रणनीति आज विपक्षी दलों को अपनानी होगी भाजपा से लड़ने के लिए।

### पार्टी संगठन पर ध्यान जरूरी

तीसरी बात, कांग्रेस के जो प्रत्याशी हारे हैं, वे भी और बाकी लोग भी यही बात कर रहे हैं कि बूथ लेवल तक पार्टी का संगठन ही नहीं है। कार्यकर्ता हैं नहीं, तो कौन मतदाताओं को वोट देने के लिए बूथ तक लायेगा? जो मजबूत प्रत्याशी थे, वे भी कार्यकर्ताओं के अभाव में प्रचार नहीं कर पाये और चुनाव हार गये। 60 सीटों पर जमानत जब्त होना और किसी भी सीट पर दूसरे नंबर पर नहीं आना, फिर भी आप को हराकर दिल्ली में अपनी पैठ बनाने के सपने देखना ख्याली पुलाव पकाना ही है। जाहिर है, संगठन को निचले स्तर तक खड़ा करना कांग्रेस के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। और यह चुनाव से ठीक पहले नहीं हो सकता। उसके लिए बहुत पहले से तैयारी करनी होती है। बिहार का चुनाव नवंबर से पहले होना है, तो अभी से कांग्रेस को वहां अपनी तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। वहां तो कांग्रेस का संगठन ध्वस्त हो चुका है। इसके अलावा, अगर गठबंधन सहयोगी मजबूत है, तो उसे जीतने योग्य सीट देनी चाहिए।

### भाजपा और कांग्रेस में अंतर

भाजपा की जीत का कारण है कि उसकी चुनावी मशीनरी मजबूत है और जमीनी स्तर पर संघ के हजारों-लाखों कार्यकर्ता उसके लिए काम करते हैं। यदि कांग्रेस को भाजपा को मात देनी है, तो अपने रवैये में बदलाव करना होगा। उसे जमीनी स्तर पर संगठन को खड़ा करना होगा, सहयोगी दलों को प्रमुखता देनी होगी, निचले स्तर के कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी करनी होगी, अन्यथा उसके लिए मुश्किलें ही हैं। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के अनुभवों पर विचार-विमर्श करना होगा, अन्यथा यही कहानी चलती रहेगी।

---

## बेंगलुरु में एशिया के सबसे बड़े एयरो इंडिया शो का शुभारंभ

# पीएम के नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में विश्व में मजबूत हुआ भारत : संजय सेठ

**सवा लाख करोड़ के रिकॉर्ड पर पहुंचा घरेलू रक्षा उत्पाद**

**एयरो इंडिया शो में 90 देश के साथ 900 से ज्यादा प्रदर्शक हो रहे शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/बेंगलुरु।** सोमवार को बेंगलुरु में एयरो इंडिया शो का भव्य उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। एशिया के सबसे बड़े इस एयर शो में दुनिया भर के 90 देश शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही रक्षा क्षेत्र से जुड़े दुनिया के 900 से ज्यादा प्रदर्शक इसमें अपनी भागीदारी निभायेंगे। इस शो में भारतीय सेना के द्वारा भी कई प्रदर्शनी की जायेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सीडीएस अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह, नौसेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी, सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी सहित कई देशों के प्रतिनिधि, रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और सैन्य क्षेत्र से जुड़ी गणमान्य



हस्तियां मौजूद रहीं। इस आयोजन को लेकर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह मेरे लिए भी गौरव की बात है कि रक्षा क्षेत्र से जुड़े इतने बड़े आयोजन में शामिल हो रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत ने रक्षा क्षेत्र को आगे बढ़ाने और मजबूती प्रदान करने का जो संकल्प किया है, उसका सकारात्मक और शानदार परिणाम अब दुनिया भर में दिख रहा है। संजय सेठ ने कहा कि रक्षा मंत्रालय के द्वारा वर्ष 2025 को इयर्स ऑफ रिफॉर्म घोषित किया गया है। यह सिर्फ घोषणा नहीं है, बल्कि यह रिफॉर्म के प्रति रक्षा मंत्रालय की प्रतिज्ञा और कर्मशीलता को भी दिखाता है। इसके लिए सिर्फ मंत्रालय के स्तर पर ही निर्णय नहीं लिये जा रहे हैं, बल्कि इसमें सैन्यबलों और रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों सहित अन्य समूहों की समुचित भागीदारी है। इसे तेजी से आगे बढ़ाने के लिए रक्षा क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। सबके सुझाव लिये जा रहे हैं। श्री सेठ ने कहा कि रक्षा क्षेत्र को आगे बढ़ाने और मजबूती प्रदान करने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है कि भारत अब रक्षा क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ने वाला देश बन चुका है। घरेलू रक्षा उत्पादन में सवा लाख करोड़ से भी ज्यादा के रिकॉर्ड स्तर पर भारत पहुंच चुका है। भारत का रक्षा निर्यात 21000 करोड़ के रिकॉर्ड को पार कर चुका है।

श्री सेठ ने कहा कि पिछले एयरो इंडिया से लेकर अब तक, यानि सिर्फ 2 सालों में, हमने अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। कई हाइ टेक्नोलॉजी के उत्पाद, जैसे एस्ट्रा मिसाइल, नयी पीढ़ी की आकाश मिसाइल, स्वायत्त पानी के नीचे वाहन, मानव रहित सतह पोत, पिनाका गाइडेड रॉकेट, जैसे कई उपकरण भारत में बनाये जा रहे हैं। 2 वर्षों में इतनी उपलब्धि रक्षा मंत्रालय की प्रतिबद्धता और कठिन मेहनत के साथ समर्पण का परिणाम है। आने वाले वर्षों में भारत रक्षा क्षेत्र में इससे भी कहीं अधिक तेज गति से आगे बढ़ेगा।

---

# राष्ट्रपति के रांची दौरे को लेकर कड़ी सुरक्षा

## 14-15 फरवरी को 10 आइपीएस समेत 1000 जवान तैनात रहेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 फरवरी को रांची आयेंगी। उनकी सुरक्षा के लिए प्रशासन ने तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। इस दौरान 1000 पुलिसकर्मी और 10 आइपीएस अधिकारी तैनात रहेंगे।

राष्ट्रपति 15 फरवरी को बीआइटी मेसरा के हीरक जयंती समारोह में शामिल होंगी। उनके आगमन को लेकर रांची पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये हैं। राष्ट्रपति एयरपोर्ट से सीधे राजभवन जायेंगी। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है।

**ट्रैफिक व्यवस्था में भी किया गया बदलाव**

ट्रैफिक में भी बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर 14 और 15 फरवरी को ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया जायेगा। 14 फरवरी को राष्ट्रपति एयरपोर्ट से हरमू बाइपास होकर राजभवन पहुंचेंगी। इस दौरान आधा से एक घंटा पहले ट्रैफिक रोक दिया जायेगा। राष्ट्रपति का काफिला जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा, ट्रैफिक उसी हिसाब से खोला जायेगा। ट्रैफिक रोकने के लिए कई जगह बैरिकेडिंग और



ड्रॉप गेट बनाये जायेंगे। ट्रैफिक संभालने के लिए ट्रैफिक डीएसपी, इंस्पेक्टर एवं पुलिसकर्मियों को हर रोड में तैनात किया जायेगा। उनकी सुरक्षा को लेकर डीआइजी सह एसएसपी, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, ट्रैफिक एसपी, एएसपी सीसीआर सहित 10 आइपीएस, 20 से अधिक डीएसपी और काफी संख्या में जिला बल, स्पेशल ब्रांच के इंस्पेक्टर भी लगाये जायेंगे। इसके अलावा, सुरक्षा में रांची पुलिस के अलावा अर्द्धसैनिक बल, सेना के जवान भी तैनात रहेंगे। रांची पुलिस, रैपिड एक्शन पुलिस, जैप, इको, जिला बल की लाठी पार्टी तैनात रहेगी। ऊंची इमारतों पर भी सुरक्षाकर्मी की तैनाती की गयी है। स्पेशल ब्रांच के पुलिसकर्मी सादे लिबास में विभिन्न इलाकों में तैनात रहेंगे। सेना के जवान भी अपने स्तर से जगह-जगह तैनात रहेंगे।

---

# जनादेश का अपमान कर रही राज्य सरकार : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से बड़ा निशाना साधा।

श्री मरांडी ने कहा कि वादे के अनुरूप 11 तारीख तक प्रदेश की सभी बहनों के खाते में मंईयां सम्मान योजना की राशि चली जानी चाहिए, लेकिन अब तक

**मंईयां सम्मान योजना की राशि बहनों के खाते में नहीं आयी**

सरकार पिछले जनवरी माह की राशि का भी भुगतान नहीं कर पायी है। कहा कि जेपीएससी अध्यक्ष पद की नियुक्ति को लेकर राज्य सरकार की ओर से कोई पहल नहीं हो रही, सीएम की एग्जाम कैलेंडर वाली घोषणा जुमला साबित हुई। कहा



कि बुजुर्गों और विधवा महिलाओं की पेंशन लंबित है, हजारों गरीब आदिवासी परिवार राशन से वंचित हैं। कहा कि हेमंत सोरेन सरकार द्वारा जनहित के मुद्दों को नजर अंदाज करना जनता का अपमान है। कहा कि राज्य सरकार लोगों का हक छीनना बंद करे। यदि हेमंत सरकार ने जन मुद्दों पर तुरंत पहल नहीं की, तो भाजपा इसके विरुद्ध राज्यव्यापी आंदोलन करेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 26.7°c | 10.6°c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.41 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.24 बजे | |



## नागरिक सुरक्षा की दिशा में हेमंत सरकार की पहल

# शहर में लगाया गया 50 इमरजेंसी कॉल बॉक्स

**आपात स्थिति में बटन दबाते ही मिलेगी त्वरित मदद**

**सड़क दुर्घटना, चेन स्नेचिंग, गोलीबारी, मारपीट, छेड़खानी होने पर ले सकते हैं मदद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अगर आप राजधानी रांची में रहते हैं तो आपको यह जानकर बेहद खुशी होगी कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने राजधानी वासियों की सुरक्षा को लेकर कई इंतजाम किये हैं। एक तरफ जहां कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर की मदद से पूरे शहर में स्वचालित यातायात प्रबंधन किया जा रहा है तो दूसरी ओर अपराध नियंत्रण और उसके उद्भेदन में भी कमांड सेंटर से मदद ली जा रही है।

अब अगर आप किसी आपात स्थिति का सामना कर रहे हैं जैसे कि आप सड़क से गुजर रहें और आपके साथ या आपके सामने किसी के साथ कोई दुर्घटना हो जाती है तो आप सीधे सरकार की एजेंसियों से जुड़ सकते हैं। इसके लिए रांची शहर के महत्वपूर्ण 50 चौक चौराहों पर पीले रंग का इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाया गया है। इस बॉक्स में लगे लाल बटन के दबाते ही कमांड कंट्रोल सेंटर से आवाज आयेगी, ताकि आप अपनी समस्या बता सकें। समस्या बताते ही स्मार्ट सिटी और पुलिस की टीम आपकी मदद के लिए संबंधित एजेंसी से संपर्क कर आपको राहत दिलायेगी। इसके लिए ना आपको मोबाइल फोन की जरूरत है ना ही किसी नंबर को याद रखने की जरूरत। बस आपके आसपास पीले रंग का बॉक्स होना चाहिए।






### किस-किस प्रकार की मदद दिलायी जा सकती है

सड़क दुर्घटना, चेन स्नेचिंग, गोलीबारी, मारपीट, छेड़खानी या कोई अन्य आपराधिक वारदात होती है तो तुरंत मदद के लिए इस बॉक्स का उपयोग किया जा सकता है। यह जरूरी नहीं है कि पीड़ित ही फोन करे। प्रत्यक्षदर्शी भी मदद पहुंचाने के लिए कॉल कर सूचना दे सकता है। यदि आसपास के इलाके में आग लग जाये तो भी या तो पीड़ित या आसपास के लोग फायरब्रिगेड से संपर्क साधने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### एंबुलेंस और नगरीय सेवा प्रदान करने के लिए

अगर सड़क पर कोई दुर्घटना होती है तो एंबुलेंस सेवा के लिए भी इस बॉक्स का इस्तेमाल हो सकता है। पीड़ित या वहां मौजूद कोई भी व्यक्ति इसकी सूचना कमांड सेंटर को दे सकता है। आंधी-तूफान में तार, बिजली के खंभे गिरने और सड़क पर मृत मवेशियों के पड़े होने पर भी इसकी सूचना कमांड सेंटर को दी जा सकती है।

वर्तमान में शहर के 50 केंद्रों पर ये सुविधा प्रदान की गयी है, पर फ्लाइओवर निर्माण और सड़कों की चौड़ीकरण के कारण कुछ बॉक्स अभी हटाये गये हैं। काम संपन्न होते ही बॉक्स को पुनः अधिष्ठापित किया जायेगा। फिलहाल कांके रिंग रोड, मेन रोड ओवरब्रिज, सहजानंद चौक, शनि मंदिर चौक, हरमू चौक, अरगोड़ा चौक, सेटेलाइट चौक, कांके रोड, बिरसा चौक, मेकन चौक, सुजाता चौक, कोकर चौक समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर बॉक्स लगाया गया है।

## कुंभ में स्नान कर टाटा सुमो से रांची लौट रहा था परिवार

# चरही घाटी में खड़े ट्रक में मारी टक्कर, तीन की मौत, 5 घायल

**कोयला लदी मोटरसाइकिल को बचाने के क्रम में टाटा सुमो खड़े ट्रक में जा घुसी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चरही।** हजारीबाग के चरही थाना क्षेत्र के घाटी में हुई दुर्घटना में एक ही परिवार तीन लोगों की मौत हो गयी। जबकि पांच लोग घायल हो गये हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना कोयला लदी मोटरसाइकिल को बचाने के क्रम में घटी। सभी लोग कुंभ स्नान कर रांची लौट रहे थे। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी अस्पताल भेज दिया है। जबकि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को थाना परिसर ले आयी है।



### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार टाटा सुमो संख्या जेएच01डीजे ए आर ए2976 पर सवार होकर श्रद्धालु कुंभ स्नान कर रांची लौट रहे थे। इसी बीच सोमवार की सुबह चरही घाटी में कोयला लदी मोटरसाइकिल को बचाने के लिए टाटा सुमो खड़े ट्रक से जा टकरायी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुमो के परखच्चे उड़ गये। जिसके कारण गाड़ी पर सवार अंशु देवी, संजू देवी और सोनी देवी की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि रंजू देवी, पुनीता देवी, असिता देवी, उमा देवी और ज्योति देवी घायल हो गये। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए शेखभिखारी मेडिकल अस्पताल भेज दिया गया है।

### एक ही परिवार के हैं लोग

बताया जाता है कि सभी रांची से महाकुंभ के लिए निकले थे और सभी एक ही परिवार के थे। महाकुंभ से स्नान कर लौटने के दौरान चरही घाटी के पास उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मृतक अंशु देवी गुमला की रहने वाली हैं। संजू देवी और सोनी देवी रांची आदिवासी चौक आइटीआइ की रहने वाली हैं। घायलों में रंजू देवी और उमा देवी मां-बेटी हैं। दोनों आइटीआइ चौक के पास की रहने वाली हैं। पुनीता देवी बुंडू, असिता देवी मांडर और ज्योति देवी भी रांची की रहने वाली हैं।

### घायल रंजू ने बताया कैसे हुआ हादसा

घायल रंजू देवी ने बताया कि सभी मिलकर कुंभ स्नान करने गये थे। सभी एक ही परिवार के हैं। 8 फरवरी की सुबह वाहन किराये पर लेकर प्रयागराज के लिए निकले थे। 9 फरवरी को सभी ने महाकुंभ में स्नान किया। रात में रांची के लिए निकले थे। इसी दौरान चरही घाटी के पास कोयला लदी मोटरसाइकिल को बचाने के चक्कर में वाहन अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से टकरा गया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कोई भी निर्णय सोच-समझकर लें,व्यर्थ के वाद-विवाद से दूर रहें, उलझनों से राहत मिलेगी

**वृष** नौकरी या कार्यक्षेत्र में आपको कोई नयी-नयी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जायेगी।

**मिथुन** धैर्य से आवश्यक कार्य पूरे होंगे, धन लाभ होगा, धार्मिक कार्य में रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** व्यस्तता अधिक रहेगी, बाहरी यात्रा का योग है, गृहस्थ जीवन में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**सिंह** वाद-विवाद लड़ाई-झगड़े से दूर रहें, वाहन सावधानी पूर्वक चलायें, दुर्घटना होने की आशंका।

**कन्या** मन में बेचैनी रहेगी, अपनी वाणी गुस्से को नियंत्रित रखें, प्रयास और परिश्रम से सफलता मिलेगी।

**तुला** घर में किसी नवीन वस्तु की खरीदारी सम्भव है, विवाह आदि उत्सवों की योजना बनेगी।

**वृश्चिक** व्यवसाय में परेशानी एवं बाधा का सामना करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी होगी।

**धनु** परिवार में कोई खुशी का अवसर आयेगा, रिश्तेदार और मित्रों से मेल-मिलाप होगा।

**मकर** शुभ कार्य की ओर प्रवृत्ति बढ़ेगी, नये-नये लोगों से जान-पहचान बनेगी.जो आगे चलकर लाभप्रद सिद्ध होगी।

**कुंभ** लंबे समय से चली आ रही चिंता समाप्त होगी, कोई शुभ समाचार मिलेगा।

**मीन** किसी सामाजिक समारोह में जाने का अवसर मिलेगा, बिना पढ़े किसी कागज पर हस्ताक्षर न करें।

# प्रधानमंत्री का परीक्षा पे चर्चा विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी पहल: राज्यपाल

**जिला स्कूल के बच्चों और शिक्षकों के साथ राज्यपाल ने प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री का परीक्षा पे चर्चा विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी पहल है। यह न केवल परीक्षा संबंधी तनाव कम करने का माध्यम है, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच से आगे बढ़ने की प्रेरणा भी प्रदान करता है।




राज्यपाल सोमवार को रांची के अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (जिला स्कूल) के बच्चों एवं शिक्षकों के साथ प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने के बाद बोल रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि परीक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह धैर्य, समर्पण और आत्मविश्वास की परीक्षा भी होती है। परीक्षा पे चर्चा यह सिखाता है कि तनाव से मुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ एक स्पष्ट योजना बनाकर परीक्षाओं का सामना किया जाये। राज्यपाल ने कहा कि जिला स्कूल का गौरवशाली इतिहास रहा है। पूर्व में धारणा थी कि जिला स्कूल में जिसका नामांकन होता था, वह समाज का बहुत मेधावी विद्यार्थी होते थे। हमारे विद्यार्थी एवं शिक्षक जिला स्कूल की उत्कृष्टता की दिशा में व्यापक रूप से कार्य करें। वे अन्य विद्यालयों के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि पढ़ाई को केवल परीक्षा तक सीमित न रखें, बल्कि ज्ञान को आत्मसात करें। नियमित अभ्यास करें, समय का सही प्रयोग करें एवं आत्मविश्वास बनाये रखें।

### परीक्षा को एक अवसर की तरह देखना चाहिए

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा इस बात पर बल देते हैं कि हमें परीक्षा को एक अवसर की तरह देखना चाहिए, न कि किसी दबाव की तरह। हार और जीत से अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हम अपने प्रयासों में निरंतरता बनाये रखें, परिश्रम में कमी न करें। कठिनाइयां आयेंगी, लेकिन जो विद्यार्थी हर चुनौती को सीखने का अवसर मानता है, वही जीवन में सफलता प्राप्त करता है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी से संवाद कर सभी को प्रोत्साहित किया एवं सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विकसित भारत 2047 में अपना सक्रिय योगदान देने के लिए कहा।

## मोबाइल लूटकांड में दो आरोपी गिरफ्तार



**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र में हुई मोबाइल लूट की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने जानकारी दी कि 8 फरवरी की रात करीब 9:30 बजे आरके मार्केट के पास घर लौट रहे एक युवक से बाइक सवार 2 बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया था। पीड़ित द्वारा लालपुर थाने में शिकायत दर्ज कराये जाने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की। जांच के दौरान रितिक सोनी और अशोक कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके पास से लूटा गया मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल की गयी बाइक बरामद कर ली है। सिटी एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से रितिक सोनी का आपराधिक रिकॉर्ड पहले से मौजूद है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# जैक बोर्ड : मैट्रिक और इंटर की परीक्षा आज से, तैयारी पूरी

## पलामू में कई कोचिंग संस्थानों पर छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/पलामू।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के द्वारा ली जाने वाली मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 11 फरवरी से शुरू होंगी। परीक्षा तीन मार्च तक चलेंगी। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9:45 से दोपहर 1.00 बजे तक होगी। इंटरमीडिएट की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 तक होगी। राज्य में मैट्रिक के लिए 1305 और इंटर के लिए 795 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। जैक और जिला प्रशासन ने परीक्षा को लेकर अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इस वर्ष मैट्रिक और इंटर दोनों परीक्षाओं में कुल 7,83,711 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे।




पलामू में कोचिंग संस्थान में छापामारी करती पुलिस।

उधर, इंटर और मैट्रिक की परीक्षाओं को लेकर पलामू के कई कोचिंग संस्थानों में पुलिस ने छापेमारी की है। इसके साथ ही मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र में आधा दर्जन कोचिंग संस्थानों की तलाशी भी ली गयी। कोचिंग संस्थानों के कागजात की जांच की गयी। हालांकि छापेमारी के दौरान कुछ बरामद नहीं हुआ है।

## सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नामांकन की तिथि बढ़ी

**रांची (आजाद सिपाही)।** आदर्श विद्यालय योजना के तहत संचालित 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नामांकन की तिथि बढ़ा दी गयी है। अब छात्र 20 फरवरी 2025 तक आवेदन कर सकेंगे।

### आवेदन प्रक्रिया शुरू

राज्य में संचालित 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में 16,225 रिक्त सीटों के लिए 20 जनवरी 2025 से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गयी थी। छात्र अब बढ़ी हुई तिथि तक आवेदन कर सकते हैं।

# इडी ने आइएएस पूजा सिंघल को किसी भी विभाग में पद नहीं देने की मांग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीनियर आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के निलंबन की अवधि समाप्त हो गयी है। अब उन्हें किसी विभाग का प्रभार सौंपने की तैयारी की जा रही है। इस बीच प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने रांची के

**कोर्ट में याचिका दायर कर केस को प्रभावित करने का दिया हवाला**

पीएमएलए की विशेष अदालत में एक याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि पूजा सिंघल को किसी भी विभाग का प्रभार नहीं सौंपा जाना चाहिए। इडी का तर्क है कि अगर पूजा सिंघल को किसी विभाग का प्रभार दिया जाता है, तो वह अपने पद का दुरुपयोग करके केस को प्रभावित कर सकती हैं। इस याचिका पर पूजा सिंघल की ओर से जवाब दाखिल किया गया है। अदालत 14 फरवरी को इस मामले में सुनवाई करेगी।

# महावीर नायक ने झारखंडियों का मान बढ़ाया : देवेंद्र नाथ

**पद्मश्री चुने गये महावीर साहू से की मुलाकात**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कला संस्कृति के क्षेत्र में विश्व स्तर पर झारखंड का नाम रौशन करने वाले पद्मश्री महावीर नायक से सोमवार को जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो उनके आवास पर मिले। उन्हें अंग वस्त्र और फूल का गुच्छ देकर सम्मानित किया। कहा कि महावीर नायक पद्मश्री सम्मान 2025 के लिए चुने गये हैं। यह लोकगीत भीनसरिया राग के गीतकार हैं। ये 83 वर्ष के हैं, इसके बाद भी इन्होंने झारखंड के लोकगीत को बचाकर रखा है। युवाओं को प्रेरित किया है। कहा कि महावीर नायक ने झारखंडियों का मान सम्मान अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया है। इनके योगदान पर झारखंड हमेशा गर्व करेगा। इन्होंने झारखंडी भाषा, संस्कृति, कला संरक्षण कार्य में जो कीर्तिमान स्थापित किया है, वह सराहनीय है। ये करीब 60 वर्षों से झारखंडी संस्कृति को संरक्षित, संवर्द्धन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन्होंने अब तक 5000 से ज्यादा लोकगीत, रूपक व नाटक की रचना की है। वहीं एक हजार से ज्यादा गीतों का संग्रह भी किया है। मौके पर चंदन कुमार, केसी मेहता, रवि सिंह, सिकंदर, संजय नायक, विक्की, बंटी समेत अन्य मौजूद थे।



# राज्य में महिलाएं असुरक्षित : राफिया नाज

**दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं पर सरकार का खामोशी भरा रुख चिंता का विषय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार की महिला सुरक्षा के मुद्दे पर गंभीर विफलता सामने आयी है। प्रदेश प्रवक्ता, राफिया नाज ने राज्य सरकार की महिला सुरक्षा पर कड़ी आलोचना की है। हाल ही में लोअर बाजार थाना क्षेत्र में सदर अस्पताल परिसर के डॉक्टर स्टाफ क्वार्टर के तीसरे तल्ले में दो लड़कियों के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आयी। यह घटना मानवता को शर्मसार करने के साथ यह साबित करती है कि महिला अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। यह सिर्फ एक उदाहरण है, क्योंकि राज्य में पिछले कुछ दिनों में कई ऐसी घटनाएं सामने आयी हैं, जिनमें महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उदाहरण के तौर पर हाल में ही रिम्स में एक दवाई लेने आयी महिला के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आयी थी, तब ही सरकार को चौकस हो जाना चाहिए था और महिला सुरक्षा से संबंधित सख्त कदम उठाने चाहिए थे। क्योंकि ऐसी घटनाओं से राज्य की महिलाओं के बीच सुरक्षा को लेकर भय का माहौल उत्पन्न हो रहा है। राफिया नाज ने कहा कि राज्य सरकार महिला सुरक्षा के मुद्दे पर पूरी तरह से सोई हुई है। न तो राज्य महिला आयोग का गठन हुआ है, और न ही अधिकांश पुलिस थानों में महिला पुलिस कांस्टेबल्स की पर्याप्त संख्या है। जिन थानों में महिला पुलिस कांस्टेबल्स हैं, उनकी संख्या बेहद कम है।




### कार्रवाई नहीं होने से अपराधी बेखौफ

इसके अलावा, राज्य में फास्ट ट्रैक कोर्ट का अभाव है, जिससे महिलाओं के खिलाफ अपराधों का त्वरित निपटारा नहीं हो पा रहा है। इससे अपराधियों को सजा मिलने में देरी हो रही है, जिससे समाज में महिलाओं के खिलाफ अपराधों को बढ़ावा मिल रहा है। महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। सरकार को महिला सुरक्षा के मामलों में अधिक सख्ती और जागरूकता की जरूरत है।

राफिया नाज ने कहा कि सरकार की ओर से महिलाओं के लिए शिक्षा, सुरक्षा, और अन्य कल्याणकारी योजनाओं को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। राज्य में महिलाओं के लिए कोई प्रभावी योजना लागू नहीं की जा रही है, जिसके कारण वे सामाजिक और शारीरिक रूप से असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

राफिया नाज ने राज्य सरकार से यह भी अपील की है कि वह महिला आयोग का गठन करे और महिला पुलिस कांस्टेबल्स की संख्या में वृद्धि करे, ताकि महिलाएं अपने को सुरक्षित महसूस कर सकें।






आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 11 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in




# हर गांव तक आजसू की भागीदारी होगी : सुदेश

**आजसू पार्टी की कोल्हान प्रमंडल स्तरीय पार्टी पदाधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक संपन्न**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी ने सोमवार को सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल प्रखंड स्थित दलमा हिल टॉप में कोल्हान प्रमंडल स्तरीय पार्टी पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुदेश कुमार महतो ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों और रणनीतिक दिशा-निर्देशों पर गहन विमर्श किया।

**संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण और विस्तार :** कोल्हान प्रमंडल के सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम एवं पूर्वी सिंहभूम जिलों में संगठन को सुदृढ़ करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गयी। प्रत्येक जिले के गांव तक आजसू पार्टी की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

**युवा नेतृत्व का समावेश एवं सशक्तिकरण :** युवाओं को संगठन से जोड़ने एवं उनकी नेतृत्वकारी भूमिका सुनिश्चित करने के लिए व्यापक युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनायी गयी। इसके अंतर्गत युवा नेतृत्व को प्रभावी जिम्मेदारियां सौंपने के लिए विशेष रणनीति तैयार की गयी।

**महिला मोर्चे का सशक्तिकरण:** संगठन में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने, नेतृत्वकारी पदों पर उनका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और महिला मोर्चा के व्यापक विस्तार पर विचार-विमर्श किया गया।

**आगामी चुनावों की प्रभावी तैयारी :** नगर निकाय एवं पंचायत चुनावों के मद्देनजर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने एवं चुनावी अभियान को धारदार बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गयी।

**डिजिटल प्रचार और मीडिया प्रबंधन :** पार्टी के विचारों एवं नीतियों को प्रभावी ढंग से प्रसारित करने के लिए सोशल मीडिया टीम के विस्तार, प्रशिक्षण एवं डिजिटल अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाने पर बल दिया गया। सुदेश कुमार महतो ने सभी पदाधिकारियों को संगठन को अधिक सशक्त बनाने एवं जनसंपर्क अभियान को तेज करने का आह्वान किया। उन्होंने निर्देशित किया कि कोल्हान प्रमंडल के प्रत्येक जिले में संगठन विस्तार की प्रक्रिया को शीघ्र अंजाम दिया जाये ताकि आगामी चुनावों में पार्टी की स्थिति और अधिक सुदृढ़ हो सके। बैठक में पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, महासचिव हरिलाल महतो, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, स्वप्न सिंह देव, सागेन हांसदा, प्रवीण प्रभाकर, चंद्रगुप्त सिंह, सिद्धार्थ महतो, आरती सिंह मुंडा, संजय मेहता, सहित कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिलों के जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, नगर एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख और पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### पीएम ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्रों को दिये तनाव से निपटने के सुझाव

# केंद्रीय विद्यालय के करीब 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्रों को तनाव से निपटने के सुझाव दिये। इस कार्यक्रम में रांची स्थित केंद्रीय विद्यालय के करीब 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रधानमंत्री ने छात्रों को तनाव से निपटने के लिए कई सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और तनाव को अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों को अपने शिक्षकों और अभिभावकों से खुलकर बात करनी चाहिए और अपनी समस्याओं के बारे में चर्चा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने छात्रों को यह भी संदेश दिया कि असफलता सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी छात्र को असफलता हाथ लगती है, तो उसे घबराना नहीं चाहिए। बल्कि उसका डटकर मुकाबला करना चाहिए। तभी सफलता हाथ लगेगी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पर्यावरण के प्रति छात्रों को आकृष्ट करने के लिए भी एक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहना चाहिए और इसके संरक्षण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय हिनू रांची के प्राचार्य चंदन कुमार चौधरी, उप प्राचार्या नमिता भंज, वरिष्ठ शिक्षक विजेंद्र कुमार सहित अन्य शिक्षकों के साथ प्रादेशिक कार्यालय रांची के तकनीकी सहायक मो रजा आलम, संजय कुमार चालक का सराहनीय योगदान रहा।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में कैंसर मिर्गी पर जागरूकता सेमिनार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज में 1/3 कंपनी एनसीसी द्वारा आयोजित सेमिनार में कैंसर की रोकथाम और मिर्गी जागरूकता पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस सेमिनार में 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 140 एनसीसी कैडेट और प्राणी शास्त्र विभाग के 60 छात्र शामिल थे। डॉ गणेश अग्रवाल ने कैंसर और मिर्गी के खिलाफ लड़ाई में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि विकाश कुमार सिंह और मनोरंजन रॉय ने जन जागरूकता अभियानों और सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ प्रिया श्रीवास्तव के समापन भाषण ने उपस्थित युवा दिमाग पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा। इस कार्यक्रम ने न केवल प्रतिभागियों को सशक्त बनाया, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और एक स्वस्थ, अधिक सूचित समाज में योगदान देने की जिम्मेदारी की भावना भी जागृत की।

# चयनित अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र को लेकर लगा रहे निदेशालय का चक्कर

**झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के चयनित अभ्यर्थी आंदोलन के मूड में**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के 290 चयनित अभ्यर्थियों ने जुपमी भवन, नगरीय प्रशासन निदेशालय में अपने नियुक्ति पत्र वितरण को लेकर दिसंबर 2024 से लगातार चक्कर लगा रहे हैं। परंतु अब तक नियुक्ति पत्र वितरण नहीं किया गया है। अभियर्थियों को निदेशालय जाने पर बार-बार बोला जाता है कि इंतजार करिये। साथ ही दिसंबर में डायरेक्टर ने 10 जनवरी तक का समय लिये थे, परंतु अब तक नियुक्ति पत्र नहीं बांटा गया है। नियुक्ति पत्र वितरण में विलंब होने पर अभियर्थियों में बहुत ही घोर निराशा है।

ज्ञात हो कि झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की परीक्षा 29 एवं 30 अक्टूबर 2023 को ही संपन्न हुई थी। जिसका रिजल्ट में भी बहुत देरी होने से अभ्यर्थियों ने 17 जुलाई 2024 से लगातार आंदोलन किये उसके बाद अक्टूबर 2024 में कॉमन मेरिट लिस्ट जारी हुई और प्रमाण पत्र जांच प्रक्रिया पूरी हुई। 06 दिसंबर 2024 को ही फाइनल रिजल्ट जारी किया जा चुका है। लेकिन अब तक नियुक्ति पत्र वितरण नहीं हो पाया है। अभ्यर्थियों ने कहा कि यदि हमलोग को नियुक्ति पत्र जल्द नहीं मिला तो आंदोलन करेंगे।

# उच्च नैतिकता और इमानदारी के प्रतीक थे अटल बिहारी वाजपेयी : सीपी सिंह

**14 जनवरी से 15 मार्च अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में जिले भर में कार्यक्रम किये जायेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा रांची महानगर जिला ने अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी उच्च नैतिकता और इमानदारी के प्रतीक थे। उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम माना और भ्रष्टाचार से दूर रहने की कोशिश की। उन्होंने आगे बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी वर्ष के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इन कार्यक्रमों में श्रद्धेय अटलजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा।

रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि वाजपेयी जी का आदर्श अटल और अडिग था। उन्होंने हमेशा कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों के प्रति निष्ठा बनाये रखी। साथ ही वरुण साहू ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार 14 जनवरी से 15 मार्च, 2025 तक अटल जी की स्मृति में जिले भर में कार्यक्रम किये जायेंगे।

# शेरा वाली मैया के जयकारे से गूंजा चैती दुर्गा मंदिर



**महाआरती के साथ श्री चैती दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्स्व का समापन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री चैती दुर्गा मंदिर भुताहा तालाब का 9वां वार्षिक महोत्सव के तीसरे दिन सुबह से ही भक्तों के जयकारों से गूंज उठा। जैसे-जैसे दिन चढ़ रहा था वैसे-वैसे भक्तों की संख्या मां के दर्शन करने के लिए पहुंच रही थी। दोपहर को हवन, आरती, पुष्पांजलि, भंडारा का महाभोग अर्पण करने के बाद महाभंडारा का प्रसाद 11000 से ऊपर भक्तों के बीच वितरण किया गया और भजन संध्या कलाकारों के द्वारा की गयी शाम में महाआरती के बाद वार्षिक उत्सव का समापन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के रांची के विधायक सीपी सिंह, किशोर साहू, उदय साहू, शंकर दुबे, गोपाल पारीक, महेश चंद्रा, रमेश गुप्ता, नंद किशोर सिंह चंदेल, शेखर गुप्ता, सुनील यादव, राजेश ठाकुर, यश वर्मा, बबलू वर्मा, शंकर साहू, लीलू प्रसाद, मुन्ना शर्मा, राकेश सिंह, राजेश अग्रवाल, अमित झुनवाला, नमन भारतीय, शंकर सिन्हा, करण सिंह, सुमित तिवारी, मोहित रजक, आशीष, आकाश, रोहन, अर्जुन सिंह सदस्यों ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

# इंडियन ओवरसीज बैंक ने 89वां स्थापना दिवस मनाया, सामुदायिक पहल का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इंडियन ओवरसीज बैंक ( आइओबी) ने अपने 89वें स्थापना दिवस को भव्यता और महत्वपूर्ण सामुदायिक कल्याण पहलों के साथ मनाया। इस अवसर पर, बैंक ने झारखंड राज्य के विभिन्न स्थानों पर मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया। बैंक के मुख्य प्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि यह स्वास्थ्य शिविर समाज के कल्याण को बढ़ावा देने और राज्य के लोगों के लिए एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किये गये थे। इस अवसर पर एक रक्तदान शिविर के साथ-साथ एक मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर क्लब रोड शाखा में आयोजित किया गया, जिससे स्थानीय समुदाय को महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गयी। इंडियन ओवरसीज बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

### श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की बैठक संपन्न

# 10 मार्च को होली मिलन महोत्सव स्वामी सदानंद महाराज पधारेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम, पुंदाग में संपन्न हुई। बैठक में ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा कृष्ण मंदिर एवं अपना घर आश्रम में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी तथा भावी कार्यों एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 मार्च को श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम में होली मिलन महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। होली मिलन महोत्सव में परमहंस डॉ संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज विशेष रूप से उपस्थित रह कर सबों को आशीर्वाद देंगे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर के परिसर में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को श्री प्रणामी सत्संग भजन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसमें नगर के प्रमुख धार्मिक संस्थाओं के भजन मंडलियों को आमंत्रित किया जायेगा। सेवा धाम में प्रत्येक रविवार को अन्नपूर्णा सेवा निरंतर जारी रहेगा। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम में प्रतिदिन पहुंच रहे हजारों की संख्या में श्रद्धालु को सुचारू रूप से समुचित व्यवस्था देने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने एवं ट्रस्ट का सदस्य बनाने के संबंध में भी पूरी विस्तृत चर्चा की गयी।

बैठक में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, चिरंजी लाल खंडेलवाल, संजय सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, सुरेश भगत, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, ज्ञानचंद शर्मा, मधुसूदन, विद्या देवी अग्रवाल सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित थे।

# मेगा ट्रेड फेयर में कई उत्पादों पर मिल रही भारी छूट

**वुडलैंडर फर्नीचर में 80 प्रतिशत तक की छूट**

**झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स कर रहा ट्रेड फेयर का आयोजन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में सात फरवरी से चल रहे 16वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में सोमवार को भी हजारों की संख्या में लोग अपने परिवार और दोस्तों संग पहुंचे और खरीदारी की। झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ट्रेड फेयर में सबसे अधिक भीड़ लाइफस्टाइल और इंटरनेशनल वाले हैंगर में दिख रही है। खासतौर पर महिलाओं की भीड़ कपड़ों, आर्टिफिशियल ज्वेलरी वाले स्टॉल पर अधिक उमड़ रही है। फेयर में कई स्टॉलधारक छूट दे रहे हैं। फर्नीचर वाले हैंगर में दिल्ली की कंपनी वूडलैंडर फर्नीचर में 80 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। यहां सोफा और डाइनिंग टेबल सेट उपलब्ध है। सोफा की शुरूआती कीमत 55 हजार रुपये और डाइनिंग टेबल सेट 60 हजार से दो लाख रुपये तक में मिल रहा है। इन सभी फर्नीचरों पर पांच से 10 साल की वारंटी भी दी जा रही है। साथ ही ब्रांडेड सोफा कम बेड फैक्ट्री प्राइस पर उपलब्ध है। फेयर में पीतल से बने रसोई घर में प्रयोग होने वाली सामाग्री भी मिल रही है। इसके अलावा यूपी के कन्नौज का इत्र भी बिक रहा है। यहां 200 से लेकर पांच हजार रुपये तक में उपलब्ध है। वहीं थाइलैंड का ड्रेस भी लोगों को लुभा रहा है। एक हजार रुपए में एक से बढकर डिजाइनर कपड़े लोगों को आकर्षित कर रहा है।

चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी और महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि ट्रेड फेयर में सोमवार को भी अच्छी खासी भीड़ रही। शाम चार बजे के बाद फेयर में लोगों का आना प्रारंभ हो गया। जबकि दिन में स्कूल और कॉलेज के छात्रों की संख्या भी दिखी। ट्रेड फेयर को रांची की जनता का प्यार मिल रहा है। स्टॉलधारक भी खरीदारी से खुश नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि रांची का बाजार बहुत ही अच्छा है। जब भी रांची में स्टॉल लगाते हैं, तो अच्छी बिक्री होती है।

प्रोजेक्ट चेयरमैन अमित शर्मा और शैलेश अग्रवाल ने बताया कि ट्रेड फेयर में मंगलवार से आधार का स्टॉल लगाया जा रहा है। यहां आधार में नाम जोड़ने और अपडेट आदि का काम होगा। फेयर में कई नये स्टॉल लगने की उम्मीद है। वहीं, बच्चों के मनोरंजन के लिए किड्स जोन भी है। जहां बच्चे झूले, ट्वाय ट्रेन, मिक्की माउस आदि का आनंद ले सकते हैं।

**स्टार्टअप जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित :** सोमवार को झारखंड चैंबर के स्टार्टअप उप समिति की ओर से झारखंड में स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप जागरूकता पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्टार्टअप उप समिति के चेयरमैन मनीष पियूष, अमित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, आनंद जालान, आदित्य कुमार, सौरभ कुमार एवं रवि सिंह ने झारखंड में स्टार्टअप को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि स्टार्टअप पर जागरूकता होना जरूरी है। स्टार्टअप के सक्सेस स्टोरी बनाने की जिम्मेवारी सरकार और झारखंड चैंबर ने ली है। झारखंड चैंबर इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इनक्यूबेशन सेंटर बनाने की योजना है। राज्य सरकार की एबीवीआइएल.झारखंड. जीओवी पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम के स्पॉन्सर प्यूरेश डेयरी थे, जो झारखंड के सभी उभरते स्टार्टअप की मदद करना चाहते हैं।

**एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने ट्रेड फेयर का किया दौरा :** वहीं, सोमवार को एसडीओ, रांची उत्कर्ष कुमार ने ट्रेड फेयर का दौरा किया। उनका स्वागत चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उप सचिव नवजोत अलंग, विकास विजयवर्गीय, प्रोजेक्ट चेयरमैन अमित शर्मा, रोहित पोद्दार समेत अन्य लोगों ने किया। उन्होंने ट्रेड फेयर के आयोजन की तारीफ की। मंगलवार को शैल्बी डिवाइन सुपर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से सर्वाइकल कैंसर और जॉय ऑफ लाइफ पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया है। सेमिनार शाम पांच बजे से प्रारंभ होगा। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनील सरावगी ने दी।

# शहर के कई इलाकों में चार दिनों तक जलापूर्ति ठप रहेगी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के कई क्षेत्रों में 10 से 14 फरवरी तक जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज और सड़क चौड़ीकरण कार्य के कारण पेयजल पाइपलाइन को स्थानांतरित किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप कई क्षेत्रों में जल आपूर्ति में रुकावट आयेगी। इस चार दिनों की अवधि में विभाग ने पाइपलाइन में लीक की जांच और सुधार कार्य करने के निर्देश दिये हैं, ताकि भविष्य में जलापूर्ति में कोई समस्या न हो। प्रभावित क्षेत्रों में नयासराय रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण और सड़क चौड़ीकरण के चलते पाइपलाइन को स्थानांतरित किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र और आसपास, रांची-पिस्का रेलवे स्टेशन के मध्य बन रहे चार लेन के ओवरब्रिज के कारण जलापूर्ति में रुकावट उत्पन्न होगी। विस्थापित कॉलोनी, सीआरपीएफ कैंप और जगरनाथपुर क्षेत्रों में भी जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



**शिकंजा : छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई**

# तीन निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर छापामारी, किया गया शो-कॉज

## अयोग्य व्यक्ति कर रहा था ऑपरेशन, पदाधिकारियों को देख भागे संस्थान के कर्मी

## पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई : डीसी

**स्वास्थ्य और सेवाओं के साथ खिलवाड़ कत्तई बर्दाश्त नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में निर्धारित मानकों के विरुद्ध संचालित तीन निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर सोमवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। डीसी सह पीसी एंड पीएनडीटी के अध्यक्ष शशि रंजन के निर्देश पर छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार के नेतृत्व में स्वास्थ्य मानकों पर खरा नहीं उतरने वाले स्वास्थ्य संस्थानों में छापामारी की गयी। छतरपुर के सरइडीह रोड में संचालित वर्मा हॉस्पीटल, मां ललिता हॉस्पीटल एवं खुशी अल्ट्रासाउंड में छापामारी हुई है, जिसमें कई तथ्य उजागर हुए हैं। तीनों संस्थानों के संचालकों को उपाधीक्षक सह छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने शो-कॉज किया है। इन्हें 48 घंटे के अंदर विस्तृत स्पष्टीकरण देने का निर्देश


डीसी शशि रंजन की फाइल फोटो।

दिया गया है। स्पष्टीकरण असंतोजनक-अप्राप्त रहने पर कठोर कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को प्रतिवेदित किया जायेगा। इस दौरान छापामारी सह औचक निरीक्षण में अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार सहित छतरपुर के सीओ व उपाधीक्षक सह छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी शामिल रहे। डीसी ने कहा कि पलामू वासियों को समयबद्धता के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है। स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जिले में बिना निबंधन एवं निबंधन वैद्यता समाप्त पाये जाने वाले अस्पताल व अन्य संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### बिना वैध दस्तावेज और रजिस्टर्ड डॉक्टर के संचालित हो रहा था वर्मा अस्पताल

वर्मा अस्पताल में छापामारी के दौरान कई त्रुटियां पायी गयीं। अस्पताल का निबंधन वैद्यता समाप्त पाया गया। जबकि अयोग्य व्यक्ति मरीजों का ऑपरेशन कर रहा था। बीडीएस डॉ सुनिल वर्मा (दांत के डॉक्टर) द्वारा मरीजों का ऑपरेशन किया जा रहा था। वहीं ऑपरेशन के पूर्व मरीजों से लिये जाने वाले घोषणा पत्र और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का संधारण लगभग नहीं के बराबर था। इतना ही नहीं, निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कोई भी रजिस्टर्ड डॉक्टर नहीं पाया गया। जांच से स्पष्ट हुआ कि अस्पताल का संचालन बिना वैध दस्तावेज और रजिस्टर्ड डॉक्टर के किया जा रहा है। साथ ही बिना योग्य डॉक्टर के मरीजों का ऑपरेशन करते हुए आवश्यक दस्तावेजों का संधारण भी नहीं किया जा रहा है।

### मां ललिता अस्पताल में नहीं मिले अल्ट्रासाउंड से संबधित चिकित्सक

पदाधिकारियों द्वारा मां ललिता हॉस्पीटल के औचक निरीक्षण के दौरान अस्पताल का निबंधन वैधता समाप्त पाया गया। साथ ही भर्ती मरीजों से संबंधित दस्तावेजों का संधारण सही ढंग से नहीं किया जा रहा था। वहीं पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत अल्ट्रासाउंड किये जाने वाले लाभार्थियों के दस्तावेजों का संधारण सही ढंग से नहीं किया गया था। अल्ट्रासाउंड से संबंधित चिकित्सक भी मौके पर उपलब्ध नहीं थे। निरीक्षण के दौरान पाये गये उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि अस्पताल का संचालन बिना वैध दस्तावेज का करते हुए आवश्यक दस्तावेजों का संधारण भी नहीं किया जा रहा है।

### जांच केंद्र बंद कर भागे कर्मचारी

छतरपुर के सरइडीह रोड में ही स्थित खुशी अल्ट्रासाउंड के औचक निरीक्षण करने पहुंचे पदाधिकारियों को आते देख जांच केंद्र के कर्मी जल्दबाजी में केंद्र बंद कर भाग खड़े हुए। फोन कर आने को कहने के बावजूद कोई वापस नहीं आया। निरीक्षण के क्रम में ऐसी जानकारी मिली है कि अल्ट्रासाउण्ड जांच केंद्र का ना तो निबंधन है ना ही अहर्ता प्राप्त चिकित्सक द्वारा जांच की जाती है।

## फेसबुक के जरिये पहले हुई दोस्ती, फिर नौकरी का झांसा देकर किया यौन शोषण

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोशल साइट फेसबुक पर दोस्ती, फिर नौकरी का झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। बिहार के झाझा निवासी एक महिला सोमवार को पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह से न्याय की गुहार लगाने पहुंची। इस दौरान महिला ने बताया कि वर्ष 2010 में उनकी शादी हुई थी। जिसके बाद वर्ष 2017 में उनके पति की हार्ट अटैक से मौत हो गयी। उसने बताया कि करीब 5 वर्ष पहले उनके फेसबुक अकाउंट पर लक्ष्मी कुमारी के नाम से एक फ्रेंड रिक्वेस्ट आयी थी, जिसे स्वीकार करने पर दोनों तरफ से बातचीत शुरू हुई। कुछ महीने के बाद लक्ष्मी कुमारी के द्वारा अपने भाई के जरिए उन्हें गया में नौकरी लगाने की पेशकश की गयी। महिला ने बताया कि अपने दो बच्चों की परवरिश को ध्यान में रखते हुए वह नौकरी के लिए राजी हो गयी और लक्ष्मी कुमारी के बुलावे पर गया स्टेशन पहुंची। यहां उसकी मुलाकात कोडरमा के सतगावां निवासी संदीप से हुई। उसने बताया कि वही लक्ष्मी कुमारी बनकर काफी लंबे समय से उसे बातचीत कर रहा था। महिला ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# पूर्व एसडीओ अशोक कुमार 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजे गये जेल

**पूर्व एसडीओ अशोक कुमार पर उनकी पत्नी अनिता देवी को जलाकर मारने का आरोप है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार को कड़ी सुरक्षा के बीच हजारीबाग कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा भेज दिया गया। इससे पहले उन्हें शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां उनकी शारीरिक जांच की गयी। जांच के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। पूर्व एसडीओ अशोक कुमार पर उनकी पत्नी अनिता देवी को जलाकर मारने का आरोप है। आरोप लगने के बाद पहली बार अशोक कुमार ने कहा कि उनपर लगाये गये सभी आरोप बेबुनियाद हैं। एक सिक्के के दो पहलू होते हैं, पहले पहलू को लेकर काफी दुष्प्रचार किया जा चुका है। वहीं उन्होंने अपनी पत्नी अनिता देवी के बारे में कहा कि दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मैं कुछ नहीं कहना चाहूंगा। मौके पर पूर्व एसडीओ अशोक कुमार के अधिवक्ता राजकुमार राजू ने कहा कि उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस जिसे भी गिरफ्तार करती है उसे कोर्ट में पेश करना होता है। इसी के तहत उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है। पूर्व एसडीओ अशोक कुमार घटना के बाद डेढ़ माह से फरार चल रहे थे। रविवार शाम हजारीबाग लोहसिंघना थाना पुलिस व उसकी टीम ने उन्हें रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया था। सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें हजारीबाग कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



# डोमचांच में सात बम किये गये बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**डोमचांच/ कोडरमा।** जिले के डोमचांच में बीती रात दो पक्ष में झड़प और बम बरामदगी के बाद सोमवार को आक्रोशित लोगों ने कोडरमा गिरिडीह रोड को जाम कर दिया। गत दिनों विसर्जन विवाद के दौरान भी दो पक्ष में झड़प हुई थी। जिसके बाद बदले की भावना से डोमचांच बाजार में रविवार की रात कुछ लोगों ने बम का गोला कई स्थानों पर रख दिया। कुछ लोगों के अनुसार प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद में एक पक्ष के लोगों ने बाजार क्षेत्र को शमशान बनाने की धमकी दी थी। रविवार की रात बाजार के अलग-अलग स्थान पर करीब सात बम रखे गये थे, इसी दौरान कूड़े के ढेर से फल और सब्जी का छिलका खाने के दौरान एक गाय ने बम को मुंह से दबा दिया। इसके बाद बम का गोला गाय के मुंह में ही ब्लास्ट कर गया और गाय गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। डोमचांच नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष पप्पू मेहता ने कहा कि बाजार में गौ माता ने बम के गोले को कोई फल समझ कर अपने मुंह में ले लिया था। गाय ने दर्जनों लोगों की जान बचा दी। लेकिन गाय के मुंह में बम का गोला फटने से गाय गंभीर है और बचना मुश्किल हो गया है। बाजार क्षेत्र में अचानक हुए इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया इसके बाद लोगों ने सतर्कता के साथ आसपास फैले कूड़े के ढेर में खोजबीन किया। इस दौरान अलग-अलग स्थान पर 7 बम पाये गये। घटना की सूचना मिलने के बाद डोमचांच पुलिस भी मौके पर पहुंची और चार जिंदा बम और तीन निष्क्रिय बम को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं घटना के बाद रात में कुछ समय के लिए सड़क भी जाम किया गया।

# लोहरदगा में आयकर विभाग का आउटरीच प्रोग्राम आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** आयकर विभाग द्वारा आयोजित आउटरीच प्रोग्राम में ट्रस्ट और सोसाइटी के प्रतिनिधियों को आयकर अधिनियम के प्रावधानों और स्वैच्छिक अनुपालन के महत्व के बारे में जानकारी दी गयी। सोमवार को होटल रुद्राक्ष इन, न्यू रोड, लोहरदगा में आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में यमिनी आयकर आयुक्त (छूट), पटना रंजीत कुमार मधुकर, अपर आयकर आयुक्त (छूट), परिक्षेत्र-2, रांची ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। लगभग 80-90 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। रंजीत कुमार मधुकर ने ट्रस्ट और सोसाइटी से जुड़े विभिन्न पहलुओं और स्वैच्छिक अनुपालन पर विस्तार से प्रकाश डाला। राकेश द्विवेदी, आयकर अधिकारी (छूट), रांची ने आयकर अधिनियम में हुए संशोधनों और सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों के प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर राज कुमार, एफसीए ने छूट से संबंधित हाल में हुए संशोधनों के बारे में सरल और प्रभावी तरीके से बताया। कार्यक्रम में ट्रस्ट और सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने काफी रुचि दिखायी और संशोधनों के विषय में जानकारी प्राप्त की।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-11-12-25, दिनांक: 07.02.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा नीचे उल्लिखित विवरणों के अनुसार **डब्ल्यूएलएमएस, पुल कार्यों** के लिए **02 (दो)** अदद ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-11-25। कार्य का विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में खड़गपुर-बांकुड़ा खंड के बीच किमी. 227/23-37 पर द्वारकेश्वर नदी पर पुल संख्या 284 पर जल स्तर की निगरानी प्रणाली का प्रावधान सहित 3 वर्षों के लिए एएमसी। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,73,740.55। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-12-25। कार्य का विवरण:** 8 अदद पुल संख्या 215, 216, 219, 224, 228, 230, 232, 278 की आरसीसी जैकेटिंग द्वारा विस्तार एवं पुनर्बहाली। **निविदा मूल्य:** ₹ 11,68,96,209.28। **ई-निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 07.03.2025 को अपराह्न 3:00 बजे (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। उपर्युक्त ई-निविदाओं के विवरण के लिए कृपया वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** देखें। (PR-1117)

## पूर्वी कमान अलंकरण समारोह 2025 कल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्वी कमान अलंकरण समारोह 12 फरवरी को दीपाटोली मिलिट्री स्टेशन, रांची, झारखंड में आयोजित किया जायेगा। इसमें वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित किया जायेगा। लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी, पीवीएसएम, यूवाइएसएम, एवीएसएम, एसएम,जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान, इस अलंकरण समारोह के दौरान वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित करेंगे। इस समारोह में कुल 39 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा। इसमें 20 सेना पदक (वीरता), 4 सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 1 बार टू सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 2 युद्ध सेवा पदक, 1 बार टू विशिष्ट सेवा पदक और 11 विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 45 सैन्य यूनिटों को जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान यूनिट प्रशंसा से सम्मानित किया जायेगा। इस समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे। इससे पूर्व 11 फरवरी को कार्यक्रम से एक दिन पहले, एक सांस्कृतिक संध्या 'शौर्य संध्या' आयोजित की जायेगी। इसमें मार्शल आर्ट प्रदर्शन, हेलीकॉप्टरों द्वारा फ्लाइ-पास्ट, आर्मी बैंड सिंफनी फ्यूजन प्रस्तुति, भव्य आतिशबाजी प्रदर्शन शामिल होंगे। इस समारोह में पुरस्कार विजेताओं के परिवारों के साथ-साथ भारतीय सेना और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय,
श्री राजेश कुमार सिंह अपर प्रधान न्यायाधीश ॥
अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय ॥, रांची, झारखंड
मेंटेनेंस मूल वाद संख्या (O.M) 12 वर्ष 2024
बेनजीर खानम.............................आवेदिका
बनाम्
आजाद खान..................................विपक्षी
नोटिस बनाम् :–
आजाद खान, पिता का नाम स्वर्गीय नेयाज खान, निवासी जंगल फेयर वार नेतरहाट, लातेहार थाना नेतरहाट, जिला लातेहार, झारखंड, भारत।
बजरिये इस नोटिस से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका के द्वारा आपके विरुद्ध मेरे न्यायालय के समक्ष मेंटेनेंस मूल वाद संख्या 12 वर्ष 2024, भरण पोषण 125 (सी.आर.पी.सी) दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत दायर किया गया है। जिसमें आपको नजारत के माध्यम से एवं भारतीय डाक विभाग के माध्यम से नोटिस भेजा जा चुका है। इसके बावजूद भी आप न्यायालय के समक्ष तय तारीख पर उपस्थित नहीं हुए। इस कारण इस नोटिस से आपको अंतिम अवसर देते हुए यह ताकीद किया जाता है कि आप दिनांक 28–02–2025 को 10:30 A.M.बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय के समक्ष इस बाद में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा यह माना जाएगा कि आपको अपनी सफाई में कुछ भी नहीं कहना है। इसके बाद की सुनवाई आप के विरुद्ध एकपक्षीय सुनिश्चित होना किया जाएगा।
इसे सख्त ताकीद जाने।
आज दिनांक 18.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।
ह./-
श्री राजेश कुमार सिंह अपर प्रधान न्यायाधीश ॥
अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय ॥
रांची, झारखंड

## डीपीएस के शिक्षक को पितृशोक


फाइल फोटो

**रांची (आजाद सिपाही)।** डीपीएस रांची के शिक्षक अमित पांडेय के पिता प्रो रमेश चंद्र पांडेय का निधन हो गया। प्रो रमेश चंद्र पांडेय सेवानिवृत प्रोफेसर व पूर्व विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान योगदा सत्संग महाविद्यालय धुर्वा के निधन से शिक्षक समाज आहत है। इनका शालीन एवं सामाजिक व्यक्तित्व छात्रहित को समर्पित रहा है, जो सामाजिक मूल्यों का उत्कृष्ट उदाहरण एवं प्रेरणाश्रोत है। वह अपने पीछे पत्नी और बच्चों समेत भरा-पूरा परविार छोड़ गये हैं। दिवंगत आत्मा की शांति को समस्त कार्यक्रम उनके निवास स्थान प्रेमनगर, रोड नंबर 6, लटमा रोड, सिंहमोड़, हटिया, रांची से संपन्न होगा।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र सं. 1472 दिनांक 10 फरवरी 2025 के अनुसार मैं, धर्मदेव महतो, पिता–बाबुलाल महतो, निवासी–ग्राम–जमीरा टोला, रक्शी, थाना –चन्दवा, जिला–लातेहार एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान देता हूं:–
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि आधार कार्ड सं. 3789 7778 3010 है जिसमें मेरा नाम **DHARMDEO MAHATO** दर्ज है जो सही है।
3. यह कि मेरे नाम से ड्राइविंग लाइसेंस बना है जिसका लाइसेंस नं. JH0820010006774 है जिसमें मेरा नाम DHARAMDEO PRATAPATI दर्ज है जो गलत है।
4. यह कि उक्त लाइसेंस में **DHARAMDEO PRATAPATI** के स्थान पर **DHARMDEO MAHATO** सुधार किया जाए इस निमित यह शपथ पत्र सम्पादित कर रहा हूं।
5. यह कि उपरोक्त बातें सत्य एवं सही है। यह आज दिनांक 10.02.2025 ई. को लोहरदगा में सम्पन्न किया गया।

**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय,
श्री राजेश कुमार सिंह अपर प्रधान न्यायाधीश ॥
अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय ॥, रांची, झारखंड
मेंटेनेंस मूल वाद संख्या (O.M) 12 वर्ष 2024
बेनजीर खानम.............................आवेदिका
बनाम्
आजाद खान..................................विपक्षी
नोटिस बनाम् :–
आजाद खान, पिता का नाम स्वर्गीय नेयाज खान, निवासी ग्राम गौरसरा,जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश, भारत।
बजरिये इस नोटिस से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका के द्वारा आपके विरुद्ध मेरे न्यायालय के समक्ष मेंटेनेंस मूल वाद संख्या 12 वर्ष 2024, भरण पोषण 125 (सी.आर.पी.सी) दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत दायर किया गया है। जिसमें आपको नजारत के माध्यम से एवं भारतीय डाक विभाग के माध्यम से नोटिस भेजा जा चुका है। इसके बावजूद भी आप न्यायालय के समक्ष तय तारीख पर उपस्थित नहीं हुए। इस कारण इस नोटिस से आपको अंतिम अवसर देते हुए यह ताकीद किया जाता है कि आप दिनांक 28–02–2025 को 10:30 A.M.बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय के समक्ष इस बाद में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा यह माना जाएगा कि आपको अपनी सफाई में कुछ भी नहीं कहना है। इसके बाद की सुनवाई आप के विरुद्ध एकपक्षीय सुनिश्चित होना किया जाएगा।
इसे सख्त ताकीद जाने।
आज दिनांक 18.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।
ह./-
श्री राजेश कुमार सिंह अपर प्रधान न्यायाधीश ॥
अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय ॥
रांची, झारखंड

# राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला आज से, शामिल होंगे मंत्री, सांसद-विधायक

## नगर आयुक्त, डीडीसी और अन्य अधिकारियों ने तैयारियों का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राज्य के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मंगलवार से शुरू होने जा रहा है। मेदिनीनगर सदर प्रखंड के दुबियाखाड़ में आयोजित होने वाले मेले की प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गयी है। डीसी शशि रंजन तैयारी की हरपल जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा है कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला को ऐतिहासिक बनाने को लेकर जिला प्रशासन ने वृहद तैयारी की है। मेला के उद्घाटन समारोह में राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर) विभाग के मंत्री चमरा लिंडा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर शामिल होंगे। इनके अलावा पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पांकी विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव भी भाग लेंगे। मेला को भव्य स्वरूप प्रदान करने को लेकर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, डीडीसी शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीना सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने सोमवार को मेला स्थल का निरीक्षण कर वहां चल रही तैयारियों का जायजा लिया। मेला में जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के 40 से अधिक स्टॉल लगाये गये हैं। जिनके माध्यम से संबंधित विभाग द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जायेगा। साथ ही योजनाओं को लेकर जागरूक किया जायेगा। वहीं मेला में परिसंपतियों को वितरण के साथ ही गोदभराई, अन्न प्रासन्न आदि रश्म पूरी की जायेगी। इस मौके पर जिला कल्याण-सह-जिला खेल पदाधिकारी सेवा राम साहू, मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह आदि उपस्थित थे।


तैयारियों का जायजा लेते डीडीसी, नगर आयुक्त और अन्य।

**पुलिस ने किया मुकेश सोनी गोलीकांड का खुलासा**

# अपराधी प्रिंस यादव गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** शहर के बाजार टांड़ के इलाके में 14 जनवरी को घटित मुकेश सोनी गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित स्पेशल पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल पेशेवर अपराधी प्रिंस यादव उर्फ प्रिंस कुमार को धर दबोचा है। साथ ही घटना में प्रयुक्त देसी मेड पिस्टल व टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल समेत मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि विगत 14 जनवरी की शाम मुकेश सोनी के घर के पास मोटरसाइकिल सवार हथियार बंद अपराधकर्मियों द्वारा गोलीबारी की गयी थी। इस फायरिंग की घटना में मुकेश सोनी को गोली लगी थी। जिसके बाद उसे गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में घायल मुकेश सोनी की मां के लिखित आवेदन पर सदर थाना में चार नामजद और दो अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज की गयी थी। इस मामले में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन के नेतृत्व में स्पेशल टीम का गठन किया गया था। स्पेशल टीम ने ही गुप्त सूचना के आधार पर शहर के दीभा मोहल्ला इलाके से घटना के मुख्य अभियुक्त प्रिंस कुमार यादव उर्फ प्रिंस कुमार को गिरफ्तार किया है। साथ ही गिरफ्तार अपराधी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त काले रंग की टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल और देसी मेड पिस्टल के अलावे स्मार्टफोन मोबाइल बरामद किया गया है।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र सं. 1461 दिनांक 31.01.2025 और Series No. 23-24/R117634 Dated : 31.01.2025 के अनुसार मैं, लगनबास देवी (Laganbas Devi) पति स्व. मुनेश्वर प्रसाद सिंह, निवास स्थान– ग्राम कामगारपुर उत्तरी भाग, कामगारपुर, पो.– कामगारपुर, थाना–हुसैनाबाद, जिला–पलामू, राज्य झारखण्ड – 822116 की स्थायी निवासी हूँ। मै शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ कि नीचे लिखी गई बाते मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है–
1. यह कि मै भारतीय नागरिक हूँ एवं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा नाम लगनबास देवी (Laganbas Devi) है एवं मेरी उम्र लगभग 74 वर्ष है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम–लगनवरत देवी (Laganwart Devi)दर्ज हो गया है, जो गलत है। मेरा आधार सं.– 5327 6533 1465 है।
4. यह कि मेरा वोटर आई.डी. कार्ड एवं अन्य कागजातों में मेरा सही नाम– लगनबास देवी (Laganbas Devi) दर्ज है एवं जन्म तिथि – 01.01.1951 ई. दर्ज है, जो बिल्कुल सही एवं सत्य है। मेरा वोटर आई.डी. कार्ड सं.– एच. जे. एल. 1281463 है।
5. यह कि मै अपना सही नाम लगनबास देवी (Laganbas Devi) को ही अपने आधार कार्ड में दर्ज कराना चाहती हूँ अत: मेरा वोटर आई.डी. कार्ड के अनुसार मेरा आधार कार्ड में सही नाम लगनबास देवी को दर्ज किया जाय।
6. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने आधार कार्ड में अपना सही नाम लगनबास देवी (Laganbas Devi) को दर्ज करने एवं आधार कार्ड में नाम सुधार करने के लिये निष्पादित कर रही हूं।
7. यह कि उपरोक्त सभी बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है।

**AFFIDAVIT**

As per affidavit no. 624 Dated: 07.02.2025 I, ANIL KUMAR son of Indradev Prasad R/o Nepal House Doranda, P. H.E.D. Colony, P.O. and P. S. Doranda, Dist. Ranchi Jharkhand -834002 do here by affirm and declare as follows:-
1. That I am an Indian national and resident of the above mentioned address.
**2.** That my correct name is **ANIL KUMAR** according to all educational certificates.
**3.** That in the Aadhar card no. 2850 44 495 406 my name is mentioned as Manoj Kumar Pal it is my nick name at the time of my childhood.
**4.** That **ANIL KUMAR** and **MANOJ KUMAR PAL** is same and one person.
**5.** That this affidavit is for the purpose of correction of my name as ANIL KUMAR in place of MANOJ KUMAR PAL in the Aadhar Card.
**6.** That the statements made above are true and correct if any found false I shall be responsible for the same. Sworn and signed this at Ranchi on the 7th day of Feb. 2025.

# अब 'आप' का क्या होगा

दिल्ली विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए खुशियों का कमल खिला दिया है, वहीं शून्य का हैट्रिक लगाने वाली कांग्रेस को भी आम आदमी पार्टी (आप) की हार सुनिश्चित करने का संतोष मिला है। लेकिन जो बात इन चुनाव नतीजों को ऐतिहासिक बनाती है, वह है आंदोलन से निकली पार्टी आप का हश्र। उसकी इस हार के विपक्षी ब्लॉक आइएनडीआइए पर पड़ने वाले गंभीर असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

**सबसे मुश्किल दौर :** वैसे, लोकतंत्र में किसी पार्टी के लिए चुनाव हार कर सत्ता से बाहर होना कोई अनोखी बात नहीं है। फिर लगातार दो चुनावों में विपक्ष का लगभग सफाया कर देने वाली आम आदमी पार्टी भले ही सत्ता से बाहर हो गयी हो, लेकिन 43.57% वोट उसे इस बार भी मिले हैं। 22 विधायक भी निर्वाचित हुए हैं उसके। यानी मजबूत विपक्ष की भूमिका में वह अब भी बनी रहेगी। फिर भी इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इन नतीजों के बाद पार्टी अब तक के अपने सबसे मुश्किल दौर में आ गयी है।

**साख पर सवाल :** आंदोलन से निकली इस पार्टी की ताकत यह थी कि इसने वैकल्पिक राजनीति के सपनों को पंख दिये थे। इसके सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल ईमानदारी और सादगी के पोस्टर बॉय बन कर उभरे थे, लेकिन हाल के दिनों में न केवल केजरीवाल की उस साख पर चोट लगी, बल्कि वैकल्पिक राजनीति का पार्टी का दावा भी कमजोर पड़ा।

**दिल्ली के इन चुनावों में जिस तरह से आप और कांग्रेस आमने-सामने दिखी और विपक्षी गठबंधन के कई प्रमुख घटक दल आप का स्पष्ट रूप से पक्ष लेते दिखे, उसके बाद इस विवाद का बढ़ना लगभग तय है।**

**क्या है जोखिम :** पार्टी के केंद्र में हमेशा से केजरीवाल ही रहे। पूरी पार्टी को एकजुट रखने वाले सबसे मजबूत फैक्टर भी वही थे। अब न केवल दिल्ली की सत्ता उनके हाथ से चली गयी है, बल्कि वह खुद अपना चुनाव भी हार गये। उन पर कई मुकदमे भी चल रहे हैं। ऐसे में पार्टी के बिखराव का खतरा मंडरा रहा है। देखना होगा कि पार्टी इस खतरे से कैसे निपटती है।

**आइएनडीआइए पर असर:** दिल्ली के इन चुनावों में जिस तरह से आप और कांग्रेस आमने-सामने दिखी और विपक्षी गठबंधन के कई प्रमुख घटक दल आप का स्पष्ट रूप से पक्ष लेते दिखे, उसके बाद इस विवाद का बढ़ना लगभग तय है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के उस ट्वीट से यह और स्पष्ट हो गया जिसमें उन्होंने दोनों पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा था- और लड़ो आपस में। देखना होगा कि विपक्षी खेमे का यह विवाद कितना आगे बढ़ता है और गठबंधन इससे कैसे निपटता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**एक बच्चे की प्राकृतिक प्रतिभा को निखारना और उसे उसकी पसंद के शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में रचनात्मक रूप से शामिल करना हमारे शैक्षणिक संस्थानों के सामने कठिन चुनौतियां रही हैं। शिक्षकों और नीति निर्माताओं के रूप में हमारी भूमिका एक बच्चे की अनूठी प्रतिभा को विकसित करना है, जिससे वह चुने हुए लक्ष्य में श्रेष्ठता प्राप्त कर सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) 2020 ने प्रतिभा को परिभाषित करने और उसको विकसित करने के तरीके में एक विलक्षण बदलाव किया है।**

# शिक्षा का परिवर्तन एक राष्ट्रीय मिशन है



**धर्मेंद्र प्रधान**

प्रकृति ने अपनी असीम बुद्धि से प्रत्येक मनुष्य को एक अलग पहचान दी है हमारी उंगलियों के निशान से लेकर आंखों की पुतलियों तक, हमारे अनुभव से लेकर विचारों तक, हमारी प्रतिभाओं से लेकर उपलब्धियों तक। मानवीय विशिष्टता के बारे में यह गहन सत्य हमारे समाज की विशेषता रही है और हमारी शिक्षा प्रणाली को इस विशेषता को प्रतिबिंबित करना चाहिए। प्रत्येक बच्चे में कुछ जन्मजात प्रतिभा होती है, कुछ शैक्षिक प्रतिभा से चमकते हैं, अन्य रचनात्मकता के लिए तत्पर होते हैं, कई अन्य एथलैटिक और पेशेवर कौशल से युक्त होते हैं। इस विशिष्टता को दर्शाते हुए, स्वामी विवेकानंद ने एक बार कहा था कि शिक्षा मनुष्य में पहले से मौजूद पूर्णता की अभिव्यक्ति है।

एक बच्चे की प्राकृतिक प्रतिभा को निखारना और उसे उसकी पसंद के शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में रचनात्मक रूप से शामिल करना हमारे शैक्षणिक संस्थानों के सामने कठिन चुनौतियां रही हैं। शिक्षकों और नीति निर्माताओं के रूप में हमारी भूमिका एक बच्चे की अनूठी प्रतिभा को विकसित करना है, जिससे वह चुने हुए लक्ष्य में श्रेष्ठता प्राप्त कर सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) 2020 ने प्रतिभा को परिभाषित करने और उसको विकसित करने के तरीके में एक विलक्षण बदलाव किया है। हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम शिक्षा में संपूर्ण सुधार लागू कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चे की शैक्षिक यात्रा हमेशा रोमांचकारी और यादगार बनी रहे। बच्चे पढ़ाई और परीक्षा के दौरान किसी भी तरह के तनाव और दबाव से मुक्त रहें। यह दृष्टिकोण हमारे शैक्षिक सुधारों का केंद्र है, बुनियादी शिक्षा से लेकर शिक्षा और अनुसंधान के उच्चतम स्तरों तक। कुछ साल पहले, हमारे युवा शिक्षार्थियों के लिए बाल वाटिका या खिलौना-आधारित शिक्षा ने व्यापक संदेह को आमंत्रित किया होगा। आज एनइपी की बदौलत ये अभिनव दृष्टिकोण प्रारंभिक शिक्षा में आमूल-चूल परिवर्तन ला रहे हैं, जिससे सीखना कष्टदायक होने के बजाय एक आनंददायक कार्य बन गया है। हमारी नयी शिक्षा प्रणाली यह मानती है कि प्रत्येक बच्चा अपनी प्राकृतिक प्रतिभा के अनुसार विकास करता है।

**परीक्षा के समय दबाव और तनाव को दूर करने के सभी चरणों को सिखाया जाना चाहिए।**



**माता-पिता और समाज तथा नागरिक पर ये परिवर्तन केंद्रित है। परीक्षा पे चर्चा मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षण सहायक, वातावरण के महत्व को उजागर करने में परिवर्तनकारी रही है। यह एक ऐसी मानसिकता है जिसे केवल 10वीं और 12वीं के छात्रों की बोर्ड की कक्षाओं के अलावा सभी कक्षाओं और सभी उम्र के छात्रों में बढ़ावा दिया जाना चाहिए।**

हमारी क्रैडिट ट्रांसफर नीति जो एक अकादमिक बैंक ऑफ क्रैडिट स्थापित करती है, एक और उन्नतिशील कदम आगे बढ़ाती है। यह माना जाता है कि जीवन का मार्ग हमेशा सीधा नहीं हो सकता है, बल्कि इसमें उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं और सीखना विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न गति से हो सकता है। शिक्षार्थी औपचारिक शिक्षा को रोक सकते हैं क्योंकि वे अपनी रुचि के अनुसार काम करते हैं, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं तथा अपने परिवार का समर्थन करते हैं। सरकार ऐसी संस्कृति विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां परीक्षा में सफलता कभी भी संपूर्ण विकास पर हावी न हो, जिससे हमारे युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान न हो। इस महत्वपूर्ण चुनौती को पहचानते हुए, हमारी सरकार ने परीक्षा से संबंधित तनाव को दूर करने में मदद करना एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बना दिया है। प्रधानमंत्री की अभूतपूर्व 'परीक्षा पे चर्चा' पहल छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के मूल्यांकन के तरीके को बदलने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। छात्रों और अभिभावकों के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत ने परीक्षा की चिंता को राष्ट्रीय संवाद में बदल दिया है। उन्होंने पिछले कई वर्षों से परीक्षाओं को लेकर होने वाली चिंता को दूर करने का प्रयास किया है, जो संवेदनशील दिमाग पर अनावश्यक दबाव डालती है।

प्रधानमंत्री के अपने जीवन और अनुभवों से लिए गए व्यावहारिक सुझावों को परीक्षार्थियों ने खूब सराहा है, जिससे उनका परीक्षा में तनावमुक्त प्रदर्शन आश्वस्त हुआ है। सच्चे नेतृत्व के एक उदाहरण में, हम भारतीयों की भावी पीढ़ी को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी नेता के समर्पण को देख रहे हैं जो राष्ट्र निर्माण में योगदान देता है और राष्ट्र की प्रगति की ओर निरंतर अग्रसर होना सुनिश्चित करता है।

माता-पिता और समाज तथा नागरिक पर ये परिवर्तन केंद्रित है। परीक्षा पे चर्चा मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षण सहायक, वातावरण के महत्व को उजागर करने में परिवर्तनकारी रही है। यह एक ऐसी मानसिकता है जिसे केवल 10वीं और 12वीं के छात्रों की बोर्ड की कक्षाओं के अलावा सभी कक्षाओं और सभी उम्र के छात्रों में बढ़ावा दिया जाना चाहिए। परीक्षा के समय दबाव और तनाव को दूर करने के सभी चरणों को सिखाया जाना चाहिए। रबींद्रनाथ टैगोर के बुद्धिमान शब्दों में, 'बच्चे को अपनी शिक्षा तक सीमित न रखें, क्योंकि वह किसी और समय में पैदा हुआ है।'

शैक्षिक परिवर्तन के प्रति हमारा दृष्टिकोण इसी ज्ञान से निर्देशित है। यह विचार कि शिक्षा में तनाव अनिवार्य है, इस समझ को बदलने की आवश्यकता है कि वास्तविक शिक्षा पोषण करने वाले वातावरण में पनपती है। जब समुदाय, शिक्षक और परिवार मिल कर ऐसा माहौल बनाते हैं, जहां छात्र का विकास हो सके, तो सफलता अवश्य मिलती है। कक्षा से लेकर खेल के मैदान तक, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों से लेकर अनुसंधान प्रयोगशालाओं तक, हमें ऐसे स्थान बनाने चाहिएं जहां अलग-अलग प्रतिभाएं अपनी चमक पा सकें और विकास कर सकें।

पारंपरिक एक-आकार-सभी-फिट दृष्टिकोण को बदलने की कोशिश की जा रही है, ताकि एक से अधिक सूक्ष्म, उत्तरदायी प्रणाली को रास्ता दिया जा सके, जो व्यक्तिगत क्षमता को पहचान सके और उसका विकास कर सकती हो। आज, मैं अपने महान राष्ट्र के प्रत्येक माता-पिता, शिक्षक और नागरिक का आह्वान करता हूं। शिक्षा का परिवर्तन केवल एक सरकारी पहल नहीं है, यह एक राष्ट्रीय मिशन है, जो हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता और सांझा दृष्टिकोण की मांग करता है।

**(लेखक : केंद्रीय शिक्षा मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# 12 को सोहदा गांव में होगा विदिदिरि झंडा दिवस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** जादूगोड़ा से सटे सोहदा फुटबॉल मैदान में सोमवार को आदिवासी भूमिज समाज की बैठक हुई। बैठक में आगामी 12 फरवरी को विददिरि झंडा दिवस मनाने का फैसला लिया और कार्यक्रम की रेखा तैयार की गयी। इस कार्यक्रम में झारखंड, बंगाल और उड़ीसा से 60 सांस्कृतिक टीमें हिस्सा लेंगी। इधर बैठक के बाद आदिवासियों भूमिज समाज के सलाहकार सिदेश्वर सरदार और जयपालसिंह ने कहा कि सुबह 10:30 बजे विददिरि झंडोत्तोलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। जबकि दोपहर 2 बजे माघ बुरु सुसुन अखाड़ा और अंत में सुसन गांवता को सांत्वना पुरस्कार के साथ सम्मानित करने का कार्यक्रम रखा गया है। इसके पूर्व 12 बजे खेल-कूद, भूमिज भाषा प्रतियोगिता, भाषण व दुरांग प्रतियोगिता समेत झारखंड की पारंपरिक जीवन शैली से जुडी महिलाओं, बच्चों और किशोरियों के बीच रस्सी बनाना, पत्ता दोना प्रतियोगिता रखी गयी है। बैठक में आदिवासी भूमिज समाज सलाहकार समिति सदस्य सिद्धेश्वर सरदार जयपाल सिंह, मनोज सिंह, ग्राम प्रधान मनोरंजन सिंह, कालीचरण सिंह जयंती सरदार, बहुला सरदार समेत हेमंत भूमिज समेत कईयों ने हिस्सा लिया।

# युवा शक्ति और राष्ट्रीय एकता देश की सबसे बड़ी ताकत : संजीव सरदार

**सुंदरनगर में वतन को जानो कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पोटका।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के नेहरु युवा केंद्र जमशेदपुर द्वारा पोटका प्रखंड के सुंदरनगर में वतन को जानो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के सातवें दिन मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए।मौके पर विधायक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के अनंतनाग, कुपवाड़ा, बारामूला, श्रीनगर, बड़गाम, पुलवामा जिले से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विधायक के हाथों प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भेट कर पुरस्कृत किया गया।मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा भारत देश में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक अनेको भाषाओं, संस्कृतियों व परंपराओं से जुड़ी हुई है। लेकिन इन सभी के बीच राष्ट्रीय एकता और भाईचारा सबसे महत्वपूर्ण है। भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। श्री सरदार ने कहा कार्यक्रम में केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान तक सीमित नहीं बल्कि यह युवाओं को एक दूसरे को समझने,सीखने और देश के विकास में अहम भूमिका निभाने का अवसर भी प्रदान करती है। मौके पर विधायक श्री सरदार ने युवाओं को सकारात्मक सोच व आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने का आह्वान किया। ताकि एक दूसरे के संस्कृति को अपनाकर देश की अखंडता बनाये रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। विधायक संजीव सरदार ने कहा युवा शक्ति और राष्ट्रीय एकता ही भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं। मौके पर पूर्वी सिंहभूम जिला युवा अधिकारी अंजली कुमारी, बोकारो जिला युवा अधिकारी गौरव कुमार, लातेहार जिला युवा अधिकारी कंचन व कश्मीर युवा प्रतिभागी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शोकाकुल परिवार से मिले समीर मोहंती



**सड़क हादसे में श्रीनिवास पांडा की पत्नी का निधन हो गया था।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बहरागोड़ा।** बीते दिनों पूर्वी सिंहभूम जिले के माटीहाना हाईवे में भंडारशोले निवासी श्रीनिवास पांडा के पत्नी सावित्री पांडा की सड़क हादसे में निधन हो गयी। सोमवार को सूचना मिलने पर स्थानीय विधायक समीर कुमार मोहंती शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। वहीं विधायक ने श्मशान घाट पहुंचकर अंतिम दर्शन किये। विधायक ने ईश्वर से उनके आत्मा की शांति के लिए प्राथना की। मौके पर विधायक के साथ प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा, सचिव गुरुचरण मंडी,गोपन परिहारी, दीपक सिंह, अनंत महंती, दिनेश महाकुड़ सहित अन्य स्थानीय नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला समिति ने अवैध शराब भट्टियों को करवाया बंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** खरसावां प्रखंड की महिला समिति के अथक प्रयास से प्रखंड के रेंगोगोड़ा गांव में अवैध ढंग से संचालित पांच देशी शराब की भट्टियों को बंद करा दिया गया है। अभियान में शामिल महिलाओं ने बताया कि रेंगोगोड़ा गांव खरसावां प्रखंड के सभी नशेड़ियों का अड्डा बन गया था। नशेड़ियों के कारण यहां की महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही थी। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर क्षेत्र की विभिन्न महिला समितियों के सदस्यों द्वारा 7 फरवरी को श्री साईं चबूतरा रेंगोगोड़ा में बैठक किया गया। बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए बैठक समाप्ति के उपरांत अवैध ढंग से संचालित कुल पांच देशी शराब भट्टियों में धावा बोला गया एवं महिलाओं के द्वारा सभी अवैध भट्टी संचालनकर्ताओं को 48 घंटे के अंदर बंद करने की हिदायत दी गयी। समय सीमा बीत जाने के बाद 9 फरवरी को समितियों के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। पांच अवैध संचालित शराब भट्टियों में से तीन संचालनकर्ताओं ने अवैध बिक्री कर रहे देसी शराब को स्वतः नष्ट कर दिया और दुबारा यह गलती नहीं दोहराने की बात कही। परंतु उनमें से अन्य दो भट्टी संचालनकर्ता रमेश बोदरा एवं साहेब बोदरा महिलाओं से उलझ गये। महिलाओं के साथ नोक- झोंक भी हुई परंतु महिलाओं ने डटकर सामना करते हुए अंततः उक्त दोनों को भी बंद करवाया। रमेश बोदरा एवं उसकी पत्नी ने महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करते हुए काफी गाली-गलौज कर रहे थे। महिलाओं ने इसकी शिकायत थाना प्रभारी से करने की बात कही है।

महिलाओं ने बताया कि खरसावां थाना प्रभारी काफी व्यवहारकुशल व्यक्ति हैं.बीते दिनों उन्होंने महिला समितियों को आश्वासन दिया था कि किसी भी प्रकार की सुरक्षा संबंधी आवश्यकता हो तो महिलाएं सीधे तौर पर पुलिस प्रशासन से मदद ले सकते हैं।

# प्रयागराज स्टेशन बंद होने की अफवाह का चक्रधरपुर डीआरएम ने किया खंडन

**चक्रधरपुर (आजाद सिपाही)।** प्रयागराज में लगे महाकुंभ में उमड़ी भीड़ के कारण प्रयागराज स्टेशन बंद होने की अफवाह भरी खबरों को लेकर चक्रधरपुर के मंडल रेल प्रबंधक तरुण हुरिया ने कहा है कि प्रयागराज या उसके आसपास के किसी भी रेलवे स्टेशन में कोई समस्या नहीं है। सोमवार को यहां आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डीआरएम ने स्पष्ट किया कि प्रयागराज एवं उसके आसपास के सभी स्टेशनों में रेलयात्रियों की सुविधा की समुचित व्यवस्था की गयी है और यात्रियों की सुविधा का ख्याल रखा जा रहा है।

# शाह स्पंज के पॉवर प्लांट में लगी आग, करोड़ों का नुकसान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका।** पोटका थाना क्षेत्र के खापरसाई (हाता) में स्थित शाह स्पंज एंड पावर लिमिटेड के निजी पावर प्लांट के 20 एमबीए ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गयी। घटना सोमवार दोपहर की है। घटना के संबंध में सूत्रों ने बताया कि कंपनी के निजी पावर सप्लाई सिस्टम के टीआर 5 सेक्शन में लिकेज था। इसे वेल्डिंग कर ठीक किया जा रहा था कि वेल्डिंग के चिंगारी से ट्रांसफार्मर (20 एमबीए) में आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कंपनी प्रबंधन ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग और पोटका पुलिस को दिया। सूचना पाकर अग्निशमन विभाग और पुलिस मौके पर पहुंची। अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। दो घंटे बाद आग पर काबू पाया गया. ट्रांसफार्मर जलने से कंपनी का पावर सप्लाई बंद हो गया और उत्पादन रुक गया। ट्रांसफार्मर में आग लगने की पुष्टि कंपनी पदाधिकारी सत्यनाथ झा और पोटका पुलिस ने किया है। घटना से कंपनी को करोड़ों रुपये का नुकसान होने का अनुमान जताया गया।

### उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी

# मैट्रिक और इंटर की परीक्षा तैयारी पूरी

**जिला और पुलिस प्रशासन की तरफ से सारी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गयी है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** दिनांक- 11.02.2025 से 03.03.2025 तक वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा- 2025 के तहत आयोजित होने वाली परीक्षा की संपूर्ण तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। उक्त बातों की जानकारी उपायुक्त -सह- जिला दंडाधिकारी शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे द्वारा समाहरणालय के सभाकक्ष में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर दी गयी। उपायुक्त श्री जमुआर ने कहा कि प्रथम पाली में वार्षिक माध्यमिक और द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा संपन्न करायी जायेगी। जिले में 17 प्रखंड अंतर्गत कुल 50 परीक्षा केंद्र बनाये गयें हैं, जिसमें वार्षिक माध्यमिक परीक्षा हेतु कुल 47 और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए कुल 23 परीक्षा केंद्र निर्धारित है। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में कुल 22,092 परीक्षार्थियों के शामिल होने की जानकारी दी गयी, जबकि वार्षिक इंटरमीडिट परीक्षा के लिए कुल परीक्षार्थियों की संख्या 13,865 बतायी गयी है। वार्षिक इंटरमीडिट परीक्षा के लिए कला संकाय में कुल 9,034, विज्ञान संकाय में 4,624 एवं वाणिज्य संकाय में 207 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन कर दिया गया है, जो क्रियाशील है। साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यकतानुरूप वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति भी कर दी गयी है। सभी परीक्षा केंद्रों पर ससमय प्रश्न-पत्र और उत्तर पुस्तिका पहुंचाने एवं वापस लाने हेतु गश्तीदल दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है।



डीसी शेखर जमुआर और एसपी दीपक कुमार पांडे प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए।

पुलिस अधीक्षक श्री पांडे द्वारा उपरोक्त परीक्षाओं की तैयारी को लेकर बताया गया कि परीक्षा को पारदर्शिता के साथ स्वच्छ, कदाचार मुक्त एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने की दिशा में सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराया गया है। जिला एवं पुलिस प्रशासन की तरफ से सारी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। सभी अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा अपने क्षेत्रान्तर्गत बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सभी परीक्षा केंद्रों के आस-पास 100 मीटर की चर्तुदिक दूरी तक निषेधाज्ञा लागू किया गया है। परीक्षा केंद्र के निर्धारित सीमा में परीक्षार्थी एवं परीक्षा से संबंधित लोगों के अलावे अन्य किसी की उपस्थिति को निषेध किया गया है।

उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन परीक्षा को कदाचारमुक्त पारदर्शिता के साथ स्वच्छ वातावरण में सफलता पुर्वक संपन्न कराने को लेकर कृत संकल्पित है। प्रेस वार्ता के दौरान जिले के सभी प्रेस मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण समेत अन्य लोग उपस्थित थें।

# रविकांत को उत्कृष्ट प्रधानाचार्य अवार्ड से सम्मानित किया गया

**झारखंड प्रांत में संचालित विद्या भारती के विद्यालयों में से 11 विद्यालयों के प्रधानाचार्य को सम्मानित किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता





**बंशीधर नगर।** विद्या विकास समिति द्वारा दिनांक 5 फरवरी 2025 से 8 फरवरी 2025 तक गुमला में आयोजित प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक को उत्कृष्ट प्रधानाचार्य का अवार्ड प्रदान किया गया। झारखंड प्रांत में संचालित विद्या भारती के विद्यालयों में से 11 विद्यालयों के प्रधानाचार्य को सम्मानित किया गया। पलामू विभाग में उत्कृष्ट प्रधानाचार्य का अवार्ड के लिए श्री बंशीधर नगर के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक का चयन विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा किया गया। इस पर झारखंड प्रांत के संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, प्रांत प्रचारक गोपाल, अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव, विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्यालीराम, विद्या विकास समिति के प्रदेश मंत्री बृजेश कुमार सिंह, सह मंत्री डॉ पूजा, विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा, विभाग प्रचारक शम्मी, पूर्व प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार तथा संपूर्ण पूर्णकालिक कार्यकर्ता झारखंड प्रांत के समस्त प्रधानाचार्य बंधु भगिनी के समक्ष रविकांत पाठक को उतर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम द्वारा उत्कृष्ट प्रधानाचार्य का अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। इस पर विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, सह सचिव चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, अभिभावक प्रतिनिधि श्रीमती शशिकला ने बधाई के साथ शुभकामनाएं दी।

## शिव के गुरु बना ल हो तर जइब सुगनवां : सत्येंद्र



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल स्तरीय शिव चर्चा का आयोजन सोमवार को ग्राम रंकाखुर्द में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु भजन - 'शिव के गुरु बना ल हो तर जइब सुगनवां' से किया गया। इस अवसर पर रमकंडा, चिनियां, पलामू, छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज, महावीरगंज एवं रंका अनुमंडल के सुदूरवर्ती गांवों से चलकर आए हुए गुरु भाई और बहना ने शिव गुरु स्वरूप चर्चा एवं भजन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि शिव के गुरु बना लेने से जीवन बैकुंठ में तर जाता है। इस अवसर पर 85 लोगों ने शिव को अपना गुरु बनाया। इस मौके पर सत्येंद्र कुमार, सुनील कुमार, शंभू पासवान, सुरेंद्र यादव, अरूण पांडेय, सुजीत कुमार, रमेश विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में गुरु भाई और बहना उपस्थित थे।

# भवनाथपुर गुरुकुल की छत जर्जर कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित भवनाथपुर गुरुकुल की छत जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी है, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। विद्यालय के प्राचार्य ने इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।



गुरुकुल प्रशासन के अनुसार, यह संस्थान अब तक 1368 छात्रों को प्रशिक्षण देकर विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में नौकरी दिलाने में सफल रहा है, लेकिन वर्तमान में इमारत की खराब हालत के कारण छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। विद्यालय की छत में कई जगह दरारें आ गयीं हैं, जिससे बारिश के दौरान पानी टपकता है और दीवारें भी कमजोर होती जा रही हैं।

विद्यालय के प्राचार्य बृजकिशोर सिंह ने बताया कि उन्होंने उन्होंने उपायुक्त और अन्य संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायतें दी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्थान छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए समर्पित है, लेकिन इस जर्जर भवन में काम करना मुश्किल होता जा रहा है। प्रशासन को जल्द से जल्द इस पर कार्रवाई करनी चाहिए।

# गढ़वा में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी 'परीक्षा पे चर्चा' में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी द्वारा आयोजित परीक्षा पे चर्चा के 8वें संस्करण मे भाग लिया। विद्यालय के वर्ग छः, सात एवं आठ के विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साहपूर्वक इस आयोजन में सम्मिलित होकर अपने भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया।

बताते चलें कि 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का आठवां संस्करण 10 फरवरी 2025 सोमवार को आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम में 5 करोड़ से भी अधिक बच्चों को संबोधित किया जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड है। परीक्षा पे चर्चा एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है, और इस वर्ष के संस्करण ने पांच करोड़ से अधिक भागीदारी के साथ पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। जिससे यह अब तक का सबसे आकर्षक और प्रभावशाली संस्करण बन गया है। शिक्षा मंत्रालय ने यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किये हैं कि सभी पृष्ठभूमियों के छात्र, अभिभावक और शिक्षक इस मंच तक पहुंच सकें, जिससे परीक्षा पे चर्चा एक परिवर्तनकारी पहल बन सके, जो युवा मस्तिष्कों का पोषण करे, उन्हें शैक्षणिक सफलता और व्यक्तिगत विकास की दिशा में मार्गदर्शन करें।

विद्यालय के शिक्षकगण ने इस चर्चा के मुख्य विन्दुओं पर बच्चों को ध्यानाकर्षित कराया और जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रेरित किया। परीक्षा पे चर्चा से जुड़कर यहॉ के बच्चों ने शिक्षा के प्रति अपनी लगन और जागरूकता का परिचय दिया। चर्चा के दौरान विद्यालय के शिक्षकगण भी मौजूद थे।

## बिंदास न्यूज के संस्थापक आशुतोष रंजन सिन्हा का निधन



फाइल फोटो पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा।

गढ़वा (आजाद सिपाही)। बिंदास न्यूज के संस्थापक और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से वर्षों से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा का सोमवार की शाम करीब 5 बजे निधन हो गया, वे 40 वर्ष के थे। आशुतोष को पेट दर्द की शिकायत के बाद रविवार को गढ़वा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान सोमवार की शाम में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे दैनिक भास्कर के पत्रकार प्रिय रंजन सिंन्हा के पुत्र थे। वे मूल रूप से कांडी प्रखंड के अधौरा गांव के निवासी थे। उनके असामयिक निधन से परिजनों और पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गयी है।

# विस्थापित संघर्ष समिति और मजदूरों का 51वें दिन धरना जारी

**विधायक अनंत प्रताप देव और सरकार की उदासीनता पर सवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के विधायक अनंत प्रताप देव है, जबकी झारखंड में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की सरकार है, इसके बावजूद सेल (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) के खदान के मजदूर नेता और विस्थापित लोग अपनी मांगों को लेकर पिछले 51 दिनों से इंटक यूनियन (त्रिपाठी गुट) के सुशील चौबे के नेतृत्व में सेल के प्रशासनिक भवन के गेट पर आंदोलनरत हैं। यह आंदोलन लंबा खिंचने से मजदूरों और विस्थापितों में असमंजस और निराशा की स्थिति पैदा हो गयी है। आंदोलन का मुख्य कारण सेल के द्वारा उनकी समस्याओं और मांगों की अनदेखी है। मजदूर और विस्थापित लोग अपनी रोजी-रोटी, पुनर्वास, और रोजगार से जुड़ी समस्याओं के साथ सेल के क्रॉसिंग प्लांट को कटिंग पर रोक लगाने तुलसीदामर बंद खदान को चालू करने की मांग कर रहे हैं। इतने लंबे समय तक आंदोलन जारी रहने के बावजूद प्रशासन और सरकार की ओर से ठोस कदम नहीं उठाये गये हैं, जिससे आंदोलनकारियों में असंतोष के साथ आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है। इस आंदोलन ने स्थानीय राजनीति और प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल खड़े किये हैं।



भवनाथपुर विधान सभा के वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव और झारखंड की जेएमएम सरकार से आंदोलनकारी लोग उम्मीद कर रहे थे कि वे उनकी मांगों को गंभीरता से लेकर शीघ्र समाधान करेंगे। लेकिन सरकार और विधायक की उदासीनता ने उनकी निराशा को और बढ़ा दिया है। इतने लंबे समय तक आंदोलन जारी रहने से आंदोलनकारी मजदूरों और विस्थापित परिवारों पर आर्थिक और मानसिक दबाव बढ़ रहा है। दैनिक जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है, और इस आंदोलन का कोई ठोस समाधान नजर नहीं आ रहा है।

ऐसी स्थिति में, राज्य सरकार और सेल प्रशासन को जल्द से जल्द हस्तक्षेप करना चाहिए और आंदोलनकारियों के साथ सार्थक वार्ता करनी चाहिए। यदि उनकी जायज मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो यह आंदोलन बड़े पैमाने पर असंतोष और अस्थिरता को जन्म दे सकता है। मजदूरों और विस्थापितों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि यह आंदोलन जल्द समाप्त हो सके और लोगों को न्याय मिल सके। विस्थापित संघर्ष समिति और मजदूरों का लंबे समय से चल रहे धरना प्रदर्शन के बारे में झामुमो विधायक अनंत प्रताप देव से पूछने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने कहा कि विधानसभा की बैठक में बैठे हैं, बैठक खत्म होने के बाद बताते हैं।

### झारखंड से सटे यूपी के विंढमगंज में बस-कार की भीषण टक्कर

# महाकुंभ से लौट रहे ओड़िशा निवासी युवक की मौत, चार गंभीर रूप से घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा / श्री बंशीधर नगर।** रींवा-रांची मार्ग पर सोमवार को विंढमगंज थाना क्षेत्र के फुलवार गांव में बस और कार की भीषण टक्कर हो गयी। हादसे में कार सवार रक्तिम पुजारी (35 वर्ष), पुत्र निमाई चरण पुजारी, निवासी राउरकेला, उड़ीसा की मौके पर ही मौत हो गयी। फुलवार ग्राम प्रधान दिनेश यादव ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को डायल 108 एंबुलेंस से सीएचसी दुद्धी भेजा, जहां केंद्र अधीक्षक डॉ शाह आलम अंसारी, डॉ राजेश कुमार और डॉ अणिमा यादव सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी इलाज में जुटे रहे।



मृतक की पत्नी प्रियदर्शनी पात्रा (26 वर्ष) ने बताया कि वे महाकुंभ से अपने घर लौट रहे थे तभी सामने से आ रही बस ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ।

हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायलों में कविता पांडा (60 वर्ष), पत्नी निमाई चरण पुजारी, नरेंद्र राम सत्यपति (55 वर्ष), पुत्र विश्वनाथ, वनिता सत्यपति (52 वर्ष), पत्नी नरेंद्र राम सत्यपति, अमिता स्वाइ (55 वर्ष), पत्नी अमन स्वाइ, मृतक की पत्नी प्रियदर्शनी पात्रा और उनकी डेढ़ साल की बेटी युवंशी पुजारी का इलाज सीएचसी में किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, चारों गंभीर घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।

### जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# 25 फरवरी तक खिलायी जायेगी फाइलेरिया की दवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (MDA 2025) के तहत होने वाले एमडीए 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपायुक्त के साथ-साथ सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, भीबीडी कंसल्टेंट अरविंद द्विवेदी, वार्डन अनूपा तिर्की और पिरामल फाउंडेशन की टीम ने फाइलेरिया रोधी दवा खायी।

उपायुक्त श्री जमुआर ने बच्चियों को संबोधित किया और दवा खाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि जिले के सभी लोग दवा खाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाए और गढ़वा को फाइलेरिया मुक्त बनाने में सहयोग दें। मौके पर सभी ब्लॉक में एमडीए कार्यक्रम के प्रचार- प्रसार के लिए उपायुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।





कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त शेखर जमुआर प्रज्ज्वलित कर करते हुए।

इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ श्री कुमार और भीबीडी कंसल्टेंट ने फाइलेरिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत आज से हो रही है, इस कार्यक्रम का शुभारंभ आज विभिन्न बूथों पर दवा खिलाकर किया जा रहा है। 11 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक सहिया/सेविका द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलायी जायेगी। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, अत्यधिक बीमार व्यक्ति और गर्भवती महिला को दवा का सेवन नहीं करना है। फाइलेरिया जैसे रोग से सिर्फ दवा खाकर ही बचा जा सकता है। सभी लोग दवा जरूर खाएं, यह बिल्कुल सुरक्षित है। इस कार्यक्रम के आयोजन में पिरामल फाउंडेशन की सक्रिय भूमिका रही।

इस दौरान सिविल सर्जन, डॉ अशोक कुमार, डीपीएम नीरज भगत, डीपीसी रोहित कुमार, भीबीडी कंसल्टेंट अरविंद द्विवेदी, सतीश कुमार, मिथिलेश कुमार कुशवाहा, भीबीडी टीम और पिरामल टीम के साथ-साथ सभी शिक्षक कर्मी और बच्चियां उपस्थित रहीं।

## फाइलेरिया मुक्त अभियान की शुरुआत अधिकारियों ने स्वयं दवा खाकर किया



मेराल (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को फाइलेरिया मुक्ति अभियान का शुभारंभ चिकित्सक और अधिकारियों ने स्वयं फाइलेरिया की दवा खाकर किया। बीडीओ सतीश भगत, सीओ यशवंत नायक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार, मुखिया रामसागर महतो, रामप्रताप साव, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, मुखिया पति शंभू राम आदि ने फाइलेरिया की दवा खाकर अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर सुनील कुमार, राम सेवक गुप्ता, दीपेश तिवारी, हुमायूं कबीर सहित कई स्वास्थ्यकर्मी और अन्य लोग मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र ढ़ेकुलिया में एलबेंडाजोल और फाइलेरिया की गोली का वितरण



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। आंगनबाड़ी केंद्र ढ़ेकुलिया में पंचायत की मुखिया बेबी देवी ने बच्चों को एलबेंडाजोल और फाइलेरिया की गोली खिलायी। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को कम किया जा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे इस प्रकार के स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सहयोग करें, ताकि बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इस मौके पर सेविका अनिता राज, सहिया लालो देवी, बीटीटी बृज मोहन राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सुप्रसिद्ध मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ धाम पर जाने वाली सड़क का हाल बदहाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** सुप्रसिद्ध मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ धाम पर जाने वाली सड़क का हाल बदहाल है। यह शक्तिपीठ झारखंड सरकार के द्वारा पर्यटन स्थल के रूप में दर्जा प्राप्त है। फिर भी यहां जाने वाले दर्शनार्थियों को गंदा पानी से होते हुए जाना पड़ता है। कई बार कमिटी जनप्रतिनिधि और प्रशासन को इसकी सूचना दिया, परंतु दुर्भाग्य से इसका अभी तक इस समस्या से निजात नहीं मिल पाया। बताते चलें कि केतार बाजार से मंदिर जाने वाले रास्ते में नाली के अभाव में गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे मंदिर जाने वाले रास्ते में प्रतिदिन सैंकड़ों लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आगामी 13 फरवरी से शतचंडी महायज्ञ को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है, परंतु अभी तक यह समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वहीं मंदिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद ने प्रशासनिक अधिकारियों ने आग्रह किया है कि मंदिर जाने वाले रास्ते में सड़क पर बह रहे गंदा पानी को साफ कराया जाये और ताकि महायज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। वहीं इस संबंध में केतार मुखिया प्रमोद कुमार ने बताया कि इसकी सूचना सीओ को देकर जल्द इसका निराकरण निकाला जायेगा।



## प्रधानमंत्री के 'परीक्षा पे चर्चा' से काफी प्रभावित हुई कस्तूरबा स्कूल की छात्राएं



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रतिष्ठित कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कालामाटी की छात्राएं काफी प्रभावित हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा को लेकर दिये गये एक-एक टिप्स को छात्राओं ने बड़े ध्यान से सुना और देश के अलग-अलग स्कूलों के बच्चों के साथ परीक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि परीक्षा के पूर्व शांत मन से निश्चिंत होकर परीक्षा भवन में प्रवेश करें और परीक्षा में कितने मार्क्स आयेंगे, इसकी चिंता बिल्कुल न करें। परीक्षा के वक्त नकारात्मकता को मन में हावी न होने दें। स्कूलों में 30- 40 प्रतिशत बच्चे फेल होते हैं, लेकिन उनका जीवन रुकता नहीं है, आगे बढ़ता ही जाता है। पीएम ने कहा कि आप उस युग में बड़े हो रहे हैं, जिस युग में असीमित मात्रा में टेक्नोलॉजी है। आप टेक्नोलॉजी से भागे नहीं, टेक्नोलॉजी को जानें-समझें, उसका अधिकतम उपयोग करें।

## पिपरवार में हुआ यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का दूसरा क्षेत्रीय सम्मेलन





**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब मे सोमवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन पिपरवार क्षेत्र का दुसरा क्षेत्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में कुल 91 डेलीगेट उपस्थित हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता धनेश्वर गंझु, रहमतुल्ला और मोहम्मद अब्दुल्लाह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि झारखंड एटक के महासचिव अशोक यादव और विशिष्ट अतिथि मे युसीडब्लुयु के सचिव नरेश मंडल उपस्थित थे। सम्मेलन में पर्यवेक्षक के रूप मे विनोद बिहारी पासवान और प्रेम कुमार उपस्थित थे। सम्मेलन में प्रतिवेदन क्षेत्रीय संयोजक रहमतुल्लाह के द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे चर्चा के बाद बहुमत से पास किया गया। यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नए क्षेत्रीय कमेटी का गठन किया गया। इसके पहले पहला सम्मेलन 2002 में हुआ था। जिसमें स्वर्गीय रामचंद्र राम एरिया सचिव बने थे। सम्मेलन में पिपरवार क्षेत्र के लिए 31 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मोहम्मद अब्दुल्ला, कार्यकारी अध्यक्ष धनेश्वर गंझु, उपाध्यक्ष सेवक गंझु, सचिव अरविंद कुमार शर्मा, सहायक सचिव मोहम्मद रहमतुल्ला, कोषाध्यक्ष ऋषिकेश मिश्रा को बनाया गया। वही कार्यकारणी सदस्य में गीता देवी, हिमांशु चार्टर, सुखदेव राम, शिवनाथ भोक्ता, सरजू सिंह, राजकुमार, बंटी मोदी, अवधेश पांडे, प्रतिमा देवी, भरत नोनिया, रामखेलावन माझी, मोहम्मद अहसान, बालेश्वर महतो, रामजीत राम,चमन महतो को बनाया गया है। कार्यक्रम में यूनियन के गौरवशाली इतिहास पर चर्चा करते हुए यूनियन को मजबूत बनाने और सदस्यता अभियान चलाने का आह्वान किया गया।

## पिपरवार में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के 200 कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के द्वारा पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में आयोजित दूसरा क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान भारी संख्या में पहुंचे यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन का विरोध करते हुए इस्तीफा सौंपा। यूनियन के लोगों ने मनमानी तरीके से क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित कर एरिया कमेटी गठन करने का आरोप लगाते हुए अपना इस्तीफा सौपा। जानकारी के अनुसार बचरा श्रमिक क्लब में चल रहे सम्मेलन के दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता सम्मेलन स्थल पहुंचकर पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित अशोक यादव से मुलाकात किया और अपना विरोध दर्ज कराते हुए कार्यकर्ताओं ने अपना इस्तीफा सौपा। मजदूरों ने कहा कि पिछले कई वर्षों से यूनियन के लिए काम कर रहे लोगों को अनदेखा किया गया है,जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि केंद्रीय नेतृत्व इस पर गंभीर होकर ध्यान नहीं देती है तो आने वाले दिनों में और कार्यकर्ता यूनियन को छोड़ने का काम करेंगें। मजदूरों ने कहा कि आज के सम्मेलन के बाद और मनमानी तरीके से हुई एरिया कमेटी के गठन के खिलाफ करीब 200 से अधिक कार्यकर्ताओं ने अपना इस्तीफा पर्यवेक्षक को सौपा है। इस्तीफा देने वालों में हिमांशु शेखर चार्टर, गणेश राम, चमन महतो,जयशंकर चौधरी, जागे भगत, महावीर महतो, बैजनाथ प्रजापति, महेश महतो, सुरेश राजभर,रतन गंझु,मनोज तुरी,कुलदीप महतो, रामचंद्र मोची, नरेश गंझु सहित कई मजदूर का नाम शामिल है।

## अनुशासित रह कर लक्ष्य निर्धारित करें विद्यार्थी: सकलदीप भगत



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बंदगांव स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर स्कूल में हर्षोल्लास से 14वां वार्षिकोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। साथ ही दसवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शयोर सक्सेस कोचिंग सेंटर, मुरहू के निदेशक सकलदीप भगत और स्कूल के संस्थापक डोगेंद्र पूर्ति ने डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से की। विगत परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन और अनुशासित छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी और मेडल देकर निदेशक सकलदीप भगत और अन्य अतिथियों ने सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया। सकलदीप भगत ने स्कूल के प्रयासों की सराहना की और कहा ग्रामीण क्षेत्र में यह स्कूल बहुत कम फीस में छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षा का अलख जगा रहा है। संचालक डोगेंद्र पूर्ति के साथ-साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं बधाई के पात्र हैं। उन्होंने आगामी मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने विद्यार्थियों से कहा निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। सभी छात्र-छात्राएं अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य निर्धारण कर पढ़ाई करें। मौके पर प्यारी बोदरा, मांगी मुंडरी, सुरजू मुंडू, रवि पूर्ति ,राहिल बोदरा, भलेरिया सोरेंग, मीनाक्षी कुमारी , संजू कुमारी, सुखमणि हुंनी पूर्ति, जशींता डहंगा आदि मौजूद थे।

# खलारी में फायरिंग, सीसीएलकर्मी घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के चूरी परियोजना के निकट सोमवार को दिनदहाड़े अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग की। फायरिंग की घटना में एक सीसीएल कर्मी प्रदीप कुमार साव के पैर मे गोली लगी ।घटना सोमवार की साढ़े दस बजे की है।मिली जानकारी के अनुसार प्रदीप कुमार साव अपने घर पिपरवार बचरा से डकरा माइन्स रेस्क्यू में ड्यूटी आ रहा था। इसी दौरान चूरी परियोजना गेट के सामने एक होटल के पास चाय पीने रुका। तभी तीन पल्सर बाइक पर सवार होकर आए छह नकाबपोश अपराधकर्मियों ने वहां पहुंचकर फायरिंग करने लगे। जिससे वहांअफरा तफरी मच गयी लोग इधर उधर भागने लगे। इसी फायरिंग की घटना में प्रदीप के पैर में गोली लगी ।जिसके बाद प्रदीप को डकरा सेंट्रल अस्पताल में ले जाया गया।जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद रांची रेफर कर दिया गया।मेडिका में प्रदीप भर्ती हैं और स्थिति अभी खतरे से बाहर है।घटना की जानकारी मिलने पर खलारी पुलिस भी घटनास्थल पर पहुची ।उसके बाद अस्पताल जाकर घायल से पूछताछ किया।वही खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी भी चुरी परियोजना स्थित घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।उसके बाद डीएसपी पुलिस जवानों के साथ घटना को लेकर अपराधियों की धर पकड़ के लिए जंगलों में छपेमारी में जुट गई है।डीएसपी काफी दूर तक भी गए ।वही पुलिस ने घटनास्थल से पांच खोखा भी बरामद किया है। चुरी परियोजना में हुई फायरिंग की घटना को लेकर नकाबपोश अपराधी दहशत फैलाने के उद्देश्य से ही आये थे क्योंकि जिस जगह गोली चली है उस होटल के समीप काफी भीड़ रहती है लेकिन प्रत्यक्ष दर्शियो के अनुसार अपराधी हवा में ही फायरिंग कर रहे थे।वही फायरिंग की घटना को लेकर किसी भी संगठन ने जिम्मेवारी नही ली।वही पुलिस पूरे मामले पर छानबीन कर रही है।

## झामुमो मायापुर पंचायत कमेटी का हुआ गठन




अध्यक्ष विश्वनाथ लोहार और सचिव दिलीप यादव बने।

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मायापुर पंचायत भवन में खलारी प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा के संयोजक मंडली की बैठक हुई। अध्यक्षता संयोजक प्रमुख अनिल कुमार पासवान और संचालन जैनुल खान ने किया। बैठक में सदस्यता अभियान चलाया गया और सर्वसम्मति से मायापुर पंचायत कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया। कमेटी में पदाधिकारी के रूप में अध्यक्ष विश्वनाथ लोहार, उपाध्यक्ष तौसीफ अंसारी, सचिव दिलीप यादव, सहसचिव जेवियर एक्का, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार मुंडा के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों को शामिल किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से कलाम रिजवी, जैनुल खान, राजेश गोप, महेंद्र चैहान, चितरंजन सिंह, मुकेश यादव, सुनील यादव, शंभू दास, छोटू राम, रितम कुमारी, कलमतीया भोगता, आशा विनीता एक्का, आकाश एक्का, श्रीनिवास गंझू, अनिल लोहरा सहित अन्य उपस्थित थे।

## डकरा परियोजना में एक दिन के रिकॉर्ड 5424 टन उत्पादन पर कामगारों में हर्ष



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा परियोजना में एक दिन में 5424 टन रिकार्ड कोयला उत्पादन पर कामगारो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। इस अवसर पर कामगारों ने परियोजना के अधिकारियों को बधाई दी है। जिनके कुशल नेतृत्व में एक दिन में रिकार्ड कोयला उत्पादन किया गया है। रिले सी कामगारो ने शिफ्ट में 2136 टन कोयला उत्पादन किया था। रिले सी के कामगारो ने परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, खान प्रबंधक अशोक कुमार, प्रोजेक्ट इंजीनियर एक्सवेशन अजीत कुमार, कमल गोगवानी, प्रोजेक्ट इंजीनियर ईएंडएम प्रकाश गहलोत, प्रीतिस दास, रिले सी के शिफ्ट इंचार्ज बरतु मुंडा, बुल्ला गंझू, दसरथ उरांव, प्रमोद कुमार, अभिराम परेडा, उपेंद्र सिंह, बिगू विश्वकर्मा, संजय गिरी, धीरन मुंडा आदि का नाम शामिल है।

## डकरा परियोजना से सेवानिवृत्त हुए लोकनाथ राणा को इनमोसा ने दी विदाई



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा परियोजना के पूर्व खान प्रबंधक लोकनाथ राणा को सेवानिवृत्त होने पर इनमोसा ने सम्मानित किया। डकरा में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त लोकनाथ राणा को इनमोसा के सदस्यों ने माला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही उपहार भेंट किया। इनमोसा डकरा शाखा के पदाधिकारियों ने कहा कि लोकनाथ राणा डकरा परियोजना में खान प्रबंधक के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। जिनके कार्यकाल की ही देन है कि परियोजना को आज काफी आगे बढ़ा है। उपस्थित लोगों ने उनके स्वस्थ और सुखमय जीवन की कामना की। इस मौके पर संजय सिन्हा, बरतु मुंडा, बुल्ला गंझू, नवीन महतो, सुखराम सेठ, दसरथ उरांव, मंजर हुसैन, प्रमोद कुमार, सुरेंद्र चैहान, एसएन प्रसाद, आनंद राज, महेश भगत, बालमुकुंद पाण्डेय, उज्ज्वल मिंज, संजय आदि उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल खलारी में 12वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल खलारी में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस अवसर पर 12वीं कक्षा के छात्रों एवं उनके माता-पिता के साथ वैदिक हवन का आयोजन करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें स्वअनुशासन और आगामी परीक्षा में अच्छे अंकों से सफल होने के लिए सकारात्मक रहने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य महोदय ने बच्चों को सलाह दी कि आगे की पढ़ाई के लिए कॉलेज अथवा विश्वविद्यालय में जहाँ भी आप पढ़ें, कोई भी कदम उठाने से पहले उसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलू के बारे में सोचें तथा देखें कि इससे हमारे ऊपर क्या प्रभाव पड़ेगा, साथ ही अपने माता-पिता के मान सम्मान का भी ध्यान रखें। विद्यालय के शिक्षकों ने कक्षा 12वीं के बच्चों को उपहार स्वरूप आशीर्वाद देकर सम्मानित किया। **साकेत कुमार हेड बॉय और रिया सिंह हेड गर्ल बनी :** विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थी परिषद का गठन करते हुए सत्र 2025-2026 के लिए कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय के साकेत कुमार को हेड बॉय तथा 11वीं वाणिज्य संकाय की रिया सिंह को हेड गर्ल चयनित किया गया। वहीं 11वीं विज्ञान संकाय के सक्षम आर्य को डिप्टी हेड बॉय और 11वीं विज्ञान संकाय की अंशिका कुमारी गुप्ता को डिप्टी हेड गर्ल के रूप में नियुक्त किया गया। मौके पर प्राचार्य महोदय ने उन्हें जिम्मेदारी का पटका पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही निवर्तमान हेड बॉय ऋषभ चंद्र, हेड गर्ल आशी सिंह, डिप्टी हेड बॉय श्रेयस श्रीवास्तव एवं डिप्टी हेड गर्ल ऋषिका कौर बेदी को भी सत्र 2024-2025 में किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 11वीं और 12वीं कक्षा के सभी बच्चे, उनके माता-पिता और विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे। पुरे समारोह के दौरान मंच संचालन रिया सिंह, साकेत कुमार, उत्पन्ना कुमारी और निखिल कुमार ने किया।

## सड़क दुर्घटना में छात्रा की मौत, दो घायल

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तपकारा थाना क्षेत्र के हुसीर गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में सपना गुड़िया नामक 14वर्षीशिकशोरी की मौत हो गयी।. वह तपकारा थाना क्षेत्र के कमड़ा कुदा टोली की रहनेवाली थी और संत कालासंस स्कूल कमड़ा में आठवीं कक्षा में पढ़ती थी। इस घटना में दो अन्य घायल हो गये। घायलों में गुटूहातु गांव की एनी गुड़िया (17) और हुसीर बड़का टोली का सैंथियल गुड़िया (17) शामिल है। घायलों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल में करने के बाद सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया गया। घटना रविवार की रात लगभग आठ बजे की बताई जाती है। जानकरी के अनुसार तीनों एक स्कूटी पर सवार होकर हुसीर गांव की ओर जा रहे थे। स्कूटी सैंथियल गुड़िया चला रहा था। रास्ते में हुसीर गांव के पास अनियंत्रित होकर तीनोंगिर गये। तीनों को एम्बुलेंस से रेफरल अस्पताल तोरपा लाया गया। घटना की सूचना पाकर झामुमो नेता रूबेन तोपनो, अरमान तोपनो आदि रेफरल अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार का ढाढ़स बंधाया। एएसआइ रामजानुल हक भी रेफरल अस्पताल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

## भानु प्रताप सिंह ने ली कांग्रेस पार्टी की सदस्यता, लोगों ने दी बधाई



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव भानु प्रताप सिंह ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पुर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भानु प्रताप सिंह को विधिवत कांग्रेस पार्टी की सदस्यता प्रदान किए। इस दौरान सुबोधकांत सहाय, केशव महतो कमलेश सहित अन्य पदाधिकारियों ने भानु प्रताप सिंह को माला पहना कर स्वागत किया। वहीं भानु प्रताप सिंह के कांग्रेस की सदस्यता लेने पर जैनुल अंसारी, बंधना उरांव, मंगा उरांव, एनुल अंसारी, अमित कुमार सिंह, तबरेज अंसारी, जमाल खान, मनोज मुंडा सहित अन्य लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# गोवंश पशुओं से लदा ट्रक जब्त, 31 मवेशी मुक्त कराये गये, चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा थाना की पुलिस ने सोमवार को फिर गोवंशीय मवेशियों से लदे एक ट्रक(सीजी 04एमपी 4783) को जब्त कर उस पर 31 मवेशियों को मुक्त कराया। इस मामले में पुलिस ने चार मवेशी तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में अशोक प्रसाद (पंडरा रांची), इनुस भंडारी शमशाद साह, अफरोज फंडारी (सभी मुरगू सिसई निवासी) शामिल हैं। इस संबंध में तोरपा के थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक पर गोवंशीय पशु को लादकर कुछ तस्कर सिमडेगा की ओर से रांची तरफ जा रहे हैं। त्वरित कारवाई करते हुए पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू किया। तड़के लगभग तीन बजे एक ट्रक आता हुआ दिखा।

पुलिस वालों ने उसे रुकने का इशारा किया, पर चालक और तेजी से ट्रक को भगाने लगा। पुलिस कर्मियों ने पीछा कर कर्रा मोड़ के पास ट्रक को रोक लिया। तलाशी लेने पर उसमें 31 गाय-बैल लदे पाये गये। पकड़े गये तस्करों ने बताया कि वे मवेशियों को कटबुल बहार ओडिशा से लेकर सिल्ली जा रहे थे। ज्ञात हो कि इसके पूर्व शनिवार को भी तोरपा थाना की पुलिस ने एक टैंपू पर लदे छह गो वंशीय मवेशियों को मुक्त कराया था और चार तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## पांच बकरी चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पिटाई की, बाद में पुलिस को सौंपा



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के बरदाडीह के पास एक मारूति स्विफ्ट डीजायार कार में बकरा चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने पांच बदमाशों को घेर कर पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दिया। सूचना पर ईचागढ़ और तिरूलडीह थाना मौके पर पहुंचे और चोरों को कस्टडी में लेकर टीकर स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां सभी का इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पुलिस के पहुंचते ही ग्रामीण ओर उग्र हो गए। चोरों के आतंक से परेशान उग्र ग्रामीणों को किसी तरह समझा बुझाकर चोरों को पुलिस कब्जे में लिया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम को कार संख्या जे एच 05 डी डब्ल्यू 0255 में 6-7 बदमाश दयालटांड़ गांव के पास एक बकरे को पकड़ कर कार में रखा । ग्रामीणों को इसकी भनक लगते ही कार का पीछा किया और बरदाडीह के पास पकड़ा। बताया जा रहा है कि पुलिस को उग्र ग्रामीणों से बदमाशों को छुड़ाने में आक्रोश का सामना करना पड़ा, जिसमें तिरूलडीह के एक एएसआइ भी जख्मी हो गये। घटना की सुचना मिलते ही ईचागढ़ थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे, तिरूलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार, चौंका थाना प्रभारी बजरंग महतो, एएसआइ मनिंदर सिंह, रंजीत प्रसाद आदि घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की छानवीन में जुटे। ईचागढ़ थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि ग्रामीणों ने पांच बदमाशों को पकड़ कर रखा था, जहां सभी को कब्जे में लेकर जख्मी हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मामले का जांच किया जा रहा है।

## झारखंड के बुंडू नगर निकाय के चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गयी है

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** झारखंड के बुंडू नगर निकाय का चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गयी है। संभावित उम्मीदवार अभी से ही जनसंपर्क में लग गये है। संभावना है कि नगर पंचायत का चुनाव अप्रैल या मई में होगी। इस बार नगर पंचायत में अध्यक्ष का पद में आदिवासी या पिछड़ी महिला या पुरुष होगा यह अभी किलियर नहीं हो पाया है। नगर पंचायत बुंडू के सभी पद लगभग दो वर्षों से खाली है। इससे यहां के आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। झारखंड उच्च न्यायालय के द्वारा दो सप्ताह में निकाय चुनाव कराने का निर्देश देने के साथ ही निकाय के कर्मचारी अनुमंडल कार्यालय में मतदाता सूची को वार्ड वार करने में लगे हुए है। यहां कुल 13 वार्ड है, इस नगर पंचायत चुनाव में कई चेहरे नये और कई पुराने चेहरे भी शामिल होंगे। पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश उरांव और पुर्व उपाध्यक्ष सुनील जायसवाल भी लगे हुए हैं। जनता उनके द्वारा किये गये कायों की समीक्षा कर रहे हैं। अधिसूचना जारी होते ही लोग रेश हो जायेंगे जो खबरें छन के आ रही है उसमें अध्यक्ष पद के लिए राजेश उरांव, जितेंद्र उरांव, कृष्णा मुंडा, शंकर सिंह मुंडा और विजय बडाइक चुनावी मैदान में खड़े हो सकते हैं।

## पुलिस ने अनुमंडल क्षेत्र में 139 एकड़ भूमि पर लगी अफीम की खेती को नष्ट किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने सोमवार को अनुमंडल क्षेत्र में कुल 139 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। बुंडू थाना क्षेत्र में लगभग 40 एकड़ भूमि। दशम फॉल थाना क्षेत्र में लगभग 18 एकड़ और तमाड़ थाना क्षेत्र में लगभग 71 एकड़, राहे थाना क्षेत्र में लगभग 07 एकड़ भूमि और सोनाहातु थाना क्षेत्र अंतर्गत लगभग 03 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट करने के साथ लोगों को जागरुक भी किया गया। इस अभियान में बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश, बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा, तमाड़ थाना प्रभारी रौशन कुमार, दशम फॉल थाना प्रभारी प्रशांत गौरव, राहे थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह, सोनाहातु थाना प्रभारी चंदन कुमार, विकास के अलावे जैप और सैप के जवान शामिल थे।

## प्रखंड कार्यालय में जिला परिषद अध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने सोमवार को सोनाहातू प्रखंड कार्यालय में अंचल और प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं के साथ-साथ जनकल्याणकारी योजनाओं की बारी बारी से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में पंचायत के जन प्रतिनिधियों की भूमिका अहम होती है। अतः इनके सम्मान में कोई कमी कभी भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रखंड को बेहतर बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर काम करें। इन्होंने अधिकारियों को योजनाओं का निगरानी करने को कहा। मौके पर जिप उपाध्यक्ष बीना चौधरी, पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा, जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, उप प्रमुख सबिता देवी, बीडीओ खगेश कुमार,सीओ मनोज महथा, बीपीओ गोपाल ठाकुर, चिकित्सा प्रभारी डॉ जयराम शर्मा, मुखिया अबनी सिंह मुंडा, सविता देवी, पंसस धरनी देवी, जगदीश महतो, जगन्नाथ सिंह मुंडा, उपमुखिया विपिन पाल, अंचल निरीक्षक बंकिम चंद्र गांगुली, बीटीएम दीनानाथ भगत, मनरेगा बीपीओ बबिता गोस्वामी, सीडीपीओ, पंचायत सचिव अवधेश भगत, अनंत हजाम, रोजगार सेवक अक्षय महतो, प्रदीप कुमार महतो, भगीरथ हजाम समेत सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## राय रेलवे स्टेशन के वजन घर के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा संगम विहार गेस्ट हाउस के पीछे और राय रेलवे स्टेशन के वजन घर के समीप सोमवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले कुछ लोगों ने रेलवे लाइन के बगल दो टुकड़ों में बंटा एक व्यक्ति का शव देखा, इसके बाद इसकी सूचना रेलवे विभाग और स्थानीय पिपरवार पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर रेलवे के कई अधिकारी जीआरपी और पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। शव की पहचान को लेकर आसपास के इलाकों में काफी प्रयास किया गया, लेकिन मृतक व्यक्ति का पहचान नहीं हो पाया है। इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि अनुमान लगाया जा रहा है कि रेलवे लाइन से कट कर व्यक्ति की मौत हुई है, लेकिन पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है। शव की पहचान को लेकर सभी जगह पर पता लगाया जा रहा है। उन्होने कहा कि शव की पहचान होने के बाद ही आगे की कार्रवाई शुरू कर दी जायेगी। फिलहाल जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर रेलवे लाइन में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने के बाद वहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गयी।

### मंत्री ने बेड़ो में बीडीओ, सीओ और कर्मियों के आवास भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# अधिकारियों-कर्मचारियों को मिलेंगी आवास की बेहतर सुविधाएं : शिल्पी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित तहसील कचहरी परिसर में सोमवार को ग्रामीण विकास मद से बीडीओ, सीओ, पर्यवेक्षक के साथ ही तृतीय व चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के आवास निर्माण कार्य का राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। मंत्री ने कहा कि आवास का निर्माण हो जाने से पदाधिकारी के साथ ही अन्य कर्मियों को एक ही छत के नीचे रहने की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आम जनता के साथ ही पदाधिकारियों एवं कर्मियों का भी ख्याल रख रही है। झारखंड के सभी प्रखंड में बीडीओ सह सीओ एवं अन्य कर्मियों का आवास काफी पहले ही जर्जर हो चुका था। प्रखंड मुख्यालय में आवास नहीं रहने के कारण पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रखंड मुख्यालय में रहने पर परेशानी हो रही थी। अब आवास बन जाने के बाद सभी 24 घंटे प्रखंड मुख्यालय परिसर में ही रहेंगे। उन्होंने विभाग के पदाधिकारियों व संवेदक से कहा कि भवन निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय पर कार्य पूरा करें। गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सरकार द्वारा संचालित सभी विभागों की योजनाओं का लाभ उठाने को कहा। इस मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका एक्का, उपप्रमुख मोदस्सिर हक, सीओ प्रताप मिंज, बीपीओ संजय तिर्की, थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, जेई सद्दाम अंसारी, परवेज आलम, करमा उरांव, नवल किशोर सिंह, मो फहीम व मो शमशाद, मकबुल अंसारी आदि मौजूद थे।



आवास निर्माण कार्य का शिलान्यास करतीं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की व मौजूद ग्रामीण।

## मंत्री ने किया बेड़ो सीएचसी का औचक निरीक्षण



**बेड़ो (आजा सिपाही)।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को बेड़ो प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध दवाओं व वैक्सीन की उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इसके बाद पदाधिकारियों को व्याप्त कमियों को शीघ्र ही सुधार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री मरीज वार्ड पहुंची। मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही नवजात शिशु एवं उनकी माताओं से मिलकर उनकी स्वास्थ्य की जानकारी लीं। मंत्री ने बीपीएम अमिता लाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सफल संचालन की व्यवस्था के संदर्भ में आवश्यक निर्देश दिया। इस मौके पर उप प्रमुख मुदस्सीर हक, परवेज आलम, बीपीएम अमिता लाल, नवल किशोर सिंह, मो फहीम व मो शमशाद आदि मौजूद थे।

# इस्लाम तलवार नहीं व्यवहार से फैला है : मंत्री हफीजुल हसन

**कहा- आधुनिकता की होड़ में अल्पसंख्यक समाज के युवा दीनी तालीम से हो रहे दूर रैयती जमीन में स्थित कब्रिस्तानों की घेराबंदी को हम लोग पुनः शुरू करनेवाले हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुढ़मू।** प्रखंड के चकमें मदरसा में जलसा-ए-दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन के अलावा अल्पसंख्यक कल्याण आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम उपस्थित हुए। मंत्री हफीजुल हसन ने मंच का उद्घाटन किया। इस दौरान वक्ताओं ने चकमें मदरसा की उपलब्धियों और इसके संचालन में हो रही कठिनाइयों से अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री को अवगत कराया। इस पर मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि आज आधुनिकता की होड़ में समाज के युवा दीनी तालीम से दूर हो रहे हैं यह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्लाम तलवार नहीं व्यवहार से फैला है। जिसके दिल में कुरान और हाथ में संविधान हो उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। उन्होंने शिक्षित व विकसित समाज के निर्माण की अहमियत को बताते हुए कहा कि मदरसा चलाना आसान नहीं है। मदरसे दीन को कायम करने का दरवाजा है। उन्होंने अपने चार साल के कार्यकाल में रिकार्ड 35000 कब्रिस्तानों की चारदीवारी कराने की बात कहते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने रैयती जमीन में स्थित कब्रिस्तानों की घेराबंदी को बंद कर दिया था, जिसे हम पुनः चालू कराने वाले हैं। इसके साथ ही मौलानाओं को पेंशन देने की योजना सेअवगत कराया। मंच का संचालन प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर शमीम बाड़े हार ने किया। इस मौके पर झामुमो के जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम, मौलाना साबिर, प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उप प्रमुख हरदेव साहू, अंजुमन कमेटी के जाकिर हुसैन, सोनू अंसारी, जाकिर अंसारी, तस्लीम अंसारी, शमीम अंसारी, अख्तर अंसारी आदि मौजूद थे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते मंत्री हफीजुल हसन और अन्य गणमान्य।

## सीआइटी के विद्यार्थियों ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में लिया भाग




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में सोमवार को आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में सीआइटी के विद्यार्थियों-शिक्षकों ने सामूहिक रूप से भाग लिया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और परीक्षा की तैयारियों से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव साझा किया। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से तनावमुक्त रहने, संतुलित आहार लेने, उचित निद्रा अपनाने, आत्मबल विकसित करने और स्वविवेक से निर्णय लेने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों के उत्तर भी दिए। सीआईटी में यह आयोजन कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर संस्थान की उप प्राचार्य प्रो रसिका नवनीत सिंह, डीन (आईक्यूएसीसी) डॉ नवीन सिन्हा, डीन (आरएनडी) डॉ रितेश कुमार, सीएसई विभागाध्यक्ष प्रो दीपक कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को और अधिक मेहनत करने की जरूरत है: हसीब अहमद

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** मौलाना जौहर अली हेल्थ एंड एजुकेशन फाउंडेशन के तत्वावधान चल रहे जीएम मॉडर्न पब्लिक स्कूल मदनपुर में 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। पूर्व जिला परिषद ऐनुल हक अंसारी ने कहा कि शिक्षा वह हथियार है जिससे दुनिया में ऊंचाई और सफलता हासिल की जा सकती है। 1400 साल पहले पैगंबर मोहम्मद साहब ने ज्ञान के माध्यम से सभी बुराईयों को मिटा दिया और शांति व न्याय की स्थापना की। आप बच्चों को भी उनकी शिक्षाओं के अनुसार जीवन यापन करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने स्कूल के शिक्षकों और बच्चों के अनुशासन की भी सराहना की। वहीं, विद्यालय के निदेशक हसीब अहमद ने बच्चों से कहा कि 10वीं कक्षा की सफलता आपकी मंजिल नहीं, बल्कि यह सफलता की पहली सीढ़ी होगी। आपको और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। वहीं, प्राचार्य नकीब अहमद ने कहा कि आपका चरित्र सबसे महत्वपूर्ण चाहिए और हर हाल में इसे कलंकित होने से बचाना चाहिए। वहीं, 10वीं कक्षा की साइमा हसीब और सबा आफरीन ने स्कूल में बिताए पलों का बेहद भावुक अंदाज में वर्णन किया। इस मौके सहायक शिक्षिका इंशा हसन, सबीहा परवीन, हनी हसन, तौहीद आलम आदि उपस्थित थे।



# सकारात्मक सोच के साथ विद्यार्थी आगे बढ़ें, सफलता जरूर मिलेगी: प्रो कुमुदकला

**जीपी हाइस्कूल के 10वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई**

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जीपी हाईस्कूल हेसल में कक्षा 10वीं के छात्र- छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से सोमवार को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम के रांची विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के हेड व डीन डॉ अमर कुमार चौधरी के अलावा श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रो कुमुदकला मेहता शामिल हुई। इस अवसर पर कक्षा नवम के विद्यार्थियों ने विदाई गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ अमर चौधरी ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। आप 10वीं की परीक्षा देने जा रहे हैं। तन मन से पढ़ाई करें और अपना रिजल्ट बेहतर करें। आप सभी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। चाहे पढ़ाई का क्षेत्र हो या खेलकूद का हो या कला कौशल का प्रतिभा के क्षेत्र में इस विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं अव्वल हैं। वहीं, डॉ कुमुद कला मेहता ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ नदी की पानी की तरह आगे बढ़े सफलता अवश्य मिलेगी। कठिन परिश्रमी बने और हमेशा बेहतर करने की सोच रखें। प्राचार्य ब्रजेश महतो ने कहा कि इस विद्यालय के बच्चे काफी मेहनती हैं। अपनी प्रतिभा के बल पर यहां के बच्चे राज्य एवं जिला स्तर पर क्षेत्र का नाम रौशन करते आएं हैं। उन्हें पूरा विश्वास है कि इस बार भी उनके बच्चे बेहतर रिजल्ट के साथ विद्यालय का नाम रोशन करेगें। संचालन बृजलाल महतो ने किया। मौके पर खेदना महतो, मोहन महतो, विमला देवी, सुजीत चौधरी, वीणा तेरेसा तिर्की सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।



## विद्यार्थियों की सुनी गयी समस्याएं, समाधान का आश्वासन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** राजकीय मध्य विद्यालय में मुखिया दीपक बड़ाईक की ओर से सोमवार को बाल सभा का आयोजन करया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी लक्ष्मी भारती शामिल हुईं। बाल सभा में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई। साथ ही स्कूल में बच्चों को होने वाली समस्याओं से भी अवगत हुए। मध्यान्ह भोजन के मैन्यू के अनुसार दिये जाने को कहा गया। इस मौके पर उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, पंसस ललिता देवी, पूर्व मुखिया मीणा देवी, किरण देवी आदि मौजूद थे।

# इटकी के चार केंद्रों पर आज से 1293 छात्र देंगे मैट्रिक की परीक्षा

**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चार परीक्षा केंद्रों पर 1293 परीक्षार्थी मैट्रीक की परीक्षा देंगे। इसके लिए प्रशासन की ओर से सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए इटकी राजकृत बालिका उच्च विद्यालय, शंकरी उच्च विद्यालय, संत एग्नेश वालिका उच्च विद्यालय और संत एग्नेश मध्य विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। कदाचार मुक्त परीक्षा को को लेकर बीडीओ प्रवीण कुमार ने सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें कई दिशा निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि सभी केंद्रों में परीक्षार्थी सीसीटीवी कैमरे की नजर में रहेंगे। इसके बावजूद परीक्षार्थी कदाचार करते पकड़े गये तो उनके खिलाफ शख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए एक जोनल मजिस्ट्रेट के अलावे चार स्ट्रेटीक और चार केंद्राधीक्षक प्रतिनियुक्त किये गये है। वहीं, परीक्षा केन्द्रों में विद्युत, शौचालय, पेयजल, बेंच कुर्सी सहित अन्य बुनियादी व्यवस्था की गई है। बैठक में शेंपू प्रसाद गुप्ता, सन्नी बाखला, मजाज अहमद, मेरी प्रतिभा टुडू, प्रधानाचार्य स्मिता बारला, निलिमा लकड़ा, सपना तिग्गा व रानी डुंगडुंग आदि थे।

## राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ सादाब का चयन




**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मसमानो के रहने वाले सादाब अंसारी ने राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डर चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया है। मूरी स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डर चैंपियनशिप में उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सादाब अंसारी पहले ही रांची जिला बॉडी बिल्डर का खिताब जीत चुके है। सादाब ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती है। मेहनत और लगन से हर सफलता को पाया जा सकता है। सादाब भाजपा नेत्री सोनी तब्बासुम के बेटे है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बहन रेखा सोरेन और विधायक अमित महतो, प्रशिक्षक वसीम राजा ने भी उनकी शानदार सफलता पर बधाई दी है।

## लापुंग में 1050 परीक्षार्थी देंगे मैट्रिक की परीक्षा

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में मैट्रिक की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो रही है। चार केंद्रों में कुल 1050 परीक्षार्थी परीक्षा देंगें। राजकीय मध्य विद्यालय जातालोया में 167, राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग में 224, राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय में 365 और इंटर महाविद्यालय में 294 छात्र-छात्राए परीक्षा देंगें। जातालोया के केंद्राधीक्षक प्रताप राय, इंटर महाविद्यालय लापुंग का नीलम लकड़ा, राज्यकीय मध्य विद्यालय के मनोज कुमार नाग, राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय का प्रधानाचार्य अमरेंद्र कुमार राय को बनाया गया है। शांति पूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए शास्त्र बल के जवान तैनात रहेंगे ।साथ ही मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त किया गया है।

# टाटीसिलवे में 15 से 22 फरवरी तक होगी भव्य श्रीमद्भागवत कथा, तैयारियां अंतिम चरण में

### 14 को कथा स्थल से निकलेगी भव्य कलश यात्रा, 2100 महिलाएं होंगी शामिल

**इंद्रेशजी महाराज करायेंगे श्रीमद् भागवत कथा का अमृतपान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** टाटीसिलवे के इइएफ मैदान में 15 से 22 फरवरी तक श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इसमें प्रख्यात कथा वाचक इंद्रेशजी उपाध्याय 8 दिन तक भागवत प्रेमियों को भागवत के सभी प्रसंगों का उल्लेख कर श्रद्धालुओं को आनंदित करेंगे। सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को लेकर आयोजन समिति के कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर तैयारियों की जानकारी दी गयी। अध्यक्ष रासेश्वर नाथ मिश्र ने बताया कि टाटीसिलवे श्रीमद्भागवत कथा आयोजन समिति की ओर से तीसरी बार कथा का आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले 2014 एवं 2016 में कथा का आयोजन किया जा चुका है।

इस बार विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक के श्रीमुख से भागवत प्रेमी कथा का अमृतपान करेंगे। रासेश्वर नाथ मिश्र ने बताया कि कथा के आयोजन को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो गयी है। पंडाल निर्माण कार्य अंतिम रूप ले रही है। कथा स्थल पर ही भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। यहां 8 दिन भगवान विराजमान रहेंगे। 15 से 22 फरवरी तक कथा दोपहर 3 बजे से शुरू होगी। आठों दिन अलग-अलग तरह के प्रसाद भोग का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा भक्तिपाठ यूट्यूब चैनल में कथा का लाइव प्रसारण होगा। श्रीमद्भागवत कथा के मुख्य संरक्षक राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ हैं।






### विशाल पंडाल में 10 हजार लोग बैठ कर सुन सकेंगे कथा

सचिव मनोरंजन मिश्र ने बताया कि पंडाल का निर्माण बड़े आकार में कराया जा रहा है। पूर्व के आयोजनों में अत्याधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए इस बार पड़ाल में 10 हजार से ज्यादा लोगों के बैठ कर कथा सुनने की व्यवस्था की गयी है। पूरे आयोजन के दौरान 100 कार्यकर्ता, लगभग 30 पुलिस बल, 14 सिक्युरिटी गार्ड, 25 सीसीटीवी कैमरा और साक्षात हनुमानजी कथा आयोजन के लिए सुरक्षा के अधिकारी के रूप में होंगे। कोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद ने बताया कि कथा से पूर्व 14 फरवरी को विशाल कलश यात्रा निकाली जायेगी। यह यात्रा कथा स्थल से निकल कर स्वर्णरेखा नदी तक जाकर वापस कथा स्थल लौटेगी। इसमें शामिल होने वालों को 14 फरवरी सुबह कथा स्थल (ब्रज धाम) में पहुंचना अनिवार्य होगा। 2100 कलश यात्रियों का निबंधन कार्य प्रगति पर है। कलश यात्रा के लिए कुल 7 खंड में 300-300 की संख्या में महिलाएं यात्रा में शामिल रहेंगी।

### थैलेसिमिक बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का भी आयोजन

श्रीमद्भागवत कथा के दौरान प्रतिदिन कथा स्थल पर ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया जायेगा। यह रक्तदान शिविर थैलेसिमिया, सिकल-सेल-एनिमिया, हिमोफिलिया जैसे रोग से पीड़ित जरूरतमंदों के लिए लगाया जायेगा। इस दौरान कथा स्थल परिसर में दो शू स्टैंड होगा, दिल्ली की एक्सपर्ट टीम इसका संचालन करेंगी। इसमें धार्मिक वस्तुओं की बिक्री के लिए स्टॉल लगाये जायेंगे।

## भाजपा नेता का भंगी नदी में हुआ अंतिम संस्कार



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के भाजपा नेता व समाजसेवी वीरेंद्र साहू का शव गुमला सदर पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को लापुंग पहुंचा। जिसे देखकर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं, भंगी नदी में शाम चार बजे उनका अंतिम संस्कार किया गया। बड़े बेटे ने मुखाग्नि दिया। वह अपने पीछे दो बेटा, एक बेटी और पत्नी को छोड़ गये हैं। बतातें चलें कि आठ फरवरी की शाम छह बजे भरनो थाना के डूड़िया सड़क पर बाइक और ऑटो के बीच टक्कर हो गयी थी। जिसमें वीरेंद्र साहू गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इस दिन उन्होंने दम तोड़ दिया। बतातें चलें कि वीरेंद्र साहू की पत्नी यशोदा देवी लोहरदगा बाल विकास परियोजना में कार्यरत हैं। उन्हें लाने वीरेंद्र डारहा जा रहे थे। उधर, शव यात्रा में भाजपा नेता सन्नी टोप्पो व रामनारायण भगत सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

## दिवंगत पत्रकार की प्रथम पुण्यतिथि पर किया गया नमन



**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल पांडुनेशवर धाम परिसर एवं नगडी पंचायत भवन में सोमवार को प्रखंड के दिवंगत पत्रकार प्रदीप महतो की पहली पुण्यतिथि पर शोक सभा आयोजित हुई। जिसमें क्षेत्र के दर्जनों लोग एवं जनप्रतिनिधि ने दिवंगत पत्रकार प्रदीप महतो द्वारा किए सामाजिक कार्य को याद कर नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रदीप महतो ने आम जनों के बीच अखबार के महत्व को बखूबी समझाया। क्षेत्र की जटिल हो या साधारण समस्या को अखबार के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने में सराहनीय भूमिका निभायी थी। वे मधुरभाषी और मिलनसार व्यक्तिथे। इस मौके पर लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, नगडी प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप, तपेश्वर केसरी, केदार महतो, श्याम महतो, दिनेश महतो, दिलीप महतो, पंकज महतो, रितेश महतो, नगडी प्रखंड क्षेत्र के जिप सदस्य पूनम देवी , उप प्रमुख अफसाना, पंसस शीला देवी, गुलरेज अंसारी आदि ने शोक प्रकट किया।

## महाकुंभ के लिए 55 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुको गांव से प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धा की डुबकी लगाने के लिए 55 श्रद्धांलुओं का जत्था बस से रवाना हुआ। सतेंद्र साहू के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का यह जत्था सबसे पहले प्रयागराज के महाकुंभ में संगम स्नान करेंगे। इसके बाद विंध्याचल व अयोध्या जायेंगें। सुशील साहू ने सभी श्रद्धालुओं को लाल गमछा व तिलक लगाकर बस में बैठाकर गायत्री मंत्र का उच्चारण कर रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह जत्था सर्वप्रथम अयोध्या के राम मंदिर में पूजा-अर्चना कर काशी प्रयागराज के महाकुंभ के संगम में अमृत स्नान करेंगे। उसके बाद वहां से बनारस पहुंचकर पूजा-अर्चना करने के बाद सभी श्रद्धालु वापस लौटेंगे।

## जामडीह राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों को मिली विदाई



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गांव जामडीह राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामडीह में कक्षा दसवीं के छात्र छात्राओं को विदाई दी गयी। इस कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां पेश किया। प्रधानाध्यापक विजय नाग ने आगामी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाला छात्रों के बीच एडमिट कार्ड वितरण किया और शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षा सरस्वती कुमारी रही तथा कार्यक्रम में गांव के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा का वितरण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा सहित प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी कर्मी द्वारा दवा का वितरण किया गया। इस क्रम में फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए लोगों को दवा खिलायी गयी। साथ ही इसके लाभों के बारे में जानकारी दी गयी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा के चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों के काटने से फैलने वाला गंभीर रोग है। जो समय पर दवा लेने से रोका जा सकता है। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त बनाना है। गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को छोड़कर बाकी सभी व्यक्तियों के यह दवा लेनी है। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

## देव कांप्लेक्स में देव मेडिकल हॉल का उद्घाटन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** मेन रोड स्थित देव कॉम्प्लेक्स स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बगल में देव मेडिकल हॉल का विधिवत पूजा अर्चना कर मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, बैजनाथ जालान कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अमिताभ भारती, पुर्व शिक्षक पीताम्बर झा,समाजसेवी भगवान दास के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य उत्तरी विजयालक्ष्मी कुमारी, बैजनाथ जालान कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ आदित्य विक्रम देव, उनकी धर्मपत्नी किरण देव, पूर्व उप प्रमुख दीपक अधिकारी, समाजसेवी रोहित शर्मा, रामावतार जायसवाल, साहू प्रकाश लाल, प्रोफेसर सुरेश साहू, एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## दिव्य ज्योति कलश यात्रा आज गुमला में

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गायत्री परिवार के संस्थापक आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा एवं माता जी के अखंड द्वीप के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में पूरे भारतवर्ष में दिव्य ज्योति कलश यात्रा का रथ परिभ्रमण कर रहा है। इस रथ यात्रा का 11 फरवरी को गुमला की धरती पर सुबह 11 बजे बडाईक मुहल्ला स्थित गायत्री शक्तिपीठ गुमला में आगमन हो रहा है। जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी सुनील कुमार दास ने लोगों से अपील की है कि गुमला के सभी श्रद्धालुगण इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ गुमला में आकर कलश यात्रा रथ का दर्शन एवं पूजन कार्यक्रम में भाग लें।

## बाइक के टक्कर से बच्चा घायल, शिकायत दर्ज



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के पालकोट रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के समीप सोमवार दिन के 2:00 बजे नशे में धुत बाइक सवार ने आगे चल रहे हैं बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में वृंदा बहवार टोली निवासी शाल प्रधान का 5 वर्षीय पुत्र विवेक प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके चेहरे में काफी चोट लगी है। शाल प्रधान ने बताया मैं मेरी पत्नी और मेरा 5 वर्षीय पुत्र गुमला आ रहे थे। वहीं सिसई रोड जाने के लिए जैसे ही पालकोट रोड से मुड़े पीछे से एक बाइक सवार जोरदार टक्कर मार दिया। बाइक सवार दोनों युवक नशे में थे। इसके बाद घायल बच्चे को लेकर हम लोग सदर अस्पताल पहुंचे और उसका इलाज कराया इसके बाद अपराह्न 4 बजे गुमला थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। परिजनों ने बताया दोनों युवक नशे में धुत थे और काफी तेज रफ्तार से बाइक चला रहे थे। वही लोगों ने बताया कि दोनों युवक शहर के शांति नगर के रहने वाले हैं।

## देवकी देवी ने गुमला शहर की समस्याओं के निराकरण के लिए सीएम को सौंपा ज्ञापन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन की अध्यक्ष देवकी देवी ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन देकर गुमला शहर की समस्याओं के निराकरण की मांग की है। मुख्यमंत्री को आवेदन देकर देवकी देवी ने बताया कि शहर के जशपुर रोड डेली मार्केट में सब्जी बेचकर जीवन यापन करने वाली महिलाओं को उक्त स्थान से हटाने का अल्टीमेटम दिया गया है। जहां इन्हें हटाकर नर्सरी लगाने का प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। उन्हें इस स्थान पर सब्जी बेचने दिया जाये। गुमला जिला को रेल लाइन से जोड़ा जाये। बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में पूर्व की भांति सारी सुविधा बहाल की जाये। गुमला जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए उपायुक्त महोदय के दिशा निर्देश में सभी मुखिया, वार्ड पार्षद, नेतागण, सामाजिक राजनीतिक बुद्धिजीवी, पंचायत प्रतिनिधि की बैठक बुलाकर नशा मुक्त गुमला बनाने के लिए आवश्यक पहल की जाये। काम की तलाश में गांव से शहर पहुंच कर प्रतिदिन मजदूरी करने वाले दिहाड़ी मजदूरों के लिए सेड की व्यवस्था की जाये। सरकारी शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त एवं सरकारी चिकित्सा व्यवस्था को आम जनों के लिए सहज, सरल और बेहतर ढंग से स्थापित करने की पहल की जाये।

# गुमला में मैट्रिक के 55 परीक्षा केंद्र बने

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा जैक द्वारा संचालित माध्यमिक और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के निमित प्रतिनियुक्ति किये गये सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों सहित पेट्रोलिंग दल के मजिस्ट्रेट के साथ पारदर्शिता पूर्वक एवं शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षाओं के आयोजन को लेकर बैठक करते हुए उचित दिशा निर्देश दिये गये। ज्ञात हो कि बोर्ड परीक्षा अंतर्गत जिला में मैट्रिक के लिए कुल 55 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं जिसमें 13898 परीक्षार्थी भाग लेंगे। वहीं इंटरमीडिएट अंतर्गत कला वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय को मिलकर कुल 8931 परीक्षार्थी भाग लेंगे। उपायुक्त द्वारा कहा गया कि कदाचारमुक्त एवं पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजन एवं विधि व्यवस्था के संधारण के लिए निर्देश दिये गये हैं तथा कोषागार में ब्रजगृह बनाते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना करते हुए सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी की स्थापना तथा निगरानी हेतु उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। परीक्षा संचालन हेतु उपायुक्त द्वारा शशिंद्र कुमार बड़ाइक अपर समाहर्ता गुमला को जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी नामित करते हुए तीनों अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी को अनुमंडल स्तरीय उड़नदस्ता दल के पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है। पूरे बोर्ड परीक्षा के शांतिपूर्ण तरीके से सफल संचालन हेतु उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो तथा पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय वीरेंद्र टोप्पो को प्रभारी बनाया गया है। इस अवसर पर उपायुक्त द्वारा सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों शिक्षकों तथा परीक्षा कार्य में संलग्न सभी लोगों सहित जन सामान्य से पारदर्शितापूर्ण तरीके से बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन में सहयोग की अपील की गयी है।

## गुरुकुल छात्रवृत्ति परीक्षा में 400 विद्यार्थी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला मुख्यालय डीएसपी रोड स्थित गुरुकुल शिक्षण संस्थान के द्वारा छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय में किया गया। उक्त परीक्षा में जिले भर से 400 विद्यार्थी शामिल हुए। गुरुकुल के निदेशक रविन्द्र सिन्हा ने बताया कि छात्रवृति परीक्षा के आयोजन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं कि तैयारी निःशुल्क करवाना है साथ ही संस्थान में नामांकन के पश्चात सभी विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित आवश्यक पुस्तकें भी निःशुल्क उपलब्ध करवायी जायेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थी काफी लाभान्वित होते है और प्रतियोगिता परीक्षाओं को लेकर जागरूकता का भी प्रसार होता है और विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने हेतु एक अवसर प्राप्त होता है। परीक्षा संपन्न होने के पश्चात संस्थान के निदेशक रविन्द्र सिन्हा ने विद्यालय के सभागार में सभी विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित कई महत्वपूर्ण टिप्स दिये और उनका उत्साहवर्धन किया। परीक्षा के आयोजन को सफल बनाने में संस्थान के शिक्षक अंकित भगत, अनुपा कुमारी, विवेक सतपति, मनमोहन प्रसाद, तपन दास, खिलेश्वर साहू, किशन कुमार, अनिशा सिंह, प्रेमा उरांव, प्रीति कुमारी सहित छात्र रितेश तिर्की, अमर कुमार, शिवम चीक बड़ाइक, ललित उराव, धरमदेव उरांव, बिशुन उरांव, अंकित कुजूर, सोमिर उरांव,प्रेमचंद उरांव, बेनिडिक्ट मिंज, द्रोणाचार्य सिंह जितेंद्र उरांव,पुनीत कुमार सहित अन्य लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## चोरी की घटनाओं से परेशान गुमला चैंबर ने की थानेदार से मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधमंडल गुमला के सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह से औपचारिक मुलाकात की। गत 10 फरवरी यानी सोमवार को दिन के 11:00 बजे चेंबर का एक प्रतिनिधिमंडल चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में गुमला सदर थाना पहुंचे। गुमला शहर में इधर लगातार चोरी की कई घटनाओं पर चर्चा की गयी। मुख्य रूप से मेन रोड में चार-पांच घटनाएं हो चुकी है। कल गुमला मेन रोड में अमर मेडिकल में शटर तोड़कर चोरी घटना को अंजाम दिया गया था। इसी संबंध में थाना प्रभारी से विस्तृत चर्चा हुई चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि लगातार घटनाएं बढ़ रही हैं और चोर पकड़ में नहीं आ रहे हैं थाना प्रभारी ने विषय को गंभीरता से लेते हुए विभाग की कार्यशैली से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि रात में कई टीम गशती कर रही है। वे स्वंय रात को 1:00 बजे भी चक्कर लगा कर आये है। लेकिन फिर भी कहां पर चुक हो रही है कि चोर पकड़ में नहीं आ रहे हैं बड़ी हैरत की बात है फिर भी उन्होंने आश्वस्त किया कि हम लोगों के पास और भी रणनीति है हम बहुत जल्द चोर को पकड़ लेंगे, मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ सचिव बबलू वर्मा, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सहसचिव प्रणय साहू, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, मीडिया प्रभारी मोहम्मद इम्तियाज, पूर्व अध्यक्ष अमित महेश्वरी, दिनेश अग्रवाल और मुन्नीलाल साहू आदि उपस्थित थे।

## एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट में कुंदी की टीम ने जमाया कब्जा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में सोमवार को पांच दिवसीय शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 का खिताब कुंदी एलेवन की टीम ने 25 रन से जीतकर अपने नाम कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कुंदी की टीम 70 रन ही बना पायी। इसके जवाब में बुढ़मू की टीम मात्र 45 रन पर ही सिमट गयी। टूर्नामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, बंझिला पंचायत की मुखिया सोहंती एक्का, तबारक खान, मो. मिस्टर, जेवियर खलखो, मो. शाकिब, गोपी नायक ने खिलाड़ियों से परिचय कर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों और समिति के सदस्यों का हौंसला बढ़ाया।

इससे पहले सोमवार को टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल गोपी एलेवन और कुंदी एलेवन के बीच खेला गया। जिसमें कुंदी की टीम तीन रन जीतकर फाइनल में पहुंच गयी। पहले बल्लेबाजी करते हुए कुंदी की टीम 95 रन का स्कोर खड़ा की। इसके जवाब में गोपी एलेवन की टीम 92 रन पर सिमट गयी। वहीं दसरा सेमीफाइनल सोसई आश्रम और बुढ़मू एलेवन के बीच खेला गया। इसमें बुढ़मू की टीम आठ विकेट से जीतकर फाइनल में पहुंची। पहले बल्लेबाजी करते हुए सोसई की टीम 45 बन पर ही सिमट गयी। इसके जवाब में बुढ़मू की टीम दो विकेट पर ही 46 रन बनाकर फाइनल में पहुंच गयी। विजेती टीम कुंदी को प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने 50 हजार नगद व बड़ा ट्राफी और उप विजेता बुढ़मू की टीम को मुखिया सोहंती एक्का, तबारक खान, मो. रशीद, मो. खालिद ने 30 हजार नगद व बड़ा ट्राफी देकर सम्मानित किया। साथ ही तीसरे स्थान पर रही सोसई आश्रम की टोम को कांग्रेस के अमित खलखो, मो. राजा 55 सौ नगद व ट्रॉफी और चौथे स्थान पर रही गोपी एलेवन की टीम को जेवियर खलको, मो. शाकिब, वसीम खान, नेसार खान ने पांच हजार नगद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## 174 बूथों में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड मुख्यालय सहित कुल 174 बूथों में सोमवार को राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड मुख्यालय परिसर में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ललिता मिंज के नेतृत्व में प्रमुख मीना देवी, बीडीओ रमेश कुमार यादव द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। इस दौरान डॉ ललिता मिंज ने कहा कि प्रत्येक वर्ष दस फरवरी को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाता है, इसके तहत प्रखण्ड मुख्यालय के एक सौ चौहत्तर बूथों में शिविरों के माध्यम से लोगों को फाइलेरिया का दवा खिलाना सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम के तहत 25 फरवरी तक स्वास्थ्यकर्मियों घर घर जाकर लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलायी जायेगी। इस कार्यक्रम के तहत कुल एक लाख बयालीस हजार जनसंख्या को फाइलेरिया का दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। एमपीडब्लू सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए कहा गया कि फाइलेरिया एक लाईलाज बीमारी है, जो मच्छरों के काटने से होता है इसका मुख्य लक्षण है लोगों के पैरों में सूजन से पांव फूलकर हाथी पांव हो जाना और हाइड्रोसील का बढ़ जाना। शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। इस तरह के लक्षण दिखाई पड़ने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य विभाग में जाकर डॉक्टर से सलाह अवश्य लें। मौके पर रेफरल अस्पताल सिसई के एमपीडब्लू सुनील कुमार, एमपीडब्लू निर्मल जुनूस कुजूर, एमपीडब्लू रोशन लकड़ा, सुपरवाइजर सीताराम मुंडा, समाज सेवी रोहित शर्मा, स्वास्थ्य कर्मी, प्रखंड कर्मी सहित अन्य लोग मौजूद थे।


**कार्यालय जिला स्वास्थ्य समिति**
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार)
सदर अस्पताल परिसर, कोडरमा
E-mail: cs.koderma4@gmail.com

पत्रांक ..........................कोडरमा, दिनांक ..............................

**नियुक्ति संबंधी आवश्यक सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जिला स्तरीय विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0 01/2024 एवं 02/2024 के तहत आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.02.2025 को जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा अंतिम रूप से दावा आपत्ति का निराकरण करने के उपरांत लिखित परीक्षा हेतु **योग्य** आवेदकों की सूची www.koderma.nic.in पर **upload** कर दिया गया है। सूची के अनुसार योग्य अभ्यर्थियों के लिए **दिनांक 18.02.2025 (मंगलवार)** को लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। लिखित परीक्षा में भाग लेने हेतु परीक्षा से पहले प्रवेश पत्र (Admit Card) www.koderma.nic.in से Download किया जा सकेगा। परीक्षार्थी को परीक्षा में शामिल होने के लिए वैद्य पहचान पत्र की मूल प्रति एवं प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटे पहले परीक्षा केन्द्र में पहुँचना होगा।

सिविल सर्जन
कोडरमा

PR 346224 (Health Med Edu and Family Welfare)24-25*D



**कार्यालय नगर परिषद, चतरा।**

पत्रांक–152/न0प0, दिनांक–10.02.2025

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, चतरा अन्तर्गत शहीद विनय भारती पार्क सैरात की बन्दोबस्ती उनके नाम के सामने अंकित अवधि तक के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक–18.02.2025 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न से कार्यालय नगर परिषद, चतरा के सभा कक्ष में की जायेगी। किसी कारणवश उक्त तिथि को डाक नही होने की स्थिति में दिनांक–19.02.2025 को निर्धारित समय पर डाक होगा।

| क्र. | सैरात का नाम | अवधि | सुरक्षित राशि | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शहीद विनय भारती पार्क | कार्यादेश की तिथि से एक वर्ष तक के लिये मान्य होगा। | 2,75,000.00 | 27,500.00 |

नोटः– 1. डाक बोलने का स्थान : कार्यालय नगर परिषद, चतरा का सभाकक्ष एवं तिथिः–18.02.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे।
2. डाक के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद, चतरा।

PR 346178 (Urban Development) 24-25 (D)



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**e-Procurement Tender Notice**
**Tender Reference No. :- DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-25/2024-25**
**Letter no - 156 Date :- 10 /02/2025**

| Group No | Scheme Name | Estimated Cost (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Padma Upgraded Middle School in Vill.- padma, Block- Padma | 96,41,300.00 | 11 Months |
| 2. | Renovation of Ambajit Upgraded Middle School in Vill- Ambajit, Block- Barkagaon | 76,27,800.00 | 11 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on website | 24.02.2025 at 3:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 05.03.2025 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 05.03.2025 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 07.03.2025 at 03:00 P.M |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 7. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

**Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.**
**2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.**
**3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in**

**Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Hazaribag.**

PR 346238 (Minor Irrigation)24-25*D



**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –34/2024–25
**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 18.02.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 19.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 19.02.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Replacement of Sanitary fittings, CP fittings and other allied works at ACB Office, Ranchi under D. W. & S. Division Gonda, Ranchi. | 100197.00 | 3000.00 | 500.00 | 07 Days |
| 2. | Renovation of Toilet,bathroom and kitchen & Improvement of W/S and Sanitary Fittings & Sewerage Work at Qtr.No B/6,Audrey House Campus,Ranchi under D.W.& S.Division, Gonda, Ranchi. | 389512.00 | 8000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 3. | Repair and Replacement of toilet & bathroom and Vat with improvement of W/S, S/I, sewerage work and its allied work in Rajbhawan Hospital at Audrey House Campus, Ranchi under D. W. & S. Division Gonda, Ranchi. | 396046.00 | 8000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 4. | Construction of Toilet cum bathroom and water supply arrangement at Hon'ble Speaker Jharkhand Vidhan Sabha Residence-03 Campus staff quarter Kanke Road Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 502726.00 | 11000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 5. | Renovation of 2 Nos bathroom (Guard Room),Improvement of W/S & allied work at Quarter of old Chief Engineer building Deputy Para Ranchi. under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 717052.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 6. | Supplying & Installation of 2000 LPH Reverse Osmosis system, 5000 Liters HDPE stoarge tank with water supply arrangement & its allied works premises areas at Rajbhawan, Kanke Road, Ranchi under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi. | 1010410.00 | 21000.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 7. | Seepage repair & Renovation of Male & Female Toilet room, Improvement of W/S and Sanitary fittings & Sewerage Work at Near Gate No 01 Old CM House Kanke Road Ranchi. under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1177199.00 | 24000.00 | 2500.00 | 30 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 346188 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D

## इमानदारी से क्षेत्रों में कार्य करने से फाइलेरिया उन्मूलन संभव : अनिल



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो प्रखंड अंतर्गत जरीडीह बाजार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 38 में झामुमो नेता अनिल अग्रवाल ने फाइलेरिया की दवा की खुराक लोगों को खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन ईमानदारी से क्षेत्र में कार्य करने से संभव है। वहीं, बेरमो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर कुमार मनीष ने बताया कि फाइलेरिया से बचने का एकमात्र उपाय दवा का सेवन करना है। एक बार कोई व्यक्ति इस रोग की चपेट में आ जाता है, तो इससे छुटकारा पाना बहुत मुश्किल होता है। फाइलेरिया को आमतौर पर हाथी पांव के नाम से जाना जाता है। यह क्युलेक्स मच्छर के काटने से होता है। यह दूसरी सबसे ज्यादा दिव्यांग एवं कुरूपता करने वाली बीमारी है। इलाज के लिए दी जाने वाली डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की दवा वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाईजेशन द्वारा जांची और परखी हुई है। यह पूरी तरह से लाभकारी है। दवा खाने के बाद कभी-कभी सिर दर्द, उल्टी या बुखार हो जाने पर घबराने की जरूरत नहीं है। वास्तव में जिस व्यक्ति में पहले से फाइलेरिया का संक्रमण रहता है, उनमें यह लक्षण हो सकते हैं। इस मौके पर एमपीडब्ल्यू रंजीत कुमार, पिंकी देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## ढोरी फुटबॉल ग्राउंड में बनाये जा रहे स्टेडियम के काम को ग्रामीणों और रैयतों ने रुकवाया

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** ढोरी ग्राम के आम ग्रामीणों रैयतो ने सीसीएल ढोरी क्षेत्र अंतर्गत ढोरी फुटबॉल ग्राउंड में बनाए जा रहे स्टेडियम के काम को धारा 163 लगाहुआ बताकर रुकवा दिया। कमलेश महतो नामक रैयत ने कहा कि सात जनवरी को तेनुघाट न्यायलय से धारा 163 लगाने का आदेश भी हो गया है। इसके बावजूद उक्त जमीन में स्टेडियम बनवाने का काम चल रहा है। संबंधित संवेदक न्यायलय के आदेश को नहीं मान रहे और जबरन काम करा रहे हैं। इसके पहले उक्त जमीन को स्वंतत्र अमीन से मापी की गयी है। रैयतों ने कहा कि हमलोग स्टेडियम निर्माण के विरोधी नहीं हैं, लेकिन आरआर पॉलिसी के तहत नियोजन और मुआवजा का सीसीएल भुगतान करे, इसके बाद ही स्टेडियम निर्माण की अनुमति दे। आज भी बन रहे स्टेडियम की जमीन का मालगुजारी रसीद हमलोगों के पूर्वजों के नाम पर कट रहा है। इस मौके पर नुनुचंद महतो, महेंद्र महतो, सोनू महतो, मुन्नीलाल महतो, संजय चौधरी, मिथिलेश महतो, सूरजमल महतो, सोनू कुमार, लालू कुमार महतो और अघनु महतो आदि मौजूद थे।

## एसएनएमसीएच अस्पताल में एसएसपी ने किया पुलिस चौकी का उद्घाटन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एसएसपी एचपी जनार्दन ने एसएनएमसीएच अस्पताल में सोमवार को पुलिस चौकी का उद्घायन किया। बतातें चलें कि आए दिन अस्पताल में मरीज के परिजनों द्वारा तोड़फोड़ एवं मारपीट की घटनाओं से परेशान चिकित्सक सुरक्षा की मांग कर रहे थे। इसी को देखते हुए अस्पताल में पुलिस चौकी का शुभारंभ किया गया। एसएसपी एचपी जनार्दन ने कहा कि अस्पताल में मारपीट व हंगामे की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए इस चौकी का उद्घाटन किया गया है। काफी शिकायतें आ रही थी। अस्पताल में डॉक्टरों, मरीजों और कर्मचारियों की सुरक्षा बहुत जरूरी थी, जिसे लेकर यहां 24 घंटे होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि डीसी एवं स्वास्थ्य मंत्री से बात कर यहां होमगार्डों की संख्या बढ़ायी जाएगी। वहीं, अस्पताल के अधीक्षक एसके चौरसिया ने कहा कि पुलिस चौकी खुल जाने से यहां के डॉक्टर-कर्मचारी एवं मरीज खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे। सुरक्षा के लिहाजे से यह प्रशासन का बहुत अच्छा कदम है। हालांकि इतने बड़े अस्पताल में कम से कम 150 होमगार्ड की व्यवस्था होनी चाहिए थी। जबकि महज 20 होमगार्ड की ड्यूटी लगाई गई है। यह सुरक्षा की दृष्टिकोण से काफी कम है। यहां जवानों की संख्या और अधिक बढ़ाई जानी चाहिए।

## सेल जीतपुर कोलियरी में असंगठित मजदूरों का प्रदर्शन

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** सेल कंपनी के जीतपुर कोलियरी के असंगठित मजदूरों ने पीएफ एकाउंट को ऑनलाइन नहीं किए जाने और अन्य समस्याओं को लेकर सोमवार को कोलियरी कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। मजदूरों ने प्रबंधन विरोधी नारे भी लगाए। उन्होंने पत्र कोलियरी के जीएम को देकर अविलंब समाधान करने की मांग की है। मजदूरों का नेतृत्व कर रहे सुरेश सिंह ने कहा कि पिछले एक वर्ष से कोलियरी बंद है। कोलियरी में कोयला उत्पादन को 1500 असंगठित मजदूर कार्य करते थे। पर खदान में जल रिसाव होने के कारण उसे बंद कर दिया गया है। खदान बंद होने से असंगठित मजदूरों की आर्थिक हालात खराब हो गई है। पैसे के अभाव में मजदूरों को बेटियों की शादी करने में परेशानी हो रही है। समय पर बच्चों की पढ़ाई लिखाई और बीमार पड़ने पर इलाज कराने में भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है। कहा कि उसका पीएफ एकाउंट ऑनलाइन नहीं होने से पीएफ की राशि निकालने में दिक्कत हो रही है। बाध्य होकर आंदोलन करना पड़ रहा है। इस मौके पर राजकुमार तिवारी, प्रदीप महतो, दसरथ प्रशाद, अमजद अंसारी और उपेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## एमडीए का उद्घाटन कर लोगों को किया गया जागरूक

**निरसा (आजाद सिपाही)।** फाइलेरिया की रोकथाम एवं लोंगों में जागरूकता के लिए निरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एमडीए शिविर लगाकर दवा दी गयी। शिविर का उद्घाटन निरसा प्रखंड प्रमुख आशा देवी एवं सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी डॉ संजय कुमार ने किया। डॉ संजय कुमार ने बताया कि यह अभियान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से प्रति वर्ष 10 से 25 फरवरी तक चलाया जाता है। यह राष्ट्रव्यापी अभियान है, जिसका मकसद फाइलेरिया रोग को खत्म करना है। इसके लिये लोंगों को मुफ्त दवा दी जाती है। उन्होंने कहा कि साल में एक बार दवा लेने पर पांच साल तक दवा काम करती है। फाइलेरिया को आमतौर पर हांथी पांव भी कहा जाता है। कहा कि यह बीमारी मच्छर काटने से होता है। यह बीमारी शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित करता है। उन्होंने इस रोग से बचाव की भी जानकारियां दी। कहा कि जहां आप रहते हैं उस स्थान को स्वक्ष रखें। नालियों की सफाई पर ध्यान दें। मच्छरदानी लगाएं और दवा का सेवन हर कोई करें।

# 105 केंद्रों पर माध्यमिक और इंटर की परीक्षा आज से

### कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर दंडाधिकारियों और पुलिस को मिला निर्देश

- कदाचार करते पकड़े जाने पर होगा एफआइआर
- सभी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पाबंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



माध्यमिक और इंटर की परीक्षा को लेकर टाउन हॉल में बैठक करती डीसी।

**धनबाद।** जिले के 105 परीक्षा केंद्रों पर मंगलवार से माध्यमिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू हो रही है, जो तीन मार्च तक चलेगी। शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर डीसी सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को न्यू टाउन हॉल में सभी दंडाधिकारियों व पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें कई जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डीसी ने सेंटर सुपरिंटेंडेंट को परीक्षा के दौरान कदाचार करते पकड़े जाने पर परीक्षार्थी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने, परीक्षा केंद्र में पानी, बिजली, पर्याप्त रोशनी, स्वच्छ शौचालय, सीसीटीवी सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने और परीक्षा अवधि में सीसीटीवी से निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी को आपस में समन्वय बनाकर परीक्षार्थियों की अच्छे से जांच करने, उनकी पहचान सुनिश्चित करने, समय पर प्रश्न पत्र केंद्र तक पहुंचाने का निर्देश दिया। वहीं, वरीय एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने अधिकारियों को सतर्क रहकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने, परीक्षार्थी के फोटो युक्त पहचान पत्र के साथ चेहरे का मिलान करने, किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नहीं ले जाने देने, समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने और परीक्षा केंद्र के बाहर लोगों का जमवाड़ा नहीं लगने देने का निर्देश दिया। बतातें चलें कि मंगलवार से शुरू हो रही माध्यमिक परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9.45 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर दो बजे से शाम 5.15 बजे तक होगी। बैठक में डीडीसी सादात अनवर, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, डीएसपी सुमित कुमार, सभी बीडीओ, सीओ व अन्य लोग मौजूद थे।

## रंगदारी-वर्चस्व को लेकर दो गुटों में संघर्ष, हुई दो राउंड फायरिंग

**धनसार (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र हल्दी पट्टी में सोमवार को वर्चस्व व रंगदारी को लेकर दो गुटों मे संघर्ष हो गया। इसस दौरान दो राउंड फायरिंग होने से अफरातफरी मच गयी। इसकी सूचना पाकर धनसार पुलिस मौके पर पहुंच गयी। वहां से कारतूस का एक खोखा बरामद किया है। साथ ही एक पक्ष के आकाश साव को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उधर, दोनों पक्ष एक-दूसरे पर गोली चलाने का आरोप लगा रहे है। जानकारी के अनुसार हल्दी पट्टी मे कुछ लोग हाइवा से कोयला उतारकर बाइक-साइकिल से धनबाद ले जाकर बेचते है। इसमें विकास नामक युवक का वर्चस्व है। वहीं दूसरे गुट के लोग भी यहां अपना वर्चस्व जमाना चाहते है। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। एक पक्ष के आकाश साव की मां सुशीला देवी का आरोप है कि उनके बेटा चांदमारी कांटाघर के पास खड़ा था। तभी वहां ग्वाला पट्टी के विपिन यादव, राजू यादव, सुजीत यादव, कुंदन यादव, सूरज यादव और छोटू ओझा दो बाइक पर सवार होकर पहुंचे और बेटे के साथ मारपीट करने लगे। यह देख उनके मुहल्ले के लोग वहां पहुंच गए। इसके बाद छोटू ओझा अपने तीन साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर उनके घर आया और मुझपर बंदूक तान दी। जब विरोध किया तो उसने हवाई फायरिंग कर दी। जब मुहल्ले के लोग वहां जुट इनलोगों को खदेड़ा तो वे फायरिंग करते हुए भागने लगे। इस दौरान उसका पिस्टल भी गिर गया। जिसे उनके बेटे आकाश ने उठा लिया। वहीं, छोटू ओझा ने धनसार पुलिस को फोन कर बताया कि उस पर झूठे आरोप लगाया जा रहे हैं। उसने कोई गोली नहीं चलाई है। आकाश ने ही पिस्टल चमकाई है। बतातें चलें कि छोटू ओझा पहले भी भी आर्मस एक्ट सहित कई मामलों का आरोपी रह चुका है। कुछ माह पूर्व ही हथियार के साथ धनसार पुलिस ने छोटू ओझा पकड़कर जेल भेजा था।


### कोर्ट नोटिस

ब–अदालत
माननीय प्रधान न्यायाधीश,
कुटुम्ब न्यायालय, राँची
(ओ.एम.) भरण पोषण वाद संख्या– 520 /2024
नीरा कुमारी कुशवाहा पति मनोज कुमार महतो, पिता– श्री राजेन्द्र महतो ग्राम– तिरिल (कोकर) थाना सदर, जिला– रांची। ............आवेदिका

बनाम्

मनोज कुमार महतो पिता स्व. महादेव महतो स्थायी पता–तुपकाडीह पुर्नवास क्षेत्र तांतरी (उत्तरी) पो. तांतरी, थाना–जरीडीह, जिला–बोकारो, झारखण्ड। वर्तमान पता– HEC CURRIE CANCER HOSPITAL ERBA PHARMACY DEPT. (नर्सिंग कॉलेज के सामने) पो.– इरबा, थाना–पिठोरिया, जिला–रांची, झारखण्ड।...............विपक्षी

चुंकि उपरोक्त आवेदिका आपके विरूद्ध भरण–पोषण वाद मेरे न्यायालय में दायर किये है एवं आपको इसकी सुचना पुर्व में ही डाक एवं नजारत के माध्यम से दे दी गई है परन्तु आप अभी तक उपस्थित नहीं हुए।

अतः आपको इस नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि दिनांक 20/02/25 को समय 10:30 A.M. बजे पूर्वाह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा आप की अनुपस्थिति में वाद की एक पक्षीय सुनवाई की जायेगी।
इसे सख्त ताकिद जानें।
यह नोटिस अदालत के मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 06/02/2025 को जारी किया गया ।

आदेशानुसार
प्रधान न्यायाधीश,
कुटुम्बा न्यायालय, रांची


## वरिष्ठ अधिकारी से परेशान कर्मचारी ने ही थी रची साजिश, तीन गिरफ्तार

### तीन अन्य आरोपित अब भी फरार, तलाश में जुटी पुलिस

- बुलेट का लालच देकर करवाया हमला
- आरोपित अमन पर सुदामडीह थाना में ही सात आपराधिक मामले दर्ज, पाठा पर चार व सुजल पर दर्ज है दो मामले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** पाथरडीह रेलवे अधिकारी मो मिन्हाज के साथ गत 12 जनवरी को पाथरडीह सेवन डेज के समीप झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर हुई मारपीट और लूटकांड का सुदामडीह पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पुलिस ने बताया कि रेलवे में चदरा काटने और परेशान करने को लेकर रेलवे कैरेज और वैगन के एक कर्मचारी ने ही अपने अधिकारी पर हमला कराने की सुपारी अपराधियों को दी थी। पुलिस ने कांड में संलिप्त रेलकर्मी कतरास झारकौर निवासी ऋषि मोहन सिंह (40), नुनूडीह काली मंदिर के समीप रहने वाले रोहन विश्वकर्मा (21) और सुजल गुप्ता (23) को गिरफ्तार कर धनबाद जेल भेज दिया है। पकड़े गये रोहन के पास से लूट की मोबाइल और घटना में इस्तेमाल बाइक भी जब्त कर ली गयी है, जबकि अमन रवानी, सूरज पाठा और सनी पासवान फरार हैं।

### यह है मामला

सिंदरी आरएम फोर निवासी पाथरडीह रेलवे के कैरेज व वैगन विभाग में वरीय सेक्शन अभियंता के पद पर कार्यरत मो मिन्हाज 12 जनवरी की देर रात काम समाप्त कर सिंदरी अपने आवास लौट रहे थे। तभी पाथरडीह सेवन डेज के समीप अज्ञात चार हमलावरों ने अचानक बाइक रोक कर उन पर हमला कर दिया। मारपीट कर उनका मोबाइल, पर्स, बाइक की चाबी और एक हजार रुपए लूट लिये। इसके बाद सुदामडीह पुलिस ने 15 जनवरी को अज्ञात पर लूट का मामला दर्ज किया था। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सिंदरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस ने अपनी तकनीकी सेल की मदद से लूटे गए मोबाइल का सीडीआर निकाला। इसके बाद हजारीबाग मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के डूमर में छापामारी की। पुलिस ने वहां से रोहन विश्वकर्मा के भाई के पास से मोबाइल फोन को जब्त किया। इसके बाद पुलिस ने नुनूडीह से रोहन और सुजल गुप्ता को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की। जहां दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।

### चदरा काटने को लेकर हुआ था विवाद

आरोपियों ने बताया कि पाथरडीह शेड में कैरेज और वैगन में कार्यरत रेलवे कर्मी ऋषि मोहन का उनके अधिकारी मो मिन्हाज के साथ वारदात से पहले चदरा काटने को लेकर विवाद हुआ था। ऋषि ने मिन्हाज से बदला लेने के लिए मोहन बाजार के कई आपराधिक मामलों के सजायाफ्ता अमन रवानी से संपर्क किया। ऋषि ने अमन को रेल अधिकारी मिन्हाज के साथ मारपीट करने पर बुलेट देने की सुपारी दी। जिसके बाद अमन ने अपने दोस्त रोहन, सुजल, परघाबाद बस्ती के सूरज महतो उर्फ पाठा और सनी पासवान के साथ 12 जनवरी की देर रात रेल अधिकारी पर हमला कर घायल कर लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान छापामारी में सुदामडीह थाना प्रभारी सूरज कुमार रजक, पुअनि मो अफरोज, पुअनि जगमोहन बानरा, सअनि उमेश लाल राय आदि शामिल थे। दूसरी ओर, जोरापोखर अंचल पुलिस निरीक्षक पंकज भूषण ने कहा कि रेलकर्मी ने ही रेल अधिकारी के साथ मारपीट की सुपारी दी थी। पुलिस ने कांड में संलिप्त रेलकर्मी और दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य फरार तीन अपराधी भी जल्द पुलिस गिरफ्त में होंगे। पुलिस की मानें तो लूटकांड में शामिल तीनों बदमाशों का सुदामडीह थाना में ही कई गंभीर मामले दर्ज हैं। तीनों पहले भी जेल जा चुके हैं। अमन रवानी पर सुदामडीह थाना में सात आपराधिक मामला दर्ज है। सूरज महतो उर्फ पाठा पर चार व सुजल गुप्ता पर दो मामले दर्ज है।

## जमीन के बदले नियोजन-पुनर्वास को लेकर वार्ता

**झरिया (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला क्षेत्र के अग्नि प्रभावित रजवार बस्ती के रैयतों को जमीन के बदले नियोजन व पुनार्वास की मांग पर सोमवार को बस्ताकोला क्षेत्रिय कार्यालय मे ग्रामीणों एव प्रबंधन के बीच वार्ता हुई। ग्रामीणों की ओर से जमसं बच्चा गुट के महासचिव अभिषेक सिंह गुड्डू शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के घर से गैस रिसाव हो रहा है। पुनार्वास के लिए कई ग्रामीणों का नाम सर्वे में छूट गया है जिसे प्रबंधन सर्वे सूची में शामिल करे। प्रबंधन जानबूझकर विवाद पैदा करना चाह रहा है।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद के तहत् **ई–अतिअल्पकालीन् पुनर्निविदा संख्या– 22/2024-25/RWD/CHATRA**, दिनांक– 05.10.2024 (**ID. No.-RWD/CHATRA/134/2024-25 शनीचरी बजार से देवी मण्डप होते हुए गिदधा सिमाना तक PCC पथ निर्माण**), जिसका **P.R. No. 338207 Rural Work Department(24–24).D** है, के अपलोड किये गये निविदा में Work Item Documents के Tender Documents में भूलवश Double Bid Document की जगह NIT अपलोड हो गया है। अतः Double Bid Document अपलोड किया जा रहा है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

PR 346212 Rural Work Department(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

### NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT
P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under School Education & Literacy Deptt. Govt of Jharkhand)

**NOTICE INVITING TENDER**
**Enquiry No- 43 Dated- 08-02-2025**

Sealed tenders are invited from Netarhat Residential School, Netarhat from Manufacturers/ Companies/OEMs/Authorized Distributors/ Dealers and Reputed firms having relevant experience under two bid system i.e. Technical Bid & Financial Bid for Supply & Installation of 25 Set Desktop Computer, 01 Set 10 KVA Online UPS & 01 Set Laser MFM (A4 Size) for Netarhat Residential School situated at Netarhat, District- Latehar.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Supply & Installation of 25 Set Desktop Computer, 01 Set 10 KVA Online UPS & 01 Set Laser MFM (A4 Size)for at Netarhat Residential School at Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand |
| 2. | Scope of Work | Supply & Installation of 25 Set Desktop Computer, 01 Set 10 KVA Online UPS & 01 Set Laser MFM (A4 Size)for at Netarhat Residential School at Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand |
| 3. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O - Netarhat, District- Latehar |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 10.02.2025 at 1 P.M. |
| 5. | Last Date and Time for receipt of Bids | 04.03.2025 at 11.30 A.M |
| 6. | Date of Opening of the Tender | 04.03.2025 at 03.50 P.M (Technical Bid) 05.03.2025 at 03.50P.M (Financial bid will be opened only those firms who are found eligible in technical bids) |
| 7. | Contact Persons with Details | Principal<br>Official Contact No-6201750198<br>Email id- principal.netarhat@gmail.com |

**Complete details can be seen on our school's website**
www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
Netarhat

PR 346143 (Human Resource Developement) 24-25 (D)

### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा
(जिला ग्रामीण विकास शाखा)

**अतिआवश्यक सूचना**

"अबुआ आवास योजना" अन्तर्गत आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने तथा आवास निर्माण के लिए लाभुक को ससमय किस्त की राशि भुगतान करने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के निमित ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा "Beneficiary Level Geo Tag App" तैयार किया गया है।

"Beneficiary Level Geo Tag App" के माध्यम से आवास निर्माण की प्रगति के अनुसार लाभुक स्वयं अपने निर्माणाधीन आवास का Geo Tag कर सकेंगे । इस App को गूगल Play Store अथवा अबुआ आवास योजना के पोर्टल से Download किया जा सकता है । डाउनलोड के पश्चात मोबाईल में इसे Install करने के क्रम में लाभुक के माबाईल में OTP प्राप्त होगा। इसके लिए सभी लाभुकों को माबाईल नम्बर प्रखण्ड लॉगिन में अपडेट करना अनिवार्य होगा ।

उप विकास आयुक्त, चतरा ।

PR.NO.346173 Rural Development(24-25):D

### कार्यालय : जिला परिषद, चतरा
(Phone: 06541.222288, E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**–बंदोबस्ती हेतु आम सूचना–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला परिषद क्षेत्रान्तर्गत कार्यालय परिसर में डाकबंगला एवं सभाकक्ष 16 कमरा एवं उपस्कर सहित Builtup Area-5254.50 sft) का आवंटन खुला डाक के माध्यम से तीन वर्षो के लिए किया जाना है। बन्दोवस्ती डाकवक्ता के द्वारा बोली गई अधिकतम डाक की राशि पर आवंटित किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 13.02.2025 से 20.02.2025 तक "चतरा जिला परिषद कार्यालय" के एक खिड़की से फार्म 10000/–(दस हजार रू0) की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के नाम से भुगतेय हो जमा कर फार्म प्राप्त कर सकता है। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 21.02.2025 को (कार्यालय कार्य अवधि) है। इसके पश्चात् आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। यह राशि किसी भी परिस्थिति में लौटाया नही जायेगा। डाकबोली हेतु समर्पित आवेदन के समीक्षोपरान्त दिनांक 24.02.2025 को 02.00 बजे अपराहन डाकबोली "जिला परिषद सभाकक्ष" में प्रारम्भ की जायेगी।

| भवन का नाम एवं विशिष्टियां | न्यूनतम डाक की राशि (एक वर्ष के लिए) | जमानत की राशि (तीन वर्षो के लिए) |
|---|---|---|
| कार्यालय परिसर में डाकबंगला एवं सभाकक्ष 30 कमरा एवं उपस्कर सहित कुल कमरो की संख्या– 16 (Attach with Bathroom) हॉल की संख्या –01 किचन की संख्या –01 संख्या स्टोर रूम की संख्या –01 (उक्त डाकबंगला पूर्ण रूपेण सुसज्जीकृत है। | 12 लाख | 3 लाख साठ हजार |

1. बन्दोबस्ती प्रक्रिया खुली डाक के माध्यम से अपनाई जायेगी।
2. डाक बोली में उसी डाकवक्ता को भाग लेने की अनुमति दी जायेगी, जो वांछित कागजात (Technical Bid) की अहर्ता रखता हो।
3. आधुनिक डाकबंगला की बन्दोबस्ती की न्यूनतम डाक की राशि मो0 1200000 (बारह लाख रू0) प्रति वर्ष, तीन वर्ष के लिए–3600000 ( छत्तीस लाख रू0) के लिए निर्धारित की गयी है। उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST अतिरिक्त भुगतान करना होगा।
4. सुरक्षित/जमानत की राशि मो0 360000/– ( तीन लाख साठ हजार रू0) बैंक ड्राफ्ट द्वारा "उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से जिला परिषद,चतरा कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्ताओं की जमानत की राशि सफल डाकबक्ता के साथ एकरारनामा के तुरन्त बाद वापस कर दी जायेगी।
5. सफल डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि का 50%जमानत राशि के रूप में एवं 50% राशि भवन संचालन के लिए छः माह का अग्रिम एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा।
6. जिला परिषद में किसी भी प्रकार का बकाया रखने वाले व्यक्ति/फर्म बन्दोबस्ती हेतु डाक में भाग नही लेगे।
7. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
8. अन्य डाक की नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट एवं WWW.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है, जो इस सूचना का एक अभिन्न अंग होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद चतरा

PR.NO.346209 District(24-25):D

## केजरीवाल ने सभी विधायकों को दिल्ली बुलाया

# पंजाब कांग्रेस का दावा, आप के 30 विधायक हमारे संपर्क में

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंडीगढ़।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद पंजाब में भी उथल-पुथल शुरू हो गयी है। पंजाब कांग्रेस के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने दावा है कि आम आदमी पार्टी (आप) के 30 विधायक उनके संपर्क में हैं। इसी बीच आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के विधायकों को दिल्ली बुलाया है। वे मंगलवार 11 फरवरी सुबह 11 बजे कपूरथला भवन में सभी विधायकों से मिलेंगे। सीएम भगवंत मान और सभी मंत्री भी मौजूद रहेंगे। माना जा रहा है कि इसी वजह से पंजाब सरकार की 10 फरवरी को होने वाली कैबिनेट मीटिंग भी टाल दी गयी। पंजाब में 2022 में सभी 117 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव हुए थे, इसमें आप ने 92, कांग्रेस 18, भाजपा 2, शिरोमणि अकाली दल 3 और बसपा 1 सीट जीती थी। पंजाब में बहुमत का आंकड़ा 59 का है। ऐसे में अगर 30 विधायक पार्टी छोड़ भी देते हैं तो भी (आप) के पास 62 विधायक रहेंगे और सरकार को कोई खतरा नहीं होगा। हालांकि, (आप) के प्रवक्ता नील गर्ग का कहना है कि दिल्ली में पार्टी की रूटीन मीटिंग होने जा रही है। यह पार्टी ने तय करना है कि मीटिंग चंडीगढ़ में करनी है या दिल्ली में। कांग्रेस सांसद गांधी बोले-पंजाब (आप) विधायक बीजेपी-कांग्रेस, कहीं भी जा सकते हैं। पटियाला से कांग्रेस सांसद डॉ धर्मवीर गांधी ने कहा कि (आप) की केंद्रीय लीडरशिप को लेकर पंजाब के विधायकों के अंदर आक्रोश है। यह लोग पंजाब संसाधनों और स्रोतों पर कब्जा कर रहे हैं। राज्यसभा में इन्होंने पंजाब से बाहर के लोगों को भेजा। ये बहुत से तरीके से शोषण कर रहे हैं। यह मौकापरस्त लोग हैं। सिद्धांतवादी लोग पहले ही पार्टी छोड़ गये थे। इनके विधायक बीजेपी और कांग्रेस में कहीं भी जा सकते हैं। इनका पंजाब में कोई अस्तित्व नहीं बचा है। 2027 के विधानसभा चुनाव में यह सत्ता से बाहर होंगे।

# एनटीपीसी पावर प्लांट के खिलाफ धारणा प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सुंदरगढ़ एनटीपीसी पावर प्लांट के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन। सुंदरगढ़ दलीपाली एनटीपीसी पावर प्लांट और आसपंड को स्थानीय निवासियों ने बंद कर दिया है। वे विस्थापन की मांग को लेकर कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। बरोवगा और आलुपड़ा के निवासियों ने आज प्लांट और आसपंड का परिवहन पूरी तरह से बंद कर दिया है, क्योंकि प्रशासन और सरकार ने उनकी मांगों को नहीं सुना है। आंदोलन के चलते मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

## ट्रेन के शौचालय से युवक का शव बरामद

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। संबलपुर ट्रेन के शौचालय से शव बरामद। नांदेड़ संबलपुर नागाबलि एक्सप्रेस के टॉयलेट में एक युवक का शव मिला। ट्रेन कल रात करीब 10 बजे वाशिंग लाइन पर पहुंची। सुबह करीब चार बजे ट्रेन की सफाई करते समय कर्मचारियों ने ट्रेन के सामान्य डिब्बे के शौचालय में एक शव पड़ा देख आरपीएफ को सूचना दी। आरपीएफ ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चलेगा।**

# मैच के दौरान बिजली हुई बंद दस दिनों में रिर्पोट देने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कटक बारबाटी स्टेडियम में मैच के दौरान फ्लड लाइट्स बंद होने की मामला। ओसीए को खेल और युवा सेवा द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। रविवार को बारबाटी स्टेडियम में एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान फ्लडलाइट की समस्या हो गयी थी। ओसीए का पुराने पवेलियन के पास फ्लडलाइट बंद होने के कारण खेल बाधित हुआ। 30 मिनिट के बाद लाइट आने से खेल फिर शुरू हुआ। खेल विभाग ने ओड़िशा क्रिकेट एसोसिएशन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मैच के दौरान लाइटें क्यों बंद हो गयी? 30 मिनट तक क्यों रोका गया खेल? खेल विभाग की ओर से उनका जवाब विस्तार से रखने का निर्देश जारी किया गया है। 10 दिनों के अंदर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। इसमें व्यक्ति या संस्था की गलती पहचानने को भी कहा गया है। भविष्य में ऐसी स्थिति न हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाने के आदेश हैं। इस संबंध में खेल मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने कहा कि इस घटना से ओड़िशा के खेल प्रेमियों को ठेस पहुंची है। उन्होंने दोबारा जांच की और लाइन को स्ट्रीम करने का प्रयास किया, लेकिन कौन सी कमिटी का दायित्व थी, बैक-अप जनरेटर क्यों काम नहीं कर रहा था, इसकी जांच की जायेगी। इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।




# राष्ट्रीय महिला आयोग करेगी आज जन सुनवाई का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय महिला आयोग प्रत्येक महिला के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके विषयों को जमीनी स्तर पर संबोधित करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, आयोग राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार नामक एक जन सुनवाई का आयोजन कर रही है। इस जन सुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित लंबित मामलों का समाधान करना और यथासंभव सभी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करना है। यह जन सुनवाई 11 फरवरी, 2025 को दोपहर 02:00 बजे ओड़िशा के एकमारा हॉल, भुवनेश्वर नगर निगम, भुवनेश्वर, ओड़िशा में आयोजित की जायेगी, जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर उपस्थित रहेंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग नेआयोजित इस जन सुनवाई में जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारिगण भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे, जिससे महिलाओं से संबंधित मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। राष्ट्रीय महिला आयोग भुवनेश्वर और आसपास के सभी शहरों की महिलाओं से यह आग्रह करता है कि यदि वे किसी भी प्रकार की समस्या से पीड़ित हैं तो इस जन सुनवाई में भाग लेकर अपनी समस्या आयोग तक पहुचाएं। आयोग आपकी प्रत्येक समस्या के समाधान को खोजने के लिए प्रयासरत रहेगा। सुनवाई में भाग लेने से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए गुंजन सिंह (7011972862) से संपर्क किया जा सकता है।

# प्रख्यात न्यूरो सर्जन डॉ संजय कुमार एएनइआइ संगठन के अध्यक्ष चुने गये

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के प्रख्यात न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ संजय कुमार को पूर्वी भारत के न्यूरो साइंन्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया है। इससे पहले डॉ संजय इस एसोसिएशन में लंबे समय तक सचिव के पद पर अपना योगदान दे चुके हैं। वर्तमान में डॉ संजय झारखंड न्यूरोसाइंसेस सोसाइटी के सचिव के साथ-साथ झारखंड पीएच दी चैंबर ऑफ कॉमर्स ऑफ इंडिया के अध्यक्ष भी हैं। डॉ संजय कुमार ने न सिर्फ झारखंड में बल्कि पूर्वी भारत में न्यूरोसाइंसस को नये आयाम दिये हैं। डॉ संजय कुमार का माइक्रो न्यूरोसर्जरी और मिनिमल इनवैसिव स्पाइनल सर्जरी में 30 साल से ज्यादा का अनुभव रहा है। न्यूरोसाइंस के क्षेत्र में 2001 में एक मिशन के तहत डॉ संजय कुमार ने न्यूरोसर्जिकल सेंटर की शुरुआत की। अपॉलो हॉस्पिटल से जुड़कर झारखंड में पहली बार समर्पित तौर पर न्यूरोसर्जरी विभाग की शुरुआत की। डॉ संजय कुमार वर्तमान मे क्युरेस्टा हेल्थ के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं और साथ ही कई बड़े संस्थानों में न्यूरो एवं स्पाइन विभाग की शुरुआत भी कर चुके हैं।

अध्यक्ष चुने जाने के बाद डॉ संजय कुमार ने कहा कि यह उनके लिए एक चुनौती है, क्योंकि न्यूरोसाइंस के क्षेत्र में अभी काफी कुछ करना बाकी है। उन्होंने कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि झारखंड के साथ-साथ पूर्वी भारत के सभी राज्यों मे न्यूरोसाइंस को एक नये आयाम तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि एक रोड मैप के तहत झारखंड सरकार के सहयोग से सड़क सुरक्षा पर काम की शुरुआत करना चाहेंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं मे हो रहे लोगों की मौत और चोट को कम किया जा सके। इसके साथ ही राज्य के हर जिले मे ट्रामा सेंटर के स्थापना की मांग झारखंड सरकार के सामने रखेंगे। हार्ट अटैक की तरह आजकल ब्रेन स्ट्रोक के मामले भी काफी तेजी से बढ़ रहें हैं। उनका प्रयास होगा कि सरकार की मदद से ब्रेन स्ट्रोक से बचने के उपाय के साथ सही उपचार के बारे में लोगों को जागरूक किया जा सके। साथ ही मिर्गी और ब्रेन से जुड़ी गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु काम करेंगे, ताकि झारखंड और अन्य राज्यों के जरुरतमंद लोगों तक समुचित इलाज उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया जा सके।




# गुजरात में जीरा सोडा पीने से तीन की मौत, पुलिस कर रही है जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**खेड़ा।** गुजरात में एक दुखद घटना में कथित तौर पर खतरनाक पेय पीने से तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। तीनों मौतों की जांच पर एसपी राजेश गढ़िया ने एएनआइ को बताया कि हमें तीन लोगों की संदिग्ध मौत की सूचना मिली और हम तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया और तुरंत जांच शुरू कर दी गयी। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि पीड़ितों ने जीरा सोडा पीया था। एसपी ने आगे बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया और रिपोर्ट तुरंत फोरेंसिक को भेज दी गयी। इस बात की जांच की जा रही है कि मेथनॉल के अलावा और किस चीज ने पीड़ितों को जहर दिया। पुलिस अधिकारी ने आगे बताया कि हमारा मुख्य ध्यान इस बात पर है कि पेय पदार्थ में कौन सा रसायन था, इसे कहां से लाया गया था और मौत का अंतिम कारण क्या है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सीबीआइ ने तिरुपति लड्डू मिलावट मामले में चार लोगों को किया गिरफ्तार

**अमरावती (आजाद सिपाही)।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने तिरुमाला श्रीवारी लड्डू में इस्तेमाल किये गये घी में मिलावट के संबंध में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई करते हुए सीबीआइ ने मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया। गिरफ्तार किये गये लोग तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को घी की आपूर्ति करने वाले संगठनों से जुड़े हैं, जिनमें तमिलनाडु की एआर डेयरी, उत्तर प्रदेश की पराग डेयरी, प्रीमियर एग्री फूड्स और अल्फा मिल्क फूड्स शामिल हैं, जैसा कि टीडीपी ने कहा है। टीडीपी ने कहा कि गिरफ्तार किये गये लोगों में भोले बाबा डेयरी (रुड़की, उत्तराखंड) के पूर्व निदेशक बिपिन जैन और पोमिल जैन, वैष्णवी डेयरी (पूनमबक्कम) के सीइओ अपूर्व विनय कांत चावड़ा और एआर डेयरी (डंडीगल) के एमडी राजू राजशेखरन शामिल हैं। जांच में परेशान करने वाले आरोप सामने आए हैं कि घी में जानवरों के अवशेष पाये गये थे, जिससे भक्तों में आक्रोश फैल गया। टीडीपी कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार, जांच का नेतृत्व सीबीआइ हैदराबाद डिवीजन के संयुक्त निदेशक वीरेश प्रभु कर रहे हैं, जिसमें विशाखा सीबीआइ एसपी मुरलीरामबा, डीआइजी गोपीनाथ जेटी, आइजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी और एफएसएसएआइ अधिकारी सत्यकुमार पांडा का सहयोग है। टीडीपी ने कहा कि जांच की निगरानी के लिए संयुक्त निदेशक वीरेश प्रभु को तिरुपति में तैनात किया गया है।

# नालको के वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के नतीजे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** खान मंत्रालय, भारत सरकार के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के नवरत्न उपक्रम और एल्यूमिना और एल्यूमिनियम के देश के अग्रणी निमार्ता और निर्यातक नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) ने दिसंबर 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही के लिए शुद्ध लाभ में तीनगुना वृद्धि दर्ज की है। कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 488 करोड़ की तुलना में 1,583करोड़ रहा। भुवनेश्वर में आयोजित बोर्ड की बैठक में रिकॉर्ड पर लिये गये वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के समीक्षा किये गये वित्तीय परिणामों के अनुसार, नालको ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कुल 4,761 करोड़ की आय दर्ज की है, जबकि वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में यह 3398 करोड़ था। दिसंबर 2024 को समाप्त 9 महीनों के लिए शुद्ध लाभ और परिचालन से राजस्व क्रमशः 3,246करोड़ और 11,520 करोड़ है, जबकि पिछले वित्त वर्ष के संगत आंकड़े 1044 करोड़ और 9,570करोड़ थे, जिससे शुद्ध लाभ में 211 % और कुल आय में 20 % की वृद्धि दर्ज की गयी। नालको के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कर्मचारियों को सफलता का श्रेय देते हुए कहा कि दक्षताप्रक्रिया में सुधार, इनपुट लागत में कमी और उत्पाद की गुणवत्ता में वृद्धि कंपनी की सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं। मौजूदा तिमाही का प्रदर्शन मुख्य रूप से एल्यूमिना का उच्च बिक्री मात्रा, कच्चे माल की लागत में कमी, एल्यूमिना और धातु में बेहतर बिक्री प्राप्ति और ग्रहीत कोयला का प्रयोग के कारण हैं। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि अब कंपनी का जोरपरिशोधक के 5वें स्ट्रीम विस्तार, पोट्टांगी खान के संचालन, प्रद्रावक संयंत्र के ब्राउनफील्ड विस्तार और नियोजित ग्रहीत विद्युत संयंत्र विस्तार सहित विस्तार गतिविधियों को शीघ्र पूरा करने पर है।





# एनटीपीसी बोंगाइगांव ने मणिपुर में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्वोत्तर में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में, एनटीपीसी बोंगाईगांव ने खारसोम, उखरूल, मणिपुर में एक स्कूल भवन, शिक्षकों के क्वार्टर और लड़कों के छात्रावास के विस्तार के लिए पूर्व सीमा विकास प्रतिष्ठान (पीएसवीपी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किये। एमओए पर इआर के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक अरिंदम सिन्हा और एनटीपीसी बोंगाईगांव के परियोजना प्रमुख अर्नब मैत्रा की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये। समझौते को एनटीपीसी बोंगाईगांव के एजीएम (एचआर) ओंकार नाथ और पीएसवीपी के सचिव और प्रतिनिधि जयवंत कोंडविलकर के बीच औपचारिक रूप दिया गया, जिसमें चेतन कुलकर्णी भी संगठन का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। कार्यक्रम में देबब्रत कर जीएम (ओ एंड एम), आशुतोष विश्वास जीएम (ऑपरेशन), डॉ दीपायन पॉल सीएमओ एनटीपीसी बोंगाईगांव, परेश माथुर एजीएम (टीएस) और सीएसआर विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। एनटीपीसी बोंगाईगांव ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत, शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और क्षेत्र में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए, मणिपुर के सबसे दूरदराज के जिलों में से एक, खारसोम, उखरुल में एक महत्वपूर्ण परियोजना शुरू की है। पूर्व सीमा विकास प्रतिष्ठान (पीएसवीपी) के साथ साझेदारी में, यह पहल स्कूल भवन के विस्तार, शिक्षकों के क्वार्टर के निर्माण और लड़कों के छात्रावास के नवीनीकरण पर केंद्रित है। उखरुल में चुनौतीपूर्ण इलाके और सीमित शैक्षणिक सुविधाओं को देखते हुए, यह परियोजना उन छात्रों के लिए सीखने के माहौल को बदलने के लिए तैयार है, जिन्हें अन्यथा औपचारिक शिक्षा तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

3.4 करोड़ की वित्तीय प्रतिबद्धता के साथ, इस परियोजना का लक्ष्य स्कूल के बुनियादी ढांचे में सुधार और छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए उचित आवासीय सुविधाएं सुनिश्चित करके इस दूरदराज के क्षेत्र में शैक्षिक अंतर को पाटना है। कक्षाओं के विस्तार से अधिक छात्रों को समायोजित किया जा सकेगा, जिससे स्कूल छोड़ने की दर में कमी आयेगी, जबकि शिक्षकों के क्वार्टरों के निर्माण से गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों को आकर्षित करने और बनाये रखने में मदद मिलेगी, जो इस क्षेत्र में एक बड़ी चुनौती है। भारत के सबसे दूरदराज के जिलों में से एक में बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करके, एनटीपीसी की पहल सिर्फ कक्षाओं और छात्रावासों के निर्माण के बारे में नहीं है, यह शिक्षा के माध्यम से पूरे समुदाय को सशक्त बनाने के बारे में है। यह परियोजना समावेशी विकास के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, यह सुनिश्चित करती है कि भौगोलिक या आर्थिक बाधाओं के कारण कोई भी बच्चा पीछे न छूटे। इस पहल के माध्यम से, एनटीपीसी भारत के सुदूर क्षेत्रों में शिक्षा और सतत सामुदायिक विकास को बढ़ावा देकर राष्ट्र निर्माण के अपने दृष्टिकोण को कायम रखे हुए है।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**